जुलाई-सितंबर 2018
ISSN : 2320-7736

सत्यमेव जयते

विज्ञान गरिमा सिंधु

अंक–106

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

इंजीनियरी विशेषांक

Digital India
Power To Empower







वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) भारत सरकार
Commission for Scientific and Technical Terminology
Ministry of Human Resource Development
(Department of Higher Education)
Government of India

ISSN: 2320-7736

विज्ञान गरिमा सिंधु

(त्रैमासिक विज्ञान पत्रिका)

इंजीनियरी विशेषांक

(ई-बुक संस्करण सहित)

अंक-106

(जुलाई-सितम्बर,2018)

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(उच्चतर शिक्षा विभाग)

भारत सरकार

'विज्ञान गरिमा सिंधु' परिचय एवं निर्देश

'विज्ञान गरिमा सिंधु' एक त्रैमासिक विज्ञान पत्रिका है। पत्रिका का उद्देश्य है- हिंदी माध्यम से विश्वविद्यालयी शिक्षकों, इंजीनियरों, वैज्ञानिकों एवमं शोध छात्रों के लिए विज्ञान एवमं तकनीकी संबंधी उपयोगी एवं अद्यतन पाठ्य पुस्तकीय तथा संपूरक साहित्य की प्रस्तुति। इसमें वैज्ञानिक लेख, शोध-लेख, तकनीकी निबंध, शब्द-संग्रह, शब्दावली-चर्चा, विज्ञान-कथाएँ, विज्ञान-समाचार, पुस्तक-समीक्षा आदि का समावेश होता है।

लेखकों के लिए निर्देश :

1. लेख की सामग्री मौलिक, अप्रकाशित तथा प्रामाणिक होनी चाहिए।
2. लेख का विषय मूलभूत विज्ञान, अनुप्रयुक्त विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित होना चाहिए।
3. लेख सरल हो जिसे विद्यालय/ महाविद्यालय के छात्र आसानी से समझ सकें।
4. लेख लगभग 2000 से 3000 शब्दों का हो। कृपया टाइप किया हुआ या कागज के एक ओर स्पष्ट हस्तलिखित लेख भेजें जिसके दोनों तरफ हाशिया भी छोड़ें।
5. प्रकाशन हेतु भेजे गए लेख के साथ उसका सार भी हिंदी में अवश्य भेजें। लेख में आयोग द्वारा निर्मित शब्दावली का प्रयोग करें तथा प्रयुक्त तकनीकी/वैज्ञानिक हिंदी शब्द का मूल अंग्रेजी पर्याय भी आवश्यकतानुसार कोष्ठक में दें।
6. श्वेत-श्याम या रंगीन फोटोग्राफ स्वीकार्य हैं।
7. लेख प्रकाशन के संबंध में संपादक का निर्णय ही अंतिम होगा।
8. लेखों की स्वीकृति के संबंध में पत्र-व्यवहार का कोई प्रावधान नहीं है। अस्वीकृत लेख वापस नहीं भेजे जाएंगे। अतः लेखक कृपया टिकट.लगा लिफाफा साथ न भेजें।
9. प्रकाशित लेखों के लिए मानदेय की दर 2500/- रुपए प्रति हजार शब्द है, तथा भुगतान लेख के प्रकाशन के बाद ही किया जाएगा।
10. कृपया लेख की दो प्रतियां निम्न पते पर भेजे :-

    संपादक, विज्ञान गरिमा सिंधु
    वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग,
    मानव संसाधन विकास मंत्रालय,भारत सरकार,
    पश्चिमी खंड-7,रामकृष्णपुरम्, सेक्टर-1,
    नई दिल्ली- 110066
    दूरभाष- (011) 26105211
    फैक्स - (011) 26102882

11. अपने लेख E-mail द्वारा तथा CD में भी (फॉन्ट के साथ) भेज सकते है।
    E-mail: (1) **jaisingh.cstt@gmail.com** (2) **jaisinghrawat.2008@gmail.com**
12. समीक्षा हेतु कृपया पुस्तक/पत्रिका की दो प्रतियां भेजें।

सदस्यता शुल्क :

सदस्यता अवधि	सदस्यता का प्रकार	
	सामान्य ग्राहकों/संस्थाओं के लिए	विद्यार्थियों के लिए
प्रति अंक	रू. 14.00	रू. 8.00
1 वर्ष	रू. 50.00	रू. 30.00
5 वर्ष	रू. 250.00	रू. 150.00
10 वर्ष	रू. 500.00	रू. 300.00
15 वर्ष	रू. 750.00	रू. 450.00
20 वर्ष	रू. 1000.00	रू. 600.00

कापीराइट ©2018

ई-संस्करण

वेबसाइट : www.cstt.mhrd.gov.in
www.csttpublication.mhrd.gov.in

बिक्री हेतु पत्र-व्यवहार का पता :
सहायक निदेशक, बिक्री एकक
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार,
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम्, सेक्टर-1,
नई दिल्ली- 110066
दूरभाष- (011) 26105211, फैक्स - (011) 26102882

बिक्री स्थान :
प्रकाशन नियंत्रक, प्रकाशन विभाग
भारत सरकार, सिविल लाइन्स,
दिल्ली-110054

प्रकाशक :
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,भारत सरकार,
पश्चिमी खंड-7, रामकष्णपुरम्,
नई दिल्ली -110066

अध्यक्ष की कलम से

वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक, तकनीकी एवं अन्य संबद्ध क्षेत्रों में तैयार की गई शब्दावली के समुचित उपयोग सुनिश्चित करने तथा उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोग "विज्ञान गरिमा सिंधु" का प्रकाशन करता है। आयोग द्वारा पत्रिका के समय-समय पर कुछ विशेष विषयों पर विशेषांकों का प्रकाशन किया है। इसी शृंखला में "इंजीनियरी विशेषांक" अपने पाठकों व लेखकों को सौंपते हुए मुझे अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है। एक ही विषय पर विविध प्रकार की जानकारी प्रस्तुत करने से पाठकों को संबंधित क्षेत्रों में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों एवं शोध-कार्यों की अद्यतन सूचनाएँ एक ही स्थान पर उनकी भाषा में उपलब्ध हो जाती हैं।

"विज्ञान गरिमा सिंधु" का जुलाई - सितम्बर, 2018 का अंक-106 विशेष रूप से इंजीनियरी तथा अन्य संबद्ध वैज्ञानिक क्षेत्रों से जुड़े विषयों पर केंद्रित किया जा रहा है। पत्र-पत्रिकाएँ न केवल संस्था विशेष के ज्ञान के वैशिष्ट्य की परिचायक होती हैं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग क्षेत्रों में हो रहे महत्वपूर्ण अनुसंधानों व शोध कार्यों का एक समेकित व जनोपयोगी सार्थक मंच भी हैं। यद्यपि अन्य वैज्ञानिक पत्रिकाओं के समानांतर ही "विज्ञान गरिमा सिंधु" का उद्देश्य भी मूल रूप से हिंदी में वैज्ञानिक लेखन को प्रचारित-प्रसारित करना है, जिसका कार्यान्वयन व अनुपालन पत्रिका अपने प्रत्येक अंक में करती ही रही है। पत्रिका का यह अंक कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण व संग्रहणीय है। पत्रिका के अनुकूल विद्वान लेखकों ने अपनी रचनाएँ आयोग को उपलब्ध करवाई, जिनका मूल्यांकन विषय-विशेषज्ञ एवं भाषा-विशेषज्ञ से करवा कर उन रचनाओं को अधिक से अधिक प्रामाणिक में रुचिकर बनाने की कोशिश की गई।

इस विशेषांक की सामग्री के साथ-साथ पाठकों के ज्ञानवर्धन-हेतु इंजीनियरी विषय की महत्वपूर्ण व उपयोगी मूलभूत शब्दावली को भी संलग्न किया गया है, ताकि पाठक व लेखक भविष्य में अपने द्वारा किए जा रहे वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेखन में मानक शब्दावली का प्रयोग कर राष्ट्रीय स्तर पर शब्द-पर्यायों की एकरूपता सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान कर सकें।

मैं इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और तकनीकी, वैज्ञानिक एवं अन्य संस्थाओं के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों से अपेक्षा करता हूँ, कि वे अधिक से अधिक आयोग के विशेषज्ञ विद्वानों के सहयोग से तैयार की गई प्रामाणिक व मानक शब्दावली का प्रयोग कर अपना सार्थक सहयोग प्रदान करें।

"विज्ञान गरिमा सिंधु" पत्रिका के प्रस्तुत विशेषांक के संपादन के लिए विद्वान सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा है, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूँ। विषय-विशेषज्ञों एवं भाषा विशेषज्ञ के सहयोग के लिए भी उनके प्रति आभार निवेदित करता हूँ। अंत में "विज्ञान गरिमा सिंधु" के इस इंजीनियरी विशेषांक के लिए आयोग के अधिकारी श्री शिव कुमार चौधरी (सहायक निदेशक) एवं श्री जयसिंह रावत (सहायक वैज्ञानिक अधिकारी) के प्रति धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

(प्रोफेसर अवनीश कुमार)
अध्यक्ष

संपादकीय

विज्ञान गरिमा सिंधु के 106 वें अंक (इंजीनियरी विशेषांक) को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है। प्रस्तुत अंक इंजीनियरी विशेषांक के रूप में सामने आया है। इस पत्रिका में विभिन्न तकनीकी लेखों शोध-पत्रों को सम्मिलित कर विशेषांक संपादित करने का यह अभिनव प्रयास है।

अध्यक्ष महोदय के निदेशानुसार इंजीनियरी विशेषांक पर प्राप्त लेखों का मूल्यांकन करवाने तथा इसे सम्पादित करने का अवसर मिला है। यद्यपि बहुत कम समय में इसका मूल्यांकन/संयोजन/संपादन वास्तव में कठिन कार्य था लेकिन अथक प्रयासों के साथ सभी लेखों का संपादन व प्रूफ शोधन पूण हुआ। लेखों शोध पत्रों का विषयानुसार वर्गीकरण, संयोजन तथा मूल्यांकन एवं परामर्श समिति द्वारा पत्रिका के विशेषांक का नामकरण किया जाना, इस विशेषांक को सार्थक रूप देने में अभीष्ट सिद्ध हुआ।

प्रस्तुत विशेषांक के लेख आयोग द्वारा डी.ए.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरी एण्ड टेक्नोलॉजी, जालंधर तथा अमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में आयोजित इंजीनियरी विषयक संगोष्ठियों मे शोध छात्र, प्रतिभागियों तथा शिक्षकों से प्राप्त हुये है। हालांकि इंजीनियरी शब्दावली कार्यक्रमों में हिंदी में शोध पत्र वाचन तथा प्रकाशित करवाने का यह अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रथम प्रयास है। इंजीनियरी संस्थानों मे इंजीनियरी विषयों पर शोध पत्रों/लेखों का हिंदी में तैयार करना तथा संगोष्ठियों के माध्यम से प्रस्तुतिकरण एक दुर्लभ कार्य है। फिर भी शिक्षकों, शोध छात्रों ने इस विषय में लेखों/शोध पत्रों की हिंदी में प्रस्तुत करने का सराहनीय प्रयास किया है और यह भी कहना गलत नहीं होगा कि इस कार्य में शब्दावली या अन्य विषय संबंधी त्रुटियाँ मानवीय भूल से रह जा सकती है। अतः पाठक गण इंजीनियरी विषय की इस शोध पत्रिका के प्रयास को और अधिक उत्कृष्ट बनाने का सुझाव आयोग की जरूर भेंजे। आयोग द्वारा आयोजित इंजीनियरी विषयक संगोष्ठियों मे शोध छात्रों/शिक्षकों ने अपने स्तर पर शोध पत्र/ लेख हिंदी में तैयार कर वाचन किये।

प्रस्तुत विशेषांक में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों व तकनीकी संस्थानों के विभिन्न विद्वानों से भी लेख/शोध पत्र प्राप्त हुए जो इंजीनियरी एवं विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों से संबंधित हैं। मूल्यांकन एवं परामर्श समिति द्वारा मूल्यांकन के उपरांत केवल 15 आलेख प्रकाशन योग्य पाए गए। इंजीनियरी जगत से जुड़े विद्वानों, शिक्षको, शोधार्थियों, वैज्ञानिकों आदि को इंजीनियरी की मूलभूत शब्दावली से परिचित करने के लिए आलेख के अंत में मूलभूत इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरी शब्दावली को भी समाविष्ट किया गया है।

विशेषांक अपने विषय की जानकारी के आलेखों से परिपूर्ण है। शोध पत्रों/आलेखों में हिंदी जगत के सामने इस सर्वोपयोगी विज्ञान के अनेक सारगर्भित बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया है। हम माननीय अध्यक्ष महोदय के आभारी है, जिनके मार्गदर्शन व प्रोत्साहन से ही यह दुरूह कार्य नियत समय में निष्पादित हो सका। इसके साथ ही परामर्श/मूल्यांकन एवं संपादन समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार ज्ञापित करते है, जिनके अथक एवं समग्र प्रयासों से ही इस इंजीनियरी विशेषंक की संकल्पना को मूर्त रूप मिल सका। हमें विश्वास है, कि विशेषांक में प्रस्तुत किए गए इन आलेखों से हमारे पाठकों को अवश्य प्रेरणा मिलेगी।

(शिव कुमार चौधरी)
सहायक निदेशक

(जयसिहं रावत)
स. वैज्ञानिक अधिकारी

विशेषांक संपादक मंडल एवं परामर्श समिति

प्रधान संपादक

प्रोफेसर अवनीश कुमार, अध्यक्ष

संपादक

श्री शिव कुमार चौधरी, सहायक निदेशक

श्री जयसिंह रावत, सहायक वैज्ञानिक अधिकारी

विज्ञान गरिमा सिंधु

इंजीनियरी विशेषांक

(ई-बुक संस्करण सहित)

अंक -106, जुलाई -सितम्बर 2018 (ISSN: 2320-7736)

मूल्यांकन एवं परामर्श समिति

1. श्री सत्यपाल अरोड़ा (इलेक्ट्रिकल इंजी.), सेवानिवृत्त उपनिदेशक, वै.त.श. आयोग, नई दिल्ली
2. श्री. एस.सी.एल शर्मा (यांत्रिकी इंजी.), सेवानिवृत्त सहायक निदेशक, वै.त.श. आयोग, नई दिल्ली
3. श्री धीरेन्द्र राय (सिविल इंजी.) सेवानिवृत्त उपनिदेशक, वै.त.श. आयोग, नई दिल्ली
4. श्री हरीश दाधीच, विभागाध्यक्ष (कंप्यूटर साइंस एंड इंजी.), वी.आई.ई.टी. (V.I.E.T.) जोधपुर (राज.)
5. डॉ. विक्रमादित्य दवे, असिस्टेंट प्रोफेसर (इलेक्ट्रिकल इंजी.), सी.टी.ए.ई, एम. पी. ए. यू, उदयपुर
6. श्री विकास माथुर, असिस्टेंट प्रोफेसर (इलेक्ट्रिकल इंजी.), वी.आई.ई.टी. (V.I.E.T.), जोधुपर (राज.)
7. डॉ. प्रदीप गोयल, एसोसिएट प्रोफेसर (सिविल इंजी.), राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर (राज.)
8. श्रीमती रीना शर्मा, हिंदी अधिकारी (हिंदी भाषाविद), ए.आई.सी.टी.ई. (AICTE), नई दिल्ली
9. श्री शिव कुमार चौंधरी, सहायक निदेशक, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली
10. श्री जय सिंह रावत, सहायक वैज्ञानिक अधिकारी, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली

अनुक्रमणिका

	अध्यक्ष की कलम से		iv
	संपादकीय		v
क्र.सं.	**विषय**	**लेखक**	**पृ. सं.**
1.	मातृभाषा एवं यांत्रिकी अभियांत्रिकी तकनीकी शिक्षा	प्रो. विजय कुमार	1
2.	तकनीकी शिक्षा में माध्यम परिवर्तन : आयोग की भूमिका	श्री सत्यपाल अरोड़ा	9
3.	आपदा प्रबंधन	डॉ. प्रदीप कुमार गोयल	13
4.	विद्युत तथा चुम्बकीय क्षेत्र का समन्वय प्रभाव तथा विभिन्न अनुप्रयोग	श्री विकास माथुर, श्री हरीश दाधीच	17
5.	परिवहन का भविष्य	डॉ. संजीव नवल	23
6.	इंजीनियरी में हिंदी के प्रयोग की आवश्यकता	डॉ. विक्रमादित्य दवे, इंजी. जय सिंह रावत	31
7.	पीवीसी और पोलीएनीलीन सम्मिश्र के विद्युत चुम्बकीय गुणों का अध्ययन	डॉ. कंचन एल. सिंह, डॉ. संगीता पाराशर, डॉ. मुकेश कुमार, सुश्री सलोनी शर्मा,	36
8.	साइबर सिक्योरिटी में बिग डाटा का प्रभाव	श्री विकास माथुर, श्री हरीश दाधीच	41
9.	वैकल्पिक ऊर्जा का कृषि में प्रयोगः कुछ भारतीय उदाहरण	डॉ. विक्रमादित्य दवे, इंजी.जय सिंह रावत	46
10.	चतुर्गुणीय गौसियन लेजर बीम की मेग्नेटोप्लाज्मा में स्वप्रक्रिया	डॉ. शिवानी विज, श्री कमल किशोर	50
11.	मानव शरीर के बेलनाकार क्षेत्र में तापमान के वितरण में आयु के प्रभाव	डॉ. योगेश शुक्ला, सोनिया शिवहरे	56
12.	हरित रसायन विज्ञान और उसके अनुप्रयोग	सुश्री कोमल	64
13.	"इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IOT) एवं इसके स्मार्ट अनुप्रयोगों पर एक समीक्षा पत्र	डॉ. मनोज कुमार, सुश्री पूजा अरोड़ा	70
14.	शहरी धारा पुनर्विकासः स्वर्ण रेखा, ग्वालियर	डॉ. किन्जाक चौहान	75
15.	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और इसकी संबंधित शब्दावली में नए हिंदी शब्दों का गढनः मुद्दे और चुनौतियां	डॉ. पार्थसारथी	79
16.	मूलभूत इलेक्ट्रॉनिकी शब्दावली	आयोग का प्रकाशन	84

इस पत्रिका में प्रकाशित लेखों ,अभिव्यक्त विचारों आदि से वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग,मानव संसाधन विकास मंत्रालय ,भारत सरकार का सहमत होना आवश्यक नहीं है । यह पत्रिका वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा निर्मित शब्दावली के प्रचार प्रसार के साथ हिंदी में वैज्ञानिक लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित की जाती है ।

1

मातृभाषा एवं यांत्रिकी अभियांत्रिकी तकनीकी शिक्षा

प्रोफेसर विजय कुमार, चितकारा विश्वविद्यालय,पंजाब

1- भाषा का महत्व

यूनेस्को के अनुसार "मातृभाषा में पढ़ाई बच्चों के लिए सबसे अच्छा तरीका होना चाहिए क्योंकि यह घरेलु भाषा और शिक्षा की भाषा के बीच के अंतर को खत्म करता है। हर भाषा अपने उपयोगकर्ताओं को उच्च कौशल देने के लिए पर्याप्त है और कोई भाषा बड़ी या छोटी नहीं होता है इसलिए, मातृभाषा के निर्देश को यथासंभव लंबे समय तक बढ़ाया जाना चाहिए। कोई भी दूसरी संचार की भाषा किसी भी मातृभाषा की विकल्प नहीं हो सकती है, और जब तक बच्चा अपनी मातृभाषा पूरी तरह से हासिल नहीं कर लेता तब तक दूसरी भाषा का प्रयोग टाला जाना चाहिए।"

इतिहास में कई समाज मानते हैं कि भाषा मनुष्य को देवताओं का उपहार है। ऐसा माना जाता है की आदम ने सभी जीवित प्राणियों के नाम दिए। भाषा की उत्पत्ति के बारे में बहुत सी परिकल्पनाएँ हैं। इनमें से एक परिकल्पना में ये भी माना गया है कि भाषा की शुरुआत तब हुई जब मनुष्यों ने वास्तविक जीवन में किसी पहचानने योग्य आवाज के बाद वस्तुओं, कार्यों और घटनाओं का नाम देना शुरु किया। इस परिकल्पना के अनुसार पहले मानव शब्द मौखिक चिह्न का एक प्रकार था, जिसका चिन्ह अपने अर्थ की एक सटीक छवि है। भाषा में कुछ शब्द स्पष्ट रूप से किसी वस्तु से जुड़ी प्राकृतिक ध्वनियों की नकल से प्राप्त हुए।

भाषा के द्वारा ही हम किसी दूसरे व्यक्ति के भावों, विचारों के साथ-साथ उसके व्यक्तित्व व पारिवारिक-पृष्ठभूमि का परिचय प्राप्त करते हैं। जब व्यक्ति कोई बात मुँह से उच्चरित करता है या उसे लिखकर अभिव्यक्त करता है तो उसकी भाषा में उसके अंतरंग भावों के साथ-साथ उसका राज्य, वर्ग और प्रांतीयता भी प्रदर्शित (reflect) होती है। भाषा के इन्हीं महत्वों को मनुष्य ने लाखों वर्ष पूर्व पहचान कर उसका निरंतर विकास किया है।

मनुष्य को सभ्य व पूर्ण बनाने के लिए शिक्षा जरूरी है और सभी प्रकार की शिक्षा का माध्यम भाषा ही है। साहित्य, विज्ञान, अर्थशास्त्र, सभ्यता आदि सभी क्षेत्रों में प्रारंभिक से लेकर अधिकतम शिक्षा तक भाषा का महत्व स्पष्ट है। जीवन के सभी क्षेत्रों में किताबी शिक्षा हो या व्यावहारिक शिक्षा, वह भाषा के द्वारा ही प्राप्त की जा सकती है।

भाषा की आवश्यकता केवल संचार के लिए ही नहीं है, बल्कि इसका उपयोग सोचने के लिए एक उपकरण के रूप में भी किया जाता है। विश्व में विज्ञान के क्षेत्रों में नए-नए आविष्कार व शोध होते रहते हैं। इनमें अध्ययन और शोध लेखन के लिए नए-नए शब्द या पारिभाषिक शब्द रचे जाते हैं। इन शब्दों से सामाजिक-वैज्ञानिक विकास की अभिव्यक्ति होती है।

ISSN 2320-7736

प्रभावी शिक्षण के लिए मातृभाषा सबसे उपयुक्त साधन है क्योंकि इसमें शिक्षार्थी के रोजाना की जिंदगी के अनुभव शामिल हैं। उन बच्चों की उचित उम्र, उचित समय पर विद्यालय में प्रवेश करने और नियमित रूप से स्कूल में जाने की अधिक संभावना है जिन बच्चों को शिक्षा अपनी मातृभाषा में मिलती है। विदेशी भाषा में निर्देश प्राप्त करने वाले बच्चों में ये संभावनाएँ कम होती हैं। प्रयोगों ने साबित कर दिया कि मातृभाषा में शिक्षा की कमी बच्चों के पढ़ाई छोड़ने का एक मुख्य कारण है। शिक्षा की भाषा अगर अपनी मातृभाषा नहीं है तो बच्चों के स्कूल छोड़ने की संभावना तीन गुना बढ़ जाती है। इसके साथ ही बच्चों की रचनात्मक क्षमता भी पाँच गुना कम हो जाती है। इस प्रकार शिक्षा में सबसे पहले प्रवेश के रूप में मातृभाषा, शिक्षा में सफलता की कुंजी है। यह व्यक्तिगत समूहों की संस्कृति को बनाए रखने का सबसे अच्छा साधन है, और राष्ट्रीय विकास और पुनर्निर्माण में भी इसकी प्रमुख भागीदारी है। शैक्षिक उपलब्धियों, शिक्षा विकास, राष्ट्रीय विकास और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए मातृभाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

2- विश्वव्यापी स्थिति (Global Status)

कुछ देशों को छोड़कर, इजराइल,जापान,चीन, रूस, कोरिया, जर्मनी, स्वीडन जैसे कई देशों और अन्य कई देशों ने इन पाठ्यक्रमों को अपनी भाषा में पढ़ाया है और प्रगति की है।

विश्व के 20 सबसे अच्छे शिक्षा प्रणाली वाले देश (2016)

1.	साउथ कोरिया	6.	इंग्लैंड	11.	इजराइल	16.	नार्वे
2.	जापान	7.	अमेरिका	12.	कनाडा	17.	स्लोवेनिया
3.	रूस	8.	डेनमार्क	13.	जर्मनी	18.	स्वीडन
4.	सिंगापुर	9.	चीन	14.	हाँगकाँग	19	फ्रांस
5.	फिनलैंड	10.	हालैंड	15.	आयरलैंड	20.	हंगरी

New Jersey Minority Educational Development

प्रत्येक देश की रैंकिंग पांच शैक्षिक स्तरों पर आधारित हैः शुरुआती बचपन के नामांकन दर, प्राथमिक गणित, विज्ञान पढ़ने की दर, माध्यमिक विद्यालय गणित, उच्च विद्यालय स्नातक दर और महाविद्यालय (कॉलेज) स्नातक दर।

विश्व के 20 सबसे अच्छी शिक्षा प्रणाली वाले देशों में प्रयोग आने वाली भाषा

1.	साउथ	कोरियाई	11.	इजराइल	हिब्रू/अरेबिक
2.	जापान	जैपनीज	12.	कनाडा	इंग्लिश
3.	रूस	रसियन	13.	जर्मनी	डेनिश
4.	सिंगापुर	इंग्लिश/चाइनीज	14.	हाँगकाँग	इंग्लिश/कैंटोनीज
5.	फिनलैंड	फिनिश/स्वीडिश	15.	आयरलैंड	इंग्लिश/आईरिस
6.	इंग्लैंड	इंग्लिश	16.	नार्वे	नोर्वाजियन
7.	अमेरिका	इंग्लिश	17.	स्लोवेनिया	चेक
8.	डेनमार्क	डेनिश	18.	स्वीडन	स्वीडिश
9.	चीन	चाइनीज	19.	फ्रांस	फ्रैंच
10.	हालैंड	डच	20.	हंगरी	स्लोवनियन

3- भारत में शिक्षा के आयोग

मानव संसाधन विकास मंत्रालय हमारी शिक्षा प्रणाली के जन्मदाता की तरह काम करता है। हमारी शिक्षा प्रणाली बेहतर ढंग से काम करे इसके लिए मा.सं.वि.मंत्रा.(MHRD) ने कुछ अलग-अलग स्तर पर बोर्ड एवं परिषदो (कौंसिल) का गठन किया है। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड वर्ष 1962 में गठित हुआ। यह मात्र 309 विद्यालयों से प्रारंभ होकर आज 19316 विद्यालय इस बोर्ड से संबद्ध हैं जिसमें 25 देशों के 211 विद्यालय भी शामिल हैं। 1118 केंद्रीय विद्यालय, 2734 सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय,14868 मुक्त विद्यालय, 590 जवाहर नवोदय विद्यालय एवं 14 केंद्रीय तिब्बतन स्कूल हैं। बोर्ड के चार्टर में बहुत से उद्देश्य लिखे हुए हैं जिन पर बोर्ड अपनी प्लानिंग करता है।

हमारे देश की उच्च शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सीधे (MHRD) के तहत काम करता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को औपचारिक रूप से भारत में केवल विश्वविद्यालय शिक्षा के मानकों के समन्वय, निर्धारण और रखरखाव के लिए 1956 में ही भारत सरकार के सांविधिक निकाय के रूप में स्थापित किया गया था।

इसी तरह तकनीकी शिक्षा के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की स्थापना 1945में परामर्शक के रूप हुई थी। 1986में शिक्षा नीति मेंAICTEको एक सांविधिक निकाय बनाने की सिफारिश की गई। अतः 1987 में संसद के 52वेंअधिनियमके तहत इसे एक सांविधिक निकाय बना दिया गया। ऐसे कुछ और भी निकाय हैं जो हमारी शिक्षा प्रणाली के विभिन्न आयामों को मजबूती देने के लिए बनाए गए हैं।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय कई तरह की रिपोटर्स भी बनाता है इनमें से दो रिपोर्ट्स बहुत महत्वपूर्ण हैं। पहली, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की शैक्षणिक सांख्यिकी एक नजर में**(Educational Statistics at a Glance)**इस रिपोर्ट में साक्षरता, नामांकन, शिक्षकों कीक्षमता, शिक्षा पर खर्च जैसे महत्वपूर्ण शैक्षिक संकेतक शामिल हैं। दूसरी, उच्च शिक्षाविभाग **(Department of Higher Education)** की उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण **(All India Survey on Higher Education)** ये समझा जाता है कि इस रिपोर्ट के अंदर प्रस्तुत डाटा नीति निर्माताओं और हितधारकों को निर्धारित नीति और योजना बनाने के अवसर प्रदान करेगा। इस रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारें अपनी नीतियों का निर्माण करती हैं।



(Based on the data in Table 25A)

स्त्रोत **(Source) : Educational Statistics at a Glance 2016** (वर्ष **2016** की शिक्षा सांख्यिकी की झलक)

University Type	Number of Universities					
	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
State Public University	281	286	292	309	316	329
State Private University	87	105	122	153	181	197
Deemed University-Private	91	90	91	91	90	90
Institute of National Importance	59	59	62	68	75	75
Central University	41	42	42	42	43	43
Deemed University-Government	40	38	36	36	32	32

स्त्रोत **(Source) : UGC Annual Report** (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वार्षिक रिपोर्ट)

Graph 2.2(d) : Faculty-wise Students Enrolment: Universities and Colleges : 2015-16



स्त्रोत **Source: UGC Annual Report** (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वार्षिक रिपोर्ट)



स्त्रोत **(Source) : All India Survey on Higher Education - 2016A** उच्च शिक्षा-**2016** का अखिल भारतीय सर्वेक्षण

ISSN 2320-7736

अगर हम केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड **CBSE** की **2016** की वार्षिक रिपोर्ट देखें तो हमें बहुत सा डाटा मिलता है। इन सभी में राज्य के अनुसार पास प्रतिशत, शहरी और गाँव की नामंकन दर का अनुपात महिलाओं और पुरुषों का अनुपात और बहुत सा डाटा मिलता है। ऐसा ही एक डाटा इस चित्र में दिखाया गया है।



स्त्रोत **(Source) : CBSE Annual Report** (सी.बी.एस.ई. की वार्षिक रिपोर्ट)

इन सभी के बीच ऐसा एक भी डाटा नहीं है जिससे यह पता लगता है कि कितने स्कूल ऐसे हैं जो कि मातृभाषा में शिक्षा का संचार करते हैं ना ही ऐसा कोई डाटा है जिससे यह पता लगता है कि कितने बच्चे हिंदी/मातृभाषा को माध्यम लेकर परीक्षा में बैठते हैं इससे हमें सरकार के उद्देश्य की गंभीरता का पता चलता है। सिर्फ हिंदी दिवस को मनाने से हिंदी/मातृभाषा का प्रसार और विस्तार नहीं होगा।

भाषा का शिक्षा संचार में महत्व, **(UNESCO)** युनेस्को की विश्वव्यापी स्थिति रिपोर्ट को देखकर ये स्पष्ट है कि मातृभाषा में तकनीकी शिक्षा के चलन से हम हमारे बच्चों की रचनात्मक क्षमता का पूरा उपयोग कर पाएंगे। इस सब के लिए हमारी सरकार को चाहिए कि वो नियमित तौर पर मातृभाषा के प्राथमिक से उच्च महाविद्यालयों तक के आंकड़ों का विश्लेषण करे।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग **1** अक्टूबर, **1961** को भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा स्थापित किया गया था। इनके मुख्य उद्देश्य ये हैं-

- हिंदी और मुख्य भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों को विकसित और परिभाषित करना तथा विश्वकोश प्रकाशित करना।
- यह देखने के लिए कि विकसित शब्द और उनकी परिभाषाएँ छात्रों, शिक्षकों, विद्वानों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों आदि तक पहुँचे।
- उपयोगी प्रतिक्रिया प्राप्त करके (कार्यशालाओं/सेमिनार/अभिविन्यास कार्यक्रमों के माध्यम से) उचित सुधार सुनिश्चित करना।

शिक्षा पर राष्ट्रीय नीति 1986में तैयार की कई थी और **1992** में संशोधित की गई थी। तब से हमारी शिक्षा नीति में समय-समय पर कई बदलाव हुए हैं। एक बार फिर भारत सरकार गुणवत्ता की शिक्षा, नवाचार और शोध के संबंध में जनमानस की बदलती आवश्यकता संचलनता को पूरा करने के लिए एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करना चाहती है, जिससे अपने छात्रों को आवश्यक कौशल और ज्ञान के साथ लैंस करके भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाने का लक्ष्य रखा जा सके। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, शिक्षाक्षेत्र और उद्योग में मानव शक्ति की कमी को समाप्त करने के लिए पहली बार भारत सरकार ने तरीके से जमीनी स्तर पर समयबद्ध तरीके से परामर्श प्रक्रिया शुरू की है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) की ओर से भारत की नई शिक्षा नीति पर बहुत सी सिफारिशें की हैं। भारत की **2001** की जनगणना के अनुसार, देश के मूल लोगों द्वारा लगभग **1635** तर्कसंगत मातृभाषाएँ बोली जाती हैं। बच्चों को भाषाओं ऐसे तरीके से पढ़ाया जाना चाहिए जिससे वे रचनात्मक सोच सकें और स्वतंत्र रूप से अपने विचार व्यक्त कर सकें। बचपन की प्रारंभिक अवस्था के दौरान सोच और अभिव्यक्ति को विकसित करने के लिए विशेष जोर दिया जाना चाहिए। मातृभाषा, हिंदी, अंग्रेजी को त्रि-भाषा सूत्र के तहत भाषा के विषयों के रूप मे पढ़ाया जाता है। अन्य भारतीय भाषाओं को, अंग्रेजी भाषा या प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं के साथ मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिये पढ़ाया जा सकता है। राज्यों के लोगों की गतिशीलता को बढ़ाने में अंतर-राज्यीय भाषाओं को सीखना और बढ़ावा देना प्रमुख भूमिका निभा सकता है। भाषा बोलने वाली जनसंख्या के लिए सीखने की सामग्री विकसित करने के लिए बोली और संबंधित स्क्रिप्ट पर निर्णय लेना चाहिए।

4- तकनीकी शिक्षा, भाषा व शब्दावली

तकनीकी शिक्षा की परिभाषा के अनुसार एक अच्छा इंजीनियर वो है जो हमारे सामाजिक जीवन को सहज और आरामदायक बनाने के लिए नई वस्तुएँ बनाए या फिर विद्यमान वस्तुओं को रूपांतर करके और बेहतर बना सके।

यहाँ हमें ये जानना जरूरी है कि भाषा एक संचार का माध्यम है। जब हम भाषा को ज्ञान के संचार के लिए प्रयोग कर रहे हैं तो ये और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है कि भाषा सरल हो। शब्दावली के माध्यम से हम इस ज्ञान के संचार को ठीक से समझ या समझा पाते हैं। हम एक ही वाक्य को अलग-अलग शब्दों से ठीक से समझ या समझा पाते हैं। हम एक ही वाक्य को अलग-अलग शब्दों के साथ लिख या बोल सकते हैं। एक विद्यार्थी जब तकनीकी शिक्षा तक पहुँचता है तब तक उसके पास अपनी मातृभाषा के अलावा कुछ सामान्य तौर पर प्रयोग होने वाले ऐसे शब्दों का भी संग्रह हो जाता है, जोकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रयोग में लाए जाते हैं। उन शब्दों को प्रयोग में लाने के स्थान पर अगर हम कुछ नए शब्द समाविष्ट **(introduce)** करें तो ज्ञान का संचार आसान होने कि जगह मुश्किल हो जाएगा, इसलिए ये बहुत जरूरी हो जाता है कि हम तकनीकी शिक्षा में मातृभाषा का प्रयोग इस उद्देश्य के साथ करें कि हमारी तकनीकी शिक्षा का संचार सरल एवं प्रभावी **(effective)** तरीके से हो।

हमारे देश में लगभग **15** लाख बच्चे इंजीनियर बन कर निकलते हैं। विभिन्न सर्वेक्षण इस बात की तरफ इशारा करते हैं कि इनमें से लगभग **1** लाख इंजीनियर ही अपना काम ठीक से जानते हैं। मातृभाषा में तकनीकी शिक्षा को नौकरी से जोड़ने के संबंध में बहुत कुछ करना पड़ेगा। साथ ही हमें इस तरह के आंकड़ों पर भी ध्यान देना होगा कि हमारे कितने प्रतिशत इंजीनियर प्रांतीय, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करते हैं, ऐसी इंडस्ट्रीज में जो संचार का माध्यम है वो कैसा है। ये आंकड़ा हमें जरूर मदद करेगा कि हमारी तकनीकी शिक्षा का माध्यम कैसा होना चाहिए। हमें चाहिए कि हम प्राथमिकता में अपनी इंडस्ट्री की जरूरत को रखें न कि अंतर्राष्ट्रीय जरूरत। इसके लिए मातृभाषा में तकनीकी शिक्षा के साथ इंग्लिश को एक नौकरी के लिए क्षमताएँ बढ़ाने के लिए जरूरी

विषय के हिसाब से पढ़ना होगा, जिससे कि एक इंजीनियर जरूरत पड़ने पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर परिणाम दे सके।

5- **प्रतिबल-विकृति आरेख (स्ट्रेस-स्ट्रेन डायग्राम)**

यदि किसी प्रत्यास्थ पदार्थ की लंबाई एवं **A** अनुप्रस्थ क्षेत्रफल **(cross-section area)** वाली छड़ पर **F** बल लगाने पर उसकी लंबाई में **Δl** की वृद्धि होती है तो इकाई लंबाई में वृद्धि**Δl/l** को विकृति **(strain)** तथा प्रति इकाई क्षेत्रफल **(per unit area)** पर लगने वाले बल **F/A** को प्रतिबल **(stress)** कहते हैं।

ब्रिटिश भौतिकशास्त्री राबर्ट हुक ने **1676** में यांत्रिक युक्तियों को किसी बल द्वारा विकृत करने के बारे में एक सामान्य बात कही जो लंबाई में परिवर्तन (विकृति) और लगाए गए बल के संबंध में है। इसके अनुसारकिसी प्रत्यास्थ वस्तु **(elastic material)** की लंबाई में परिवर्तन, उस पर आरोपित बल के समानुपाती होता है।

$$F \propto \frac{\Delta l}{l} \text{ अथवा } \frac{F}{A} \propto$$

विकृति को **ε**से तथा प्रतिबल को **σ** से प्रदर्शित किया जाता है।

अतः हुक के नियमानुसार,

$$\sigma = E \in$$

जहाँ, **E** को पदार्थ की यंग प्रत्यास्थता गुणांक **(Young's Modulus of Elasticity)** कहते हैं। हुक के नियम का उपयोग यांत्रिक और सिविल प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अत्यधिक उपयोग होता है।



ISSN 2320-7736

$$S_{ut} = 400 - 450\ MPa$$

$$S_{yt} = 200 - 250\ MPa$$

$$E = 210\ GP$$

$$E = \frac{\Delta\sigma}{\Delta\varepsilon} tan\theta$$

6. निष्कर्ष :

I. इस लेख के सभी तथ्यों के आधार पर हम निम्न बिन्दुओं में अपने निष्कर्ष को प्रस्तुत कर सकते हैं।

II. प्रांतीय, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले इंजीनियर का सर्वेक्षण।

III. प्रांतीय, राज्यीय राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंडस्ट्रीज में भाषा का सर्वेक्षण।

IV. उपरोक्त के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि तकनीकी शिक्षा के संदर्भ में निर्देश मातृभाषा में ही दिए जाएँ।

V. मातृभाषा के माध्यम से उच्च महाविद्यालयों तक के आंकड़ों का विश्लेषण।

VI. मातृभाषा में पढ़ाई सामग्री बनाने की जरूरत के लिए उठाए उचित कदम।

★★★

2

तकनीकी शिक्षा में माध्यम परिवर्तन : आयोग की भूमिका

श्री सत्यपाल अरोड़ा

हमारे देश में तकनीकी शिक्षा को बुनियादी रूप से तीन स्तरों में रखा जा सकता हैं। तकनीकी शिक्षा का एक प्रमुख भाग प्रशिक्षण अर्थात ट्रेनिंग होता है। बिना व्यावहारिक प्रशिक्षण के तकनीकी शिक्षा अर्पूण और परिणाम देने वाली नहीं होती लेकिन आवश्यक रूप से प्रशिक्षण से पूर्व पर संबंधित विषयो का ज्ञान उपलब्ध कराना होता है। इसी आधार पर हमारे देश में शिक्षा को निम्न तीन स्तरों में रखा गया हैं।

1. आई.टी.आई अर्थात् इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट स्तर
2. डिप्लोमा स्तर
3. डिग्री अर्थात स्नातक और उच्च स्तर।

सर्वप्रथम आई.टी.आई स्तर की शिक्षा और माध्यम के बारे में चर्चा करेंगें। हमारे देश में शैक्षिक स्तर पर तकनीकी शिक्षा का यह मूल स्तर है।मूल से हमारा अभिप्राय ऐसे स्तर से है जिसमें न्यूनतम शिक्षा के साथ अर्थात् संबंधित विषयों के न्यूनतम ज्ञान से पर्याप्त तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सकता हैं। सामान्य रूप से इस प्रशिक्षण विशेष में साइन्स अथवा अन्य संबंधित विषयों का दसवीं तथा किसी ट्रेड के लिए मिडिल अर्थात् आठवीं कक्षा तक ज्ञान होना अनिर्वाय होता हैं। इस प्रकार से प्रशिक्षित विधार्थियों के लिए जॉब अर्थात् नौकरी पाना अथवा न्यूनतम निवेश के साथ छोटा-मोटा कारोबार आरम्भ करना आसान हो जाता हैं और ऐसा देखने में आया हैं कि कई-कई स्थानों पर इसी स्तर पर प्रशिक्षित व्यक्तियों ने अच्छा बड़ा उद्योग स्थापित किया हैं। ऐसेकई उदाहरण हमारे सामने हैं। इस स्तर पर शिक्षा का माध्यम अनिवार्य रूप से हिंदी तथा क्षेत्रिय भाषा होती हैं। हिंदी भाषी क्षेत्रो को छोड़ कर अन्य शेष प्रदेशों में अनिवार्य रूप से अध्यापक/प्रशिक्षक तथा विधार्थी क्षेत्रीय भाषा का ही प्रयोग करते हैं। वैसे तो इस स्तर व्यावहारिक विषयो की अधिकता होने के कारण चित्र, ग्राफ, डायग्राम तथा फोटोग्राफ की सहायता से ही पठन- पाठन अध्यापन कार्य होता हैं परन्तु फिर भी मशीनों, इत्यादि के बारे मे तथा मशीनों के प्रयोग, उनकी देखभाल तथा कलपुर्जों के बारे मे जो ज्ञान होता हैं वह मूल रूप से अंग्रेजी भाषा में होता हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए इसे उन तक क्षेत्रीय भाषा में पहुँचाना अनिवार्य हो जाता हैं। ऐसी स्थिति में जहां तक आयोग की शब्दावली का प्रश्न हैं तो इसका कोई महत्व नहीं हैं। प्रशिक्षक/अध्यापक अपनी ही भाषा मे प्रचलित शब्दों के माध्यम से विधार्थी को प्रशिक्षित करते हैं। उनके लिए पुस्तकों में प्रकाशित शब्दावली इतना महत्व नहीं रखती, वे तो बाजार में दुकानों परबोले जाने वाले बोलचाल के शब्दों से ही परिचित होता हैं और उन्ही से उनका सारा कार्य पूरा हो जाता हैं।

ऐसी स्थिति में आयोग का यह कर्तव्य हैं कि इस स्तर पर चल रही शब्दावली को अपनी शब्दावली में समावेश करलें तथा आई.टी.आई के अध्यापकों को निशुल्क मूल शब्दावली उपलब्ध करा कर उन में अपनी शब्दावली को लोकप्रिय करने का प्रयास करें जिससे विद्यार्थियों की तकनीकी भाषा की जानकारी में सुधार होगा और उनमे आत्मविश्वास आएगा।

आई.टी.आई स्तर की शिक्षा के पश्चात अब हम देश में तकनीकी शिक्षा के दूसरे स्तर अर्थात् डिप्लोमा स्तर की शिक्षा की चर्चा करेंगे। स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व तक भारत में इस स्तर की तकनीकी शिक्षा ही शायद

ISSN 2320-7736

अंतिम स्तर की शिक्षा समझी जाती थी। यहां तक कि वर्ष 1847 में स्थापित थॉमसन कॉलेज ,रूढकी जो आज आई.आई.टी के नाम से विख्यात हैं में भी आरम्भमे सिविल इंजीनियरी का डिप्लोमा ही दिया जाताथा। इसके पश्चात् पूणे तथा कोलकत्ता इत्यादि में कई तकनीकी विद्यालयो की स्थापना की गई और स्वंतत्रता प्राप्ति के पश्चात तो भारत में डिप्लोमा स्तर की शिक्षा का प्रसार काफी तेजी से हुआ।

इस स्तर पर शिक्षा में प्रवेश पाने के लिए 10 वीं परन्तु अधिकतर 12 वीं कक्षा तक विज्ञान अथवा कई शाखाओं केलिए उससे संबंधित विषयो की 12वीं तक की स्कूली शिक्षा का होना अनिवार्य हैं। भारत में आज डिप्लोमा स्तर पर पढाए जाने वाले संस्थानो की संख्या अनगिनत हैं। सरकारी तथा निजी स्तर पर डिप्लोमा स्तर की शिक्षा के लिए संस्थानों की कोई कमी नहीं हैं परन्तु शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ इसके स्तर में किन्ही कारणो से इतना सुधार नहीं आ पाया जितना प्रत्याशित था।

डिप्लोमा स्तर पर किसी भी संस्थान मे अधिकतम ,स्थानीय विद्यार्थी का प्रवेश होता है। यह विद्यार्थी अधिकतर 10 वीं अथवा 12 वीं तक की शिक्षा अपनी क्षेत्रीय भाषा में प्राप्त करते हैं। इसी भाषा में विज्ञान तथा अन्य विषयों की जानकारी प्राप्त होती हैं परन्तु सामान्य अंग्रेजी भाषा का भी काम चलाऊ ज्ञान आवश्यक होता हैं।अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान होने पर भी अंग्रेजी में बात चीत करना अथवा लिखना ऐसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत कठिन होता हैं।

जहाँ तक डिप्लोमा स्तर पर पढाए जाने वाले विषयो का प्रश्न हैं इन में से कुछ विषय तो स्नातक स्तर पर पढ़ाए जाने वाले स्तर के अनुरूप ही होते हैं। अंतर केवल इतना होता हैं कि डिप्लोमा स्तर पर जिस विषय की जानकारी प्रारंम्भिक तथा सीधी व्यावहारिक होती हैं। वहीं पर स्नातक स्तर पर उसी विषय का कुछ और गहन अध्ययन होता हैं। विषयो मे काफी सीमा तक समानता होती हैं परन्तु उसके स्तर में काफी अंतर होता हैं। यहाँ पर हमारा तात्पर्य यह हैं कि स्नातक स्तर कि कुछ पुस्तकें तथा सामग्री डिप्लोमा स्तर के विद्यार्थियों के लिए संदर्भग्रंथों या सहायक ग्रंथों के रूप में प्रयोग की जाती हैं। सभी शाखाओं जैसे सिविल, विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक, दूरसंचार तथा धातुकर्म में स्नातक स्तर पर प्रथम और द्वितीय वर्ष में पढ़ाए जाने वाली पुस्तकें/ग्रंथ डिप्लोमा स्तर के द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रयोग किये जातें हैं। प्राईवेट प्रकाशक हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में ऐसे विद्यार्थियों के लिए पुस्तकों में पाठ्य सामग्री प्रकाशित तो करते हैं लेकिन वास्तव में इनका स्तर वांछनीय नहीं होता। यह कुछ कामचलाऊ तथा मिश्रित भाषा में होता हैं। ऐसी स्थिति में आयोग से अपेक्षा की जाती हैं कि वह क्षेत्रीय तकनीकी शिक्षा बोर्डो के साथ मिल कर इस स्तर के विद्यार्थियो के लिए अपनी तकनीकी शब्दावली का प्रयोग करते हुए कुछ पुस्तकें प्रकाशित करें। हिन्दी भाषी क्षेत्रो के लिए तो पाठक का वर्ग भी प्राप्त संख्या में उपलबध होगा क्योंकि इसमें दस राज्य तथा अन्य क्षेत्रीय भी आ जातें हैं। ऐसे करके आयोग तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र मे अपनी विकसित शब्दावली को लोकप्रिय कर सकेगा तथा साथ ही साथ मानक ग्रंथों की उपलब्धता के कारण तकनीकी शिक्षा मे कुछ सुधार भी होगा। डिप्लोमा प्राप्त विद्यार्थी ए.एम.आई.ई की परीक्षा उत्तीर्ण करके अपना शिक्षा स्तर बढ़ा सकते हैं। और (A.M.I.E) ने भी हिन्दी माध्यम से डिप्लोमा करने वालों के लिए परीक्षा का माध्यम हिन्दी रखा हुआ हैं। ऐसे विद्यार्थियों की सहायता के लिए तथा उन्हें मानक तकनीकी पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए आयोग को कुछ पहल करनी चाहिए और ऐसे विद्यार्थियों के लिए AMIE के पाठ्यक्रम के अनुसार तकनीकी पुस्तके प्रकाशित कर अपनी शब्दावली को लोकप्रिय बनाकर इसके उपयोग का दायरा बढ़ाना चाहिए।

इसके पश्चात् हम स्नातक तथा इससे ऊँचें स्तर पर तकनीकी शिक्षा तथा माध्यम के बारे में चर्चा करेंगे। इससे पूर्व यह आवश्यक हैं कि भारत में स्नातक तथा उच्च स्तर पर तकनीकी शिक्षा का अवलोकन किया जाए।

वैज्ञानिक-तकनीकी जन-शक्ति के संबंध में भारत की स्थिति विश्व में तीसरे स्थान पर आंकी जाती हैं। देश भर में 789 विश्वविद्यालयों से हजारों डॉक्टरेट तथा कई हजार स्नातकोत्तर डिग्रियाँ प्रदान की जाती हैं और भारत में सी.एस.आई.आर. (वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद) तथा डी.आर.डी.ओ (रक्षा अनुसंधान विकास

संगठन) तथा भाभा एटॉमिक एनर्जी बम्बई, स्पेस साईस इत्यादि कई प्रयोगशालाओं के अन्तर्गत अनेक अनुसंधान और खोजें की गई हैं। भारत की तकनीकी जनशक्ति का देश विशेषकर अमेरिका में विशेष प्रतिष्ठा और मान हैं। पिछले तीन दशकों से जब सूचना प्रौद्योगिकी का विकास तथा प्रसार हुआ हैं तब से भारत के इंजीनियर और कंप्यूटर वैज्ञानिकों को विशेष प्रतिष्ठा मिली हैं। इस सन्दर्भ में अक्सर कहते हुए सुना जाता हैं कि भारतीयों को इस क्षेत्र में अधिक सफलता मिलने का एक कारण यहाँ तकनीकी शिक्षा का अंग्रेजी माध्यम होना हैं। इसमें कोई संशय नहीं परन्तु सारा श्रेय इसी भाषा कें ज्ञान को ही नहीं जाता। वास्तव में भारतीय अपने कार्य में ईमानदार, वफादार और मेहनती हैं, ऐसे स्थानों पर भी उन्होंने धाक जमाई हैं और नाम कमाया हैं जहाँ अंग्रेजी न बोली जाती हैं और न ही समझी जाती हैं किसी शिक्षित परिपक्व व्यक्ति को किसी भी दूसरे देश की अथवा दूसरे स्थान की काम चलाऊ तकनीकी भाषा सीखने में तुलनात्मक रूप से बहुत कम समय और मेहनत करनी पड़ती हैं ऐसा मेरा अनुभव हैं। इसलिए अगर भारतीयों की तकनीकी शिक्षा का माध्यम अंग्रेजीन होकर उनकी क्षेत्रीय भाषा अथवा हिन्दी होती तो विश्व में उनका उतना ही सम्मान होता। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत में तकनीकी शिक्षा का प्रसार काफी तेजी से हुआ और यह प्रसार पिछले दो-तीन दशकों में तो अप्रत्याशित रूप से हुआ हैं। 1947 से पूर्व भारत में केवल 36 संस्थाओ में इंजीनियरी की शिक्षा प्रदान की जाती थी। जिसमे कुल विद्यार्थियों की संख्या 2500 से भी कम थी जबकि आज AICTE द्वारा जारी आकंड़ों के अनुसार इस समय (2017-18) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) द्वारा अनुमोदित 10396 संस्थान हैं जिसमें से महाराष्ट्र में सबसे अधिक 1564, तमिलनाडु में 1339 और उत्तरप्रदेश में 1165 हैं। देश में इंजीनियरी की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों की संख्या लाखो में हैं।

उपरोक्त आकड़ो को प्रदर्शित करने का मेरा अभिप्राय यह हैं कि भारत में इस समय तकनीकी शिक्षा का प्रसार बड़े स्तर पर हो चुका हैं। किसी भी सामान्य विद्यार्थी को डिग्री स्तर तक की तकनीकी शिक्षा पाने के लिए अपने नजदीक के ही किसी इंजीनियरी कॉलेज में प्रवेश आसानी से मिल सकता हैं अर्थात् अब यह सब काफी सुलभ हो गया हैं। इस शिक्षा के प्रसार के साथ यह भी स्पष्ट हैं कि अब इंजीनियरी की शिक्षा ग्रहण करने वाला विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से भी आ रहा हैं, वैसे तो पहले भी कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से भी आते थे लेकिन इंजीनियरी संस्थांए कम होने के कारण इनकी संख्या भी कम होती थी। मेरा तात्पर्य यह हैं कि अब इंजीनियरी प्राप्त करने के लिए अधिकतर विद्यार्थी सभी हिन्दी अथवा क्षेत्रीय भाषा से विज्ञान के विषय पढ़ कर आते हैं। ऐसा पहले भी होता था परन्तु अब यह समस्या तुलनात्मक रूप से अधिक विद्यार्थियों के लिए हैं। पिछले दो दशकों में युवा अध्यापकों की भर्ती हुई और प्राय देखने में आया कि ऐसे अध्यापक भी इंजीनियरी के ऐसे विषय जिनमें विषय की व्याख्या अथवा वर्णन की आवश्यकता होती हैं वहां पर चर्चा के दौरान अंग्रेजी को छोड़ एकदम हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषा पर आ जाते हैं। 60 के दशक में भी कुछ-कुछ ऐसा होता था लेकिन उस समय अधिकतर अध्यापक अपनी झेप मिटाने के लिए एकदम देशी से अंग्रेजी भाषा की ओर आ जाते थे जबकि आजकल ऐसा बहुत कम होता है और नए-नए अध्यापक अपनी भाषा में वर्णन करना और व्याख्या करने में सहज होते हैं।

इस चर्चा से आशय यह हैं कि अब समय ऐसा आ चुका हैं जब हमारे विद्यार्थी अंग्रेजी भाषा की अपेक्षा हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में ज्ञान प्राप्त करने में सुगमता अनुभव करते हैं और अध्यापक वर्ग भी इस कार्य के लिए तत्पर हैं। कठिनाई केवल यही हैं कि हिन्दी माध्यम से पढने, पढ़ाने वाले विद्यार्थी और अध्यापक में हीन भावना होती हैं और रोज़गार के क्षेत्र में भी ऐसे लोगो का स्वागत नहीं होता। जब अपने ही देश में अपनी भाषा से विद्यार्थीयों का स्वागत नहीं होता तो विदेश के लिए क्या कहा जाए। खैर धीरे-धीरे यह गलतफहमी स्वंय दूर हो रही हैं। जब किसी तकनीकी विशेषज्ञ को अपने उत्पादन को बेचने के लिए बाज़ार में आना पड़ता हैं तो उसे स्वतः ही बाज़ार की प्रचलित भाषा में संवाद करना पड़ता हैं तभी वह अपने उत्पाद की जानकारी और गुणों का वखान कर सकता हैं और आजकल के इस स्पर्धात्मक युग में तो निर्माण की अपेक्षा उत्पाद की बिक्री कठिन कार्य हैं, इसीलिए हमारे देश मे कई बार ग्रेजुऐट (स्नातक) इंजीनियर से यह अपेक्षा की जाती हैं कि उसे अंग्रेजी के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषा का पर्याप्त ज्ञान होना अनिवार्य हैं।

इस विषय को बहुत आगे बढ़ाने से पूर्व यहां पर आयोग की सार्थक भूमिका के बारे में विचार करते हैं। वैज्ञानिक शब्दावली आयोग पिछले लगभग 50 वर्षों से तकनीकी क्षेत्र में स्नातक स्तर तक ग्रन्थ निर्माण योजना पर कार्य कर रहा हैं परन्तु इसमें प्रगति सन्तोषजनक नहीं हैं। आरम्भ में तो इसका कारण यह था कि तकनीकी ज्ञान रखने वाले अध्यापकों को हिंदी भाषा और आयोग द्वारा निर्मित शब्दावली का प्रर्याप्त ज्ञान नहीं था और सब से बड़ी दुविधा यह रही हैं कि स्नातक स्तर पर लिखी तकनीकी पुस्तक को पढेगा कौन? विद्यार्थी किसी भी पुस्तक को तभी छूता हैं जब उसे उस पुस्तक का अपनी परीक्षा से कोई संबंध दिखता हो अर्थात् परीक्षा में सहायक हों। यह तभी संभव हैं जब अध्यापक परीक्षा का माध्यम वही हो।

इन वर्षो के दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा अधिकतर यह कहते हुए सुना जाता हैं कि शिक्षा का माध्यम हिंदी क्षेत्रीय भाषा तो कर दें परन्तु पर्याप्त संख्या में पुस्तकें तथा पाठ्य सामग्री तो उपलब्ध हैं नहीं। इसका उत्तर यह हैं कि वांछित पुस्तके तथा पाठ्य सामग्री बाजार में रातों रात आ जाएगी बशर्ते उसके पढने वाले विद्यार्थी उपलब्ध हो और विद्यार्थी तभी उपलब्ध होगें जब शिक्षा का माध्यम पूर्ण रूप से हिंदी अथवा संबंधित भाषा होगा। आज की स्थिति मे 25 वर्ष पहले की अपेक्षा कुछ सुधार हैं और काफी विद्यार्थी हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषा के माध्यम से पढ़ने के लिए तैयार हैं। इस स्थिति में आयोग को पहल करनी चाहिए तथा अपनी सीमित स्त्रोत के आधार पर सभी राज्यों में स्नातक स्तर कि प्रत्येक विषय पर दो-दो या अधिक पुस्तकें लिखाई जानी चाहिए। इस प्रकार संदर्भ हेतु पुस्तकों का एक बैंक बन जाएगा इसके आधार पर यह अनुरोध किया जा सकता कि अध्यापक और परीक्षा का माध्यम हिंदी अथवा क्षेत्रीय भाषाएं हों इस प्रकार आरम्भ में माध्यम परिवर्तन के लिए स्वतः ही एक परिवेश बन जाएगा और जब विद्यार्थी को पूरी तरह अपने माध्यम से पढ़ने लिखने की सुविधा मिलेगी तो माध्यम परिवर्तन की माग पूरी करने में कठिनाई कम होगी। इस प्रकार के कार्य से आयोग का कार्यक्षेत्र तो बढ़ेगा ही और साथ -साथ वर्षों से निर्मित शब्दावली का प्रयोग और परीक्षण हो पाएगा। जो कार्य आयोग कार्यशालाओं द्वारा संपन्न करता हैं वह कार्य अधिक क्रियात्मक और प्रभावी रूप से संपन्न होगा और पाठक वर्ग प्रयुक्त शब्दावली पर टिप्पणियां और फीड बैक देंगें जिसकी आयोग को अत्यधिक आवश्यकता हैं।

★★★

3

आपदा प्रबंधन

डॉ. प्रदीप कुमार गोयल, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजीनियरी विभाग,
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर (राज.)

सार:

आज विश्व को कई तरह की आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। आपदाएं प्राकृतिक एवं मानवजनित होती हैं। आपदाओं के लिए किसी न किसी रूप में हम उत्तरदायी है। आपदाओं से जान माल की बहुत हानि होती है और जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। संकट को रोका नहीं जा सकता है। परन्तु आपदा से होने वाले नुकसान को उचित योजना और प्रबंध से कम किया जा सकता है इसमें आपदा प्रबंधन के लिए उपयोग में आने वाली विभिन्न तकनीकों के साथ-साथ मानवीय मूल्यों का भी बहुत योगदान हो सकता है।

प्रस्तावना:

प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटना पूरे विश्व के लिए चुनौती बना हुआ है। आए दिन विश्व के किसी न किसी भाग में आपदाएँ आती रहती हैं। विकसित देशों ने आपदाओं से निपटने के लिए तकनीक विकसित कर इस पर नियंत्रण करने की कोशिश की है। विकासशील व अविकसित देशों में आपदाओं के कारण जान-माल की हानि अधिक होती है। आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए उचित प्रबंधन की जरूरत होती है। आपदा प्रबंधन में किसी न किसी रूप में सभी का योगदान हो सकता है। इसमें इंजीनियर, चिकित्सक, आम लोग, सभी का योगदान हो सकता है। भारत सरकार आपदा को रोकने के लिए काफी प्रयास कर रही है। राष्ट्रीय स्तर पर देश में "राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण" (National Disaster Management Authority) बनाया हुआ है तथा देश में राज्य एवं जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बनाए गए हैं। परंतु आम गया लोगों के सहयोग के बिना आपदा प्रबंधन को प्रभावी नहीं बनाया जा सकता है।

संकट और आपदा

संकट (Hazard) प्राकृतिक एवं मानवजनित होते हैं। इन्हें निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है।



संकट जब ऐसे स्थान पर आता है जहाँ वह अधिक नुकसान कर सकता है तो वह आपदा बन जाती है।

आज जिस तरह से भवनो का निर्माण हो रहा हैं उसमें न्यायालय के नियमों का पालन नहीं हो रहा है। तथा असुरक्षित क्षेत्र (Vulnerable Area) में जनसंख्या बढ़ रही है। जिससे जान-माल की हानि की संभावना बढ़ रही है। असुरक्षित क्षेत्रों में विकास के कार्य हो रहे हैं। भारत देश में भी कई आपदाओं के कारण जान-माल की हानि हुई है। केदारनाथ की त्रासदी इसका जीता जागता उदाहरण है।

भवनों को भूकम्प रोधी (Earthquake proof) हवारोधी (wind resistant) तथा जिस आपदा के प्रति असुरक्षा की संभावना अधिक हो उसके अनुसार भवन की योजना तथा भवन संहिता के अनुसार निर्माण करना चाहिए। जैसे -

IS1893, IS8326 - भूकंप के लिए
IS875 (part 3), हवारोधी के लिये

- पुराने भवनों की मरम्मत करना (Retrofitting of structures) जिससे कि नुकसान कम से कम हो।
- विभिन्न सरकारी संस्थानों के द्वारा (जैसे कि निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद् (CBMTPC), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थाओं, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), राज्य आपदा प्रबंधक आयोगों/संस्थानों द्वारा) आपदा से संबंधित सभी दिशा निर्देशों (Guidelines) का अनुपालन किया जाना चाहिए।

- निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद् (BMTPC) द्वारा निर्मित भारतीय वूलनेरेबिलिटी एटलस (Vulnerability Atlas of India) बनाया हुआ है उसमें पूरे भारत के हर क्षेत्र का पूरा विवरण दिया गया है कि कौनसा क्षेत्र किस संकट में असुरक्षित (Vulnerability) है। इसके अनुसार योजना बनाकर आपदा से बचा जा सकता है।

आपदा प्रबंधन में मानवीय मूल्यों की भूमिका

आपदा प्रबंधन में तकनीक (Technology) का बहुत योगदान है। इसमें सभी अभियन्ता (सिविल, यांत्रिकी, इलेक्ट्रॉनिक, विद्युत इत्यादि) चिकित्सक, सेना, आम नागरिक, आदि का योगदान होता है।

आपदा से होने वाले नुकसान को तकनीकी उपयोग के साथ-साथ हम अपना योगदान देकर भी कम कर सकते हैं। आज कल मनुष्यों में संवेदनशीलता और संस्कारों का निरंतर छास हो रहा जिससे हम लोग स्वार्थी होते जा रहे हैं। इसलिए किसी पर कोई आपदा आती है तोह में कोई मतलब नहीं होता है। शिक्षा में मानवीय मूल्यों की समावेश किया जाना आज की अत्यंत अनिवार्य एवं महत्ती है। जिससे कि लोगों में आवश्यकता समाज के प्रति जिम्मेवारी का अहसास पनपे और पर्यावरण के प्रतिजागरूकता तथा संवेदनशीलता और विकसित हों। इस कारण प्राकृतिक एवं मानवजनित संकटों से होनेवाले नुकसान को कम से कम किया जा सकता है।

आपदा प्रबंधन चक्र(Disaster Management cycle)

आपदा प्रबंधन दो प्रकार से होता है आपदा से पूर्व की तैयारी एवं आपदा के पश्चात की योजना बनाई जाती ही आपदा प्रबंधन चक्र नीचे दिखाया गया है:-



शमन (Mitigation) आपदाओं के प्रभाव को न्यूनतम करना। इसमें जैसे भवन संहिता तथा क्षेत्रों को संकट के अनुसार विभाजित करना (zonation) असुरक्षा विश्लेषण (Vulnerability analysis) आदि।

पूर्व तैयारी (preparedness)**:** आपदा के दौरान किस तरह से कार्यवाही करनी है उसकी योजना बनाना। जैसे पूर्वयोजना की तैयारी **(preparedness plan)**आपातकालीन अभ्यास करना(emergency exercise),आपात स्थिति से निपटने के लिये प्रशिक्षण देना, चेतावनी प्रणाली बनाना आदि आपदा की पूर्व तैयारी में आता है।

प्रतिक्रिया (Response): आपदा के दौरान जान-माल की हानि कम से कम हो उसके लिए अभियान चलाना। जैसेः कि खोज एवं बचाव **(search and rescue)** अभियान**,** आपातकालीन राहत **(emergency relief)** आदि।

पुनः प्राप्ति (Recovers): समुदाय (community) को आपदा से सामान्य स्थिति में लाना जैसे अस्थायी आवास, मुआवजा, चिकित्सा सुविधा आदि।

निष्कर्ष:

आपदा को रोका नहीं जा सकता है परंतु उचित आपदा योजना और प्रबंधन से आपदा से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सकता है। आपदा के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिये तकनीक का उपयोग करना चाहिए तथा विभिन्न संस्थानों के द्वारा तैयार दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए। इसमें मानवीय मूल्यों का समावेश होने पर आपदा से होने वाले प्रभाव को और न्यूनतम किया जा सकता है। कहने का अर्थ यह है कि नवीनतम तकनीक का प्रयोग एवं मानवीय मूल्यों का विकास आपदाओं को समाप्त भले ही न कर पाए परंतु जान माल की हानि को कम अवश्य ही करेगा।

★★★

4

विद्युत तथा चुम्बकीय क्षेत्र का समन्वय, प्रभाव तथा विभिन्न अनुप्रयोग

श्री विकास माथुर

व्यास इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जोधपुर

श्री हरीश दाधीच

व्यास इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जोधपुर

1.प्रस्तावना :-

आधुनिक तकनीकी युग में मानव की मशीन पर निर्भरता बढती जा रही है|मशीन ने केवल मानवीय प्रयास को ही कम नहीं किया है बल्कि सरल भी कर दिया है। इस लेख के द्वारा मशीन की कार्यप्रणाली में अहम् भूमिका निभाने वाले विद्युत तथा चुम्बकीय क्षेत्र तथा विभिन्न प्रकार की DC मोटर के अनुप्रयोगों को प्रस्तुत किया गया है।

2.**'डायनेमो'** (Dynamo)

'डायनेमो'यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत् ऊर्जा में बदलने वाली विद्युत मशीन है।



विद्युत ऊर्जा के जनन का सरल चित्रण

कार्य सिद्धांत

डायनेमो फैराडे के मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है, जो इस प्रकार व्यक्त किए गए हैं:

यदि कोई चालक किसी चुंबकीय क्षेत्र में घुमाया जाए, तो उसमें एक विद्युत वाहक बल (electromotive force) की उत्पत्ति होती है। यदि चालक का परिपथ (circuit) पूर्ण हो, तो प्रेरित विद्युत वाहक बल (e.m.f.) के कारण उसमें धारा का प्रवाह भी होने लगता है।

इस विद्युत वाहक बल (e.m.f.) का परिमाण, चालक की लंबाई, चुंबकीय अभिवाह घनत्व (magnetic flux density) तथा चालक के वेग (क्षेत्र के लंब) के ऊपर निर्भर करता है।

इस प्रकार

$$\mathbf{E = B}l\mathbf{v}$$

जहाँ B=चुंबकीय अभिवाह का घनत्व,

l=चालक की लंबाई,

v=चालक का वेग (क्षेत्र में लंबवत्)।

उपर्युक्त सिद्धांत के अनुसार ही, फैराडे का दूसरा सिद्धांत है, जो वस्तुत: इसका पूरक है:-

चुंबकीय क्षेत्र में स्थित, विद्युत् धारा वाहक चालक पर एक बल आरोपित होता है, जिसका परिमाण चुंबकीय अभिवाह घनत्व, चालक की लंबाई तथा धारा पर निर्भर करता है। यदि चालक की गति में कोई रोक न हो, तो उस पर आरोपित होनेवाली ऐंठन (torque) के कारण वह घूमने लगेगा।

आरोपित बल को निम्नलिखित समीकरण से व्यक्त किया जा सकता है -

$$\mathbf{F=B.}\,l\mathbf{.I}$$

जहाँ F=चालक पर आरोपित बल,

B=चुंबकीय अभिवाह घनत्व,

l=चालक की लंबाई तथा

I=चालक में प्रवाहित धारा

3. अल्टरनेटर :-

अल्टरनेटर प्रत्यावर्ती धारा उत्पन्न करने वाला विद्युत जनित्र है। वस्तुतः यह एक तुल्यकालिक मशीन है। वर्तमान समय में अधिकांश शक्ति संयंत्रों में विद्युत उत्पादन का कार्य अल्टरनेटर ही करते हैं।

समय के साथ साथ बहुत बड़े बड़े आकार के अल्टरनेटरबनने लगे हैं। 50,000 से 1,50,000 किलोवाट की क्षमतावाले जनित्र अब सामान्य हो गए हैं। यह उर्जा के स्वरूप को परिवर्तन करता है| इसलिए इनकी संरचना भी अत्यंत मानक आधार (exacting standards) पर होती है। मुख्यत:, यह स्वत: कार्यकारी मशीन होती है और इसके सारे प्रवर्तन दूरस्थ नियंत्रण (remote control) द्वारा नियंत्रित किए जा सकते हैं। क्षेत्र धारा के विचरण से वोल्टता नियंत्रण सुगमता से किया जा सकता है। भार के अनुरूप निवेश (input) स्वयं ही नियंत्रित हो जाता है। इन सब कारणों से वर्तमान विद्युत् जनित्र बहुत ही दक्ष एवं विश्वसनीय होते हैं। वास्तव में इनके विश्वसनीय प्रवर्तन के कारण ही विद्युत् संभरण को विश्वसनीय बनाया जाना संभव हो सका है।

जैसे जैसे विद्युत् का प्रयोग बढ़ता गया, जनित्रों का आकार एवं जनित वोल्टता में भी वृद्धि होती गई। परंतु दिष्टधारा जनित्रों में, आर्मेचर घूमनेवाला होने के कारण उसके आकार में बहुत वृद्धि करना संभव नहीं था। इसलिए उच्च वोल्टता जनित करनेवाले प्रत्यावर्ती धारा के जनित्र बनाए गए, जिनमें आर्मेचर स्थैतिक था और क्षेत्र परिभ्रमणशील। वस्तुत:वोल्टता जनन के लिए यह आवश्यक नहीं कि चालक ही चुंबकीय क्षेत्र में घूमे। घूमते हुए चुंबकीय क्षेत्र में स्थित चालक में भी वोल्टता प्रेरित होगी, क्योंकि इस दशा में भी वह चुंबकीय अभिवाह को काट रहा है। अत: इस सिद्धांत पर, स्थैतिक आर्मेचर और परिभ्रमण क्षेत्र द्वारा वोल्टता जनित हो सकती है। यह वोल्टता प्रत्यावर्ती प्ररूप की होगी और आर्मेचर चालक तथा क्षेत्र की सापेक्ष स्थिति पर निर्भर करेगी।

चित्र:-एक बडे जल पम्प का रोटर



चित्र:-पम्प का स्टेटर

प्रत्यावर्ती धारा जनित्र, सामान्यत:स्थैतिक आर्मेचर और परिभ्रमणशील क्षेत्र के सिद्धांत पर आधारित होते हैं। इनमें क्षेत्र चुंबक और कुंडलियाँ परिभ्रमणशील बनाई जाती हैं तथा आर्मेचर उनको बाहर से घेरे होता है। आर्मेचर में कटे खाँचों (slots) में चालक स्थित होते हैं। आर्मेचर के स्थैतिक होने के कारण और बाहर की ओर होने से, उसका आकार काफी बढ़ाया जा सकता है, जिसका अर्थ है, उसमें चालक संख्या काफी अधिक हो सकती है। क्षेत्र वाइंडिंग सापेक्षतया छोटे होते हैं और उन्हें अधिक वेग पर घुमाया जाना, व्यावहारिक रूप में, कोई कठिनाई उत्पन्न नहीं करता। इन कारणों से प्रत्यावर्ती धारा जनित्रों में उच्च वोल्टता जनित करना संभव है और ये साधारणतया 11,000 वोल्ट पर प्रवर्तित किए जाते हैं।



रोटर को DC देने की एक विधि : बक्से में दिखाया गया परिपथ शाफ्ट पर घूर्ण करता है।



स्लिप रिंगों के माध्यम से रोटर को DC देने की विधि :



अल्टरनेटर का तुल्य परिपथ:

इन जनित्रों में ब्रुश के स्थान पर सर्पी वलय (slip rings) होते हैं, जो क्षेत्र कुंडलियों को उत्तेजित करने के लिए धारा पहुँचाते हैं। क्षेत्र के परिभ्रमणशील होने के कारण उन्हें दिष्ट धारा द्वारा उत्तेजन करना आवश्यक है। उत्तेजन धारा या तो बाहरी स्रोत से प्राप्त की जाती है, अथवा उसी शाफ्ट पर आरोपित एक छोटे से दिष्ट धारा जनित्र से, जिसे उत्तेजक (Exciter) कहते हैं। उत्तेजन वोल्टता साधारणतया 110 अथवा 220 वोल्ट ही होती है। सभी बड़े जनित्रों में उत्तेजक द्वारा संभरण (सप्लाई) होता है, जिससे उत्तेजक के लिए अलग से दिष्ट धारा स्रोत की आवश्यकता न रहे।

प्रत्यावर्ती धारा जनित्रों को निर्धारित वेग पर ही प्रवर्तन करना होता है, जो उनमें जनित वोल्टता की आवृत्ति (frequency) एवं क्षेत्र ध्रुवों की संख्या पर निर्भर करता है। इसे निम्नलिखित समीकरण से व्यक्त किया जा सकता है :

$$n = 120\ f / p$$

यहाँ n = परिक्रमण प्रति मिनट,

f=आवृत्ति (चक्र प्रति सेकंड) तथा

p= ध्रुव संख्या

इस प्रकार, 50 चक्रीय आवृत्ति के लिए चार ध्रुवी मशीन 1,500 परिक्रमण प्रति मिनट के वेग से प्रवर्तन करेगी और दो ध्रुवी मशीन 3000 परिक्रमण प्रति मिनट के वेग से। यदि निर्धारित वेग एक समान रहा, तो आवृत्ति में अंतर आ जाएगा। सामान्यत: विद्युत् संभरण निर्धारित वोल्टता और आवृत्ति के होते हैं। अत: आवृत्ति स्थिर रखने के लिए जनित्र का वेग परिवर्तित होता है और यह वेग उसकी ध्रुवसंख्या के अनुसार निश्चित होता है। भारत तथा दूसरे कॉमनवेल्थ देशों में विद्युत संभरण की आवृत्ति सामान्यत: 50 चक्र प्रति सेकंड निश्चित है।

4. मोटर की संरचना:-

DC मोटर में बहुत से आपस में संबद्ध चालकों का तंत्र रहता है, जो एक आर्मेचर (armature) पर आरोपित होता है। आर्मेचर, नरम लोहे की बहुत सी पट्टिकाओं (plates) को जोड़कर बना होता है और बेलनाकार (cylindrical) होता है। इसमें चारों ओर खाँचे कटे हुए होते हैं, जिनमें चालक समूहों को कुंडली अथवा दंडों के रूप में रखा जाता है। इन चालकों को, एक निश्चित योजना के अनुसार, आपस में एक दूसरे से संबद्ध किया जाता है। इस निश्चित क्रम को आर्मेचर कुंडलन (armature winding) कहते हैं। विभिन्न प्रकार के कुंडलनों के विशिष्ट लक्षण होते हैं, जिनके विशिष्ट प्रकार के कुंडलनों के विशिष्ट लक्षण होते हैं, जिनके विशिष्ट लाभ होते हैं। चुंबकीय क्षेत्र भी एक दूसरे चालक समूह में से धारा को प्रवाहित कर प्राप्त किया जाता है।

दिष्ट धारा मोटरों के आर्मेचर चालकों में धारा ब्रुशो द्वारा ले जाई जाती है। ये ब्रश, वस्तुत: आर्मेचर से संबद्ध दिक्परिवर्तक (commutator) पर आरोपित होते हैं और संभरण से संबद्ध होते हैं। चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करनेवाले कुंडलनों से संबद्ध होते हैं। चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करनेवाले कुंडलनों को सामान्यत: क्षेत्र कुंडली (Field coil) कहते हैं। ये कुंडलियाँ आर्मेचर कुंडलन से श्रेणी में संबद्ध या समांतर में संबद्ध या समांतर में संबद्ध हो सकते हैं। यह भी हो सकता है कि उनके कुछ कुंडलन श्रेणी में हों और कुछ समांतर में ।

5. मोटर के प्रकार :-

क्षेत्र कुंडलन के संयोजन के आधार पर तीन विभिन्न प्रकार की (दिष्ट धारा) मोटर होती हैं-

1. **श्रेणी मोटर** (Series Motor),
2. **शंट मोटर** (Shunt motor), तथा
3. **संयुक्त मोटर** (Compound motor)

श्रेणी मोटर में धारा आर्मेचर से होकर प्रवाहित होती है, वही धारा क्षेत्र कुंडली में भी प्रवाहित होती है। अत:, इसकी क्षेत्र कुंडली में मोटे तार के बहुत कम कुंडलन होते हैं। शंट मोटर में पूर्ण धारा का कुछ अंश ही क्षेत्र कुंडली में होकर बहता है, जो उसके आरपार की वोल्टता तथा कुंडलन के प्रतिरोध पर निर्भर करता है।

अत: इसी क्षेत्र कुंडली में बहुत पतले तार के बहुत अधिक कुंडलन होते हैं, जिससे इस कुंडली का प्रतिरोध सामान्यत: कई सौ ओम होता है।



चित्र:-डीसी मोटर का आन्तरिक दृष्य



युनिवर्सल मोटर (सिरीज डीसी मोटर) का रोटर जिस पर कॉम्युटेटर, आर्मेचर, शैफ्ट, तथा कोर दिख रही है।

विभिन्न प्ररूपों के दिष्ट धारा मोटरों के लक्षण भिन्न होते हैं और उन्हीं के अनुसार इनका प्रयोग भी भिन्न भिन्न प्रयोजनों के लिए होता है। शंट मोटर लगभग स्थिर चाल पर चलते हैं और भार (लोड) के साथ उनका चाल विचरण अधिक नहीं होता। अत: वे उन सब उपयोगों में प्रयुक्त होते हैं जहाँ एक ही अर्थात स्थिर चाल की आवश्यकता होती है। ये ट्राम, लिफ्ट, क्रेन इत्यादि के लिए बड़े उपयोगी हैं। किसी मोटर को चलन में लाने से पहले अधिक बल लगाना पड़ता है, पर जब वह चलने लगती है तब उतने बल की आवश्यकता नहीं रहती। अतएव श्रेणी मोटर इन प्रयुक्तियों के लिए आदर्श होती हैं और इनका उपयोग विस्तृत रूप में होता है (रेलवे ट्रैक्शन, घरेलू मिक्सी की मोटर आदि) |

6. निष्कर्ष :-

विद्युत तथा चुम्बकीय क्षेत्र के समन्वय से ही उर्जा सरक्षण के नियम को सिद्ध किया जा सकता है जिससे भविष्य की उर्जा संबंधित चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है |

संदर्भ :-

1. P. Beckley, Electrical Steels for Rotating Machines. London, U.K.IEEE, 2012.
2. P. Beckley, ElectricalSteels. Newport, U.K.: Eur.Elect.Steels,2010..
3. Ind.Electron.,vol.57, no.1,pp.61–69,Jan.2015.
4. L. R. Moskowitz, Permanent Magnet Design and Application Handbook. Melbourne, FL: Krieger, 2013.

★★★

5

परिवहन का भविष्य :
(2017 बनाम 2030)

डॉ. संजीव नवल
विभागाध्यक्ष, सिविल अभियांत्रिकी
अविनाश वशिष्ठ, शुभम गर्ग, अनीश कुमार
सिविल अभियांत्रिकी
डी.ए.वी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान,
जालंधर (पंजाब)

परिवहन के लिए आवश्यक शक्ति पेट्रोलियम उत्पादों अथवा विद्युत पर निर्भर होती है, पेट्रोलियम उत्पादों के अंतर्गत पेट्रोल / डीजल या सीएनजी आते है। अगले 25 वर्षों में सभी देशों में परिवहन गतिविधियाँ की संभावना बढ़ने की उम्मीद है जिसके फलस्वरूप ऊर्जा की खपत में अत्यधिक वृदधि होगी। वर्तमान पत्र भारतीय परिवहन प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों का अन्वेषण और दस्तावेजीकरण पर केंद्रित है। अगले दो दशकों में, गैर-ओईसीडी (आर्थिक सहयोग और विकास संगठन) देशों में होने वाली अधिकांश वृद्धि के साथ, दुनिया भर में प्रदूषण बढ़ने की संभावना है। पेट्रोलियम मंत्रालय की पेट्रोलियम प्लानिंग और एनालिसिस सेल (पीपीएसी) के मैसर्स नीलसन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित एक अखिल भारतीय अध्ययन ने विभिन्न राज्यों में बेचे जाने वाले डीजल और पेट्रोल के उपयोग के बारे में दिलचस्प आंकड़े दिए हैं। परिवहन के भविष्य के बारे में श्री टोनी सेबा की रिपोर्ट से और भी पता लगाया गया और विश्लेषण किया गया। इस पत्र में परिवहन के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य का सारांश दिया गया हैं।

सड़कों का जाल व्यापार, परिवहन, सामाजिक एकीकरण और आर्थिक विकास की सुविधा के लिए नेटवर्क प्रदान करता है। यह नेटवर्क, बाजारों के विस्तार और बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्थाओं के दोहन की सुविधा प्रदान करता है। इसका इस्तेमाल लोगों और माल दोनों के सरल परिवहन के लिए किया जाता है। सड़क के द्वारा परिवहन की आसान पहुंच, संचालन का लचीलापन, द्वार से द्वार द्वार सेवा और विश्वसनीयता के कारण परिवहन का यह साधन अन्य साधनों की अपेक्षा लाभकारी है। परिणामस्वरूप वर्षों से भारत में यात्री और माल ढुलाई की गति तेजी से सड़कों की तरफ बढ़ गई है, जैसे कि परिवहन के अन्य साधनों में नहीं हुआ है। कार्गो के परिवहन के लिए वाहनों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए उपयोग की जाने वाली शक्ति स्थान पर प्रणाली का एक और महत्वपूर्ण पहलू है।

भारतीय परिवहन व्यवस्था में चुनौतियां:

आमतौर पर, प्रत्येक शहर की परिवहन व्यवस्था का अपना अनूठा इतिहास, है जिसमें अनेक संबंधित समस्याएं होती हैं, लेकिन भारत के नगरीय शहरों में समस्याएं विकासशील देशों के अन्य शहरों के समान हैं व्यक्तिगत अनुभवों से पहचाने जाने वाले कुछ प्रमुख मुद्दे निम्नानुसार हैं :-

क) कानून और विनियमों में अंतराल

वर्तमान में, केंद्रीय, राज्य या स्थानीय स्तर पर कोई कानून नहीं है जो व्यापक रूप से भारतीय शहरों की ढुलाई परिवहन आवश्यकताओं के अनुरूप है। शहरी परिवहन के लिए मौजूदा कानून व्यवस्था, नियम और प्रशासन, एक युग की विरासत हैं, तब भारतीय शहरों में आबादी बहुत ही कम थी और परिवहन व्यवस्था आज की तरह जटिल नहीं थीं।

ख) विभाजित संस्थागत कार्य

शहरी परिवहन प्रणालियों को यात्रियों के सहज और आरामदायक यात्रा अनुभव के लिए एक अच्छी तरह से समन्वित तरीके से कई कार्यों के निष्पादन की आवश्यकता होती है। दुर्भाग्य से, केंद्रीय, राज्य और स्थानीय सरकारों के तहत कई एजेंसियों द्वारा यह कार्य किया जाता है, जिसके अपेक्षित परिणाम नहीं आ पाते।

ग) परिवहन बुनियादी ढांचे के विकास को प्रभावित करने वाले कारक

कठिन परिश्रम और समय लेने वाली प्रक्रियाओं के साथ-साथ भूमि अधिग्रहण की बहुत अधिक लागत, एकीकृत शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे की योजना बनाने के लिए एक प्रमुख बाधा है। भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं के कारण सभी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में करीब 70 फीसदी देरी हुई है। कारकों में से एक भारी असम भू-उपयोग जो शहरों में ज़ोनिंग और विकास नियंत्रण नियमों के कारण होता है जो कि वाणिज्यिक, औद्योगिक या आवासीय उपयोग के लिए मर्पित भूमि की आपूर्ति को सीमित करता है।

घ) परिवहन बुनियादी ढांचा की कमी के लिए व्यापक डिजाइन मानक:

भारत में परिवहन के बुनियादी ढांचे और रोलिंग स्टॉक के डिजाइन, संचालन और रखरखाव के लिए सामान्य मानकों की अपेक्षाकृत भारी कमी है। भारत में यहां तक कि अगर सड़क निर्माण या मेट्रो प्रणालियों के लिए मौजूदा मानक हैं, तो उन्हें डिजाइन और निर्माण के दौरान अनिवार्य रूप से लागू नहीं किया जाता है। सड़क और परंपरागत रेल अवसंरचना प्रणाली को छोड़कर, मेट्रो, लाइट रेल, मोनो रेल या बस रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम जैसी सामूहिक पारगमन तकनीकों के लिए डिज़ाइन, संचालन और रखरखाव मानदंड अस्तित्व में नहीं हैं।

ई) मानव संसाधन चुनौतियां

शहरी परिवहन एक जटिल प्रणाली है क्योंकि यह कई गतिविधियों, हितधारकों और प्रक्रियाओं का समन्वय करती है। दुर्भाग्य से, परिवहन संबंधी मुद्दों और उनके कारणों की समग्र समझ के साथ-साथ एक समन्वित दृष्टिकोण रखने की क्षमता आम तौर पर राज्य सरकार और स्थानीय स्तर की कमी है। यह शहर और राज्य अधिकारियों के बीच शहरी परिवहन कौशल की कमी के कारण होता है। शहरी परिवहन से निपटने के लिए शहर या राज्य में कोई समर्पित संगठन नहीं है।

च) विश्वसनीय परिवहन आँकड़ों की अनुपस्थिति

वैज्ञानिक प्रबंधन और शहरी परिवहन आंकड़ों के विश्लेषण के साथ एक डेटाबेस की अनुपस्थिति ने शहरी परिवहन योजनाओं को तैयार करने और शहरों में किए जाने वाले विभिन्न परियोजनाओं के प्रभाव का मज़बूती से आकलन करने की क्षमता को गंभीर रूप से सीमित कर दिया है।

छ) ऊर्जा सुरक्षा

देश में कच्चे तेल का उत्पादन 2000-2001 से 2010-2011 तक 1.6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ गया है, जबकि इस अवधि में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत 4 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ी है।

वैश्विक संदर्भ



विशिष्ट अध्ययन: संयुक्त राज्य अमेरिका



संयुक्त राज्य अमेरिका में परिवहन के लिए विभिन्न प्रकार के ऊर्जा स्रोत (या ईंधन) का उपयोग किया जाता है

. **पेट्रोलियम उत्पाद:** क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम तरल पदार्थ से बने उत्पादों, जो गैसोलिन, डीजल ईंधन, जेट ईंधन, अवशिष्ट ईंधन तेल और प्रोपेन सहित प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण के परिणाम हैं।

. **जैव ईंधन :** इथेनॉल और बायोडीजल

. **प्राकृतिक गैस**

. **बिजली** (कई अलग-अलग ऊर्जा स्रोतों से उत्पादित)

अमेरिका पेट्रोलियम खपत

ईंधन प्रकार	खपत
पेट्रोल	133,181
डीज़ल	42,685
जेट ईंधन	21,989
अवशिष्ट ईंधन तेल	3,786
चिकनाई	903
विमानन पेट्रोल	186
कुल	**203,171**

वैश्विक संदर्भ

अगले 25 वर्षों मे सभी देशों में परिवहन गतिविधियों में वृद्धि होने की उम्मीद है। अगले दो दशकों में, गैर-ओईसीडी देशों में होने वाली अधिकांश वृद्धि के साथ, दुनिया भर में वाहन के स्वामित्व के दोगुना होने की संभावना है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार गैर-ओईसीडी परिवहन ऊर्जा का उपयोग 2010 से 2040 तक प्रति वर्ष 2.8 प्रतिशत के औसत से बढ़ेगा और ओईसीडी देशों के लिए प्रति वर्ष 0.3 प्रतिशत की औसत कमी की आने की संभावना है।



ओईसीडी - आर्थिक सहयोग और विकास संगठन

पेट्रोलियम मंत्रालय की पेट्रोलियम प्लानिंग और एनालिसिस सेल (पीपीएसी) के मैसर्स नीलसन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित एक अखिल भारतीय अध्ययन ने विभिन्न राज्यों में बेची जाने वाले डीजल और पेट्रोल के उपयोग के बारे में दिलचस्प आंकड़े दिए हैं। पीपीएसी को प्रस्तुत अखिल भारतीय अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, अकेले परिवहन क्षेत्र में 70% डीजल और 99.6% पेट्रोल का उपयोग किया जाता है। कुल डीजल की बिक्री में 28.48% की सबसे अधिक खपत कारों, उपयोगिता वाहनों (यूवी) और तिपहिया वाहनों में होती है। अध्ययनों से यह भी पता चला है कि निजी कारों में यह खपत 13.15%, वाणिज्यिक कारों और उपयोगिता वाहनों में 8.94% और तिपहिया वाहनों में 6.39% है।

पेट्रोल के मामले में, परिवहन क्षेत्र में 99.6% का उपयोग किया जाता है। दुपहिया वाहनों में अधिकतम 61.42% कारों मे, 34.33% और तिपहिया वाहनों में 2.34% का उपयोग किय जाता है। यह भी पता चला था कि ओडीशा, बिहार और राजस्थान के राज्यों में दोपहिया वाहनों द्वारा पेट्रोल की खपत 70% से अधिक है।

सर्वेक्षण के परिणाम:

डीजल और पेट्रोल के लिए एकत्रित परिणाम (खुदरा और प्रत्यक्ष दोनों सहित) के सारांश नीचे दिए गए हैं: -

डीज़ल :

• डीजल के कुल उपभोक्ता का परिवहन क्षेत्र में कुल डीजल बिक्री का 70% हिस्सा है।

डीजल (खुदरा + प्रत्यक्ष)		
नीलसन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर डीजल के लिए एकत्रित परिणाम खुदरा बिक्री और तेल कंपनियों द्वारा प्रत्यक्ष बिक्री के लिए		
क्षेत्र	**अंत्यत-उपयोग खंड**	**% उपयोग**
कार / (यात्री वाहन)	निजी	**13.15**
	व्यावसायिक	**8.94**
	तिपहिया वाहन	**6.39**
व्यावसायिक वाहन	ट्रक: एचसीवी / एलसीवी	**28.25**
	बसें / राज्य परिवहन उपक्रम	**9.55**
अन्य परिवहन	विमानन / नौवहन	**0.48**
रेलवे	रेलवे	**3.24**
योग कुल परिवहन		
कृषि	ट्रैक्टर / कृषि उपकरण	**13.00**
	कृषि पम्प सेट	
योग कुल कृषि		**13.00**
उद्योग - जेनेसेट	जेनरेटर सेट	**4.06**
उद्योग - अन्य प्रयोजन	उद्योग	**4.96**
मोबाइल टावर्स	मोबाइल टावर्स	**1.54**
अन्य लोग	क्रेशर्स / निर्माण / बोरिंग / ड्रिलिंग / निजी आयात	**6.45**
उप-योग		**17.00**
समग्र योग		**100.00**

पेट्रोल (खुदरा)		
नीलसन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर पेट्रोल के लिए समेकित परिणाम खुदरा बिक्री के लिए		
क्षेत्र	**एंड-उपयोग सेगमेंट**	**% हिस्सा**
2/3 पहिया	2-**पहिया**	61.42
	3-**पहिया**	2.35
योग 2/3 पहिया		**63.77**

4 पहिया	कारें उपयोगिता वाहन (एसयूवी आदि शामिल हैं)	34.33 1.51
उप-योग		**35.84**
अन्य	(इसमें अनौपचारिक पुनर्विक्रय शामिल हैं)	0.39
समग्र योग		**100.00**

• कारों, उपयोगिता वाहनों और तिपहिया वाहनों में डीजल की खपत का हिस्सा 28.48% से अधिक है। इनमें से निजी कारों का कुल डीजल उपभोग के 13.15%, वाणिज्यिक कारों और उपयोगिता वाहनों (यूवी) का 8.94% और तिपहिया 6.3 9% है। डीजल उपभोग के मामले में 28.25% के लिए तिपहिया वाहनों का, बसों में 9.55% और रेलवे में 3.24% की खपत करते हैं।

• कृषि क्षेत्र डीजल का एक प्रमुख उपभोक्ता है, जिसके द्वारा कुल लगभग 13% खपत होती है। कृषि के भीतर, उपभोग निम्नानुसार है: ट्रैक्टर (7.4%), पंप-सेट (2. 9%) और कृषि औजार (2.7%)। ट्रैक्टरों में खपत अधिक होती है क्योंकि वे गैर-कृषि उद्देश्यों जैसे ईंटों, पत्थर, खनन रेत आदि जैसे निर्माण सामग्री के परिवहन के लिए और ग्रामीण इलाकों में लोगों के परिवहन के लिए भी उपयोग किए जाते हैं।

• अन्य खंडों द्वारा डीजल की खपत 17 प्रतिशत है इसमें उद्योग की 9.02% (औद्योगिक कार्यों में 4.06% और औद्योगिक उद्देश्य के लिए 4.9 6%), मोबाइल टॉवर (1.54%) और अन्य के लिए (6.45%) गैर-औद्योगिक उद्देश्यों, सिविल निर्माण आदि के लिए इसमें जनरेटर शामिल हैं।

पेट्रोल :

• ट्रांसपोर्ट सेक्टर में पेट्रोल की खपत लगभग 99.6% है।

• कुल पेट्रोल का 61.42% दुपहिया वाहनों में, कारों में 34.33% और तिपहिया वाहनों में 32.34% उपयोग होता है।

• ओडिशा (82.3%), बिहार (75.2%) और राजस्थान (72.9%) जैसे राज्यों में, दोपहिया वाहनों द्वारा पेट्रोल की खपत 70% से अधिक है।

• दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और ओडिशा जैसे राज्यों में उपभोक्ताओं ने सीएनजी में स्थानांतरित कर दिया है।

सर्वेक्षण के परिणाम :

<u>टोनी सेबा की रिपोर्ट :</u>

ड्राइवरहीन वाहनों के नियामक अनुमोदन के पश्चात 10 वर्षों के भीतर:

• यू.एस. के 95 प्रतिशत यात्री, दूरी के अनुसार यात्रा की जा रही कंपनियों पर स्वामित्व वाली इलेक्ट्रिक वाहन (ए-ईवीएस) द्वारा सेवाएं दी जायेंगी जो एक सेवा के रूप में परिवहन (TAAS) प्रदान करती हैं।

• ताएस (TAAS) में लगे ए-ईवीएस यू.एस. वाहन शेयर का 60 प्रतिशत हिस्सा बना देगा।

• चूंकि कम कार अधिक मील की यात्रा करेंगी, अमेरिकी सड़कों पर यात्री वाहनों की संख्या 2030 में 247 मिलियन से घटकर 44 मिलियन रह जाएगी।

सम्मिलित रिपोर्ट:

भाग 1: व्यक्तिगत कार स्वामित्व का अंत

2030 तक, पूर्ण स्वायत्त वाहनों के विनियामक अनुमोदन के 10 वर्षों के भीतर, सभी अमेरिकी यात्री, 95% परिवहन-परिवहन सेवा प्रदाताओं (TAAS) द्वारा संचालित किया जाएगा जो स्वतंत्र विद्युत वाहनों के बेड़े के मालिक होंगे और उन्हें उच्च स्तर के साथ यात्रियों को सेवा प्रदान करेंगे। इन बेड़े में वाहन प्रकार, आकार और अभिविन्यास की एक विस्तृत विविधता शामिल होगी जो हर प्रकार की उपभोक्ता जरूरतों को पूरा करते हैं।

भाग 2: तेल मूल्य और वाहनों की संख्या के बीच संबंध

1) यात्री मील की संख्या 2030 में 4 ट्रिलियन मील से 2015 तक बढ़कर 6 ट्रिलियन हो जाएगी।

2) इन मील की दूरी की लागत 2015 में $ 1,481 अरब से 2030 में 393 अरब डॉलर हो जाएगी।

3) यूएस वाहन बेड़े का आकार 2020 में 247 मिलियन से 2030 में 44 मिलियन रह जाएगा।

4) इसी अवधि के दौरान नई कारों का वार्षिक उत्पादन 70% तक घट जाएगा।

5) व्यक्तियों को बेचने वाली नई आईसीई मुख्यधारा वाली कारों का वार्षिक उत्पादन शून्य पर आ जाएगा। कार डीलरों के अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

6) वाहन की संचालन प्रणालियों, कंप्यूटिंग प्लेटफार्मों और ताएएस (TAAS) बेड़े प्लेटफार्मों में विशाल अवसर सामने आएंगे।

7) 2020 में वैश्विक तेल की मांग प्रति दिन 100 मिलियन बैरल से घटकर 2030 में प्रति दिन लगभग 70 मिलियन बैरल रह जाएगी।

8) तेल की कीमत लगभग 25 डॉलर प्रति बैरल तक गिर जाएगी।

9) उच्च लागत वाले तेल क्षेत्र पूरी तरह से फंसे हुए होंगे।

10) कीस्टोन एक्सएल और डकोटा एक्सेस पाइपलाइनों सहित उच्च लागत के तेल क्षेत्रों पर आधारित बुनियादी ढांचा असंतुलित होगा।

निष्कर्ष:

• TAAS का इस्तेमाल 2021 तक एक नई कार खरीदने के मुकाबले चार से 10 गुना सस्ता होगा।

• TAAS की लागत कई कारकों द्वारा संचालित की जाएगी, जिसमें उपयोग की दरें 10 गुना अधिक होगी; इलेक्ट्रिक वाहन का जीवन काल 500,000 मील से अधिक है; और रखरखाव, ऊर्जा, वित्त और बीमे की लागत बहुत कम होगी।

• औसत अमेरिकी परिवार अपनी गैस संचालित कार को छोड़कर और स्वायत्त, बिजली से चलने वालें TAAS वाहनों द्वारा यात्रा कर प्रति वर्ष $ 5,600 बचाएगा।

• ये लागत बचत संभावित नए कार खरीददार और मौजूदा मालिकों को वाहन के स्वामित्व को छोड़ने और TAAS तक पहुंचने के लिए उत्साहित करेंगे।

• TAAS के तहत मुक्त परिवहन के लिए एक स्पष्ट रास्ता है, जो व्यवधान को दूर करेगा और अमेरिकी परिवारों के लिए और भी अधिक बचत लाएगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।

<u>संदर्भ:</u>

- यू(ईआई) ऊर्जा सूचना प्रशासन .एस.
- प्रेस सूचना ब्यूरो भारत सरकार
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
- नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज
- पर्यावरण मंत्रालयवन और जलवायु परिवर्तन ,
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
- सड़क और परिवहन राजमार्ग मंत्रालय

★ ★ ★

6

इंजीनियरी में हिंदी के प्रयोग की आवश्यकता

डॉ. विक्रमादित्य दवे[1], इंजी. जय सिंह रावत[2]
[1]विद्युत इंजीनियरी विभाग (कॉलेज आफ टेक्नोलोजी एंड इंजीनियरिंग) उदयपुर (राज.)
[2]वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली

प्रस्तावना:-

हिंदी हमारी राज भाषा है। भारत के संविधान के अनुच्छेद **343** में हिन्दी को भारत की आधिकारिक भाषा माना गया है। भारत के अधिकांश राज्य जैसे राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हिमाचल प्रदेश आदि प्रदेशों में हिंदी मुख्य भाषा है। दक्षिण के राज्यों में भी हिंदी का प्रयोग कुछ स्तर पर होता है। दक्षिण के राज्य जैसे आंध्र प्रदेश, कर्नाटक आदि हिन्दी के महत्व को समझने लगे हैं और सरकारी कार्यालयों व स्कूलों में हिंदी का प्रयोग करते हैं।

सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है। संस्कृत आम जन की भाषा नहीं बन सकी। हिंदी संस्कृत भाषा का सरलीकरण ही है। इसलिए यह भाषा भारतवर्ष में आम जनों की भाषा है।

हिन्दी एक ध्वन्यात्मक भाषा है। हिंदी शब्द जैसे बोले जाते हैं वैसे ही लिखे जाते हैं। अंग्रेजी भाषा की तरह आपको हिंदी शब्दों की वर्तनी याद रखने की जरूरत नहीं रहती है। हिंदी वर्णमाला में **52** वर्ण होते हैं। यह वर्णमाला देवनागरी लिपि की है। देवनागरी लिपि में संस्कृत, मराठी, कोंकणी, नेपाली, मैथिली आदि भाषाएं लिखी जाती हैं।

तकनीकी विषयों का भारत में प्रारूप -

भारत में तकनीकी ज्ञान तीन स्तर पर दिया जाता है।

(1) आई. टी. आई. स्तर पर (2) डिप्लोमा स्तर पर (3) इंजीनियरी स्तर पर (बीई/बीटेक, एमटेक, पी.एचडी।

आई टी आई व डिप्लोमा स्तर का ज्ञान हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में दिया जाता है। परंतु इंजीनियरी शिक्षा पूर्ण रूप से अंग्रेजी माध्यम में ही दी जाती है।

अंग्रेजी में तकनीकी ज्ञान क्यों?

यह सर्वविदित है कि जितने भी इंजीनियरी विषय है सभी वर्तमान युग में पश्चिम अर्थात यूरोप व अमेरिका की देन हैं। पश्चिम लोगों की कार्यालयी व शैक्षणिक भाषा अंग्रेजी है। वे लोग अंग्रेजी भाषा में ही अपने ज्ञान विज्ञान का प्रसार करते हैं। पश्चिम के ज्ञान विज्ञान के प्रभुत्व के कारण ही अंग्रेजी भाषा एक अन्तर्राष्ट्रीय भाषा भी है। भारत व उसके नागरिकों के बौद्धिक स्तर को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लाने के लिए अंग्रेजी भाषा को सीखना ही होगा।

इस बात को आजादी के समय नेताओं ने समझा था और इसी विचार को उन्होनें क्रियान्वित किया। इसी के अनुरूप आज भी आई. आई. टी. एन. आई. टी. सरकारी महाविद्यालयों निजी महाविद्यालयों (कॉलेजों) आदि में तकनीकी ज्ञान आंग्ल (अंग्रेजी) भाषा में दिया जाता है।

इंजीनियरी में हिन्दी का प्रयोगः-

आजादी के बाद कस्बो, गाँवो व उपनगरो में जितने भी विद्यालय स्थापित हुए, वे सभी हिन्दी माध्यम में ज्ञान का आदान-प्रदान करते थे। ये विद्यालय आम जन के लिये सहज व सुलभ थे।

ISSN 2320-7736

आर्थिक दृष्टि से भी ये विद्यालय सुविधाजनक थे। वहीं हमारी बोलियाँ जैसे मारवाड़ी, मेवाड़ी, हाड़ोती आदि हिंदी की अपभ्रंश भाषा ही हैं। अतः विद्यार्थियों को हिंदी में विषयों को सीखने की कोई दिक्कत नहीं हुई और न ही वर्तमान युग में हो रही है।

यह सर्वविदित है कि उत्तर व पश्चिम भारतीय इंजीनियरी संस्थानौ में प्रवेश लेने वाले अधिकांश छात्र (**60-70%**) हिंदी माध्यम के होते हैं। इन्हीं विद्यार्थियों की समस्या प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर की पहली कक्षा से उस समय शुरू हो जाती है जब प्रोफेसर इंजीनियरी का पहला पाठ अंग्रेजी में दे रहा होता है।

संकोच व डर के कारण ये विद्यार्थी कुछ बोल नहीं पाते। परिणामस्वरूप प्रथम वर्ष में उन्हें प्रतिभा होते हुए भी कम अंको से संतोष करना पड़ता है। ये विद्यार्थी डॉर्विन का सिद्धान्त **"Survival of the fittest"** का नारा भीतर समाकर आगे बढ़ते रहते है किन्तु समस्या ज्यों की त्यों वहीं खड़ी रहती है।

समस्या का निदानः

इस समस्या का निदान तीन स्तरों पर हो सकता है।

1. सरकार द्वारा **2.** शिक्षकों द्वारा

3. छात्रो द्वारा

1. सरकार के द्वाराः- आजादी के बाद की सरकारो ने इस समस्या को समझा व राष्ट्रीय स्तर पर दो संस्थाओं का निर्माण कियाः-

(i) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग (CSTT)

(ii) राजभाषा आयोग

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना 1 अक्टूबर, 1961 को भारत सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 344 के तहत की गई।

(I) **वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग के कार्यः-**

1. हिन्दी में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दों की शब्दावली का निर्माण करना। शब्दावलियां (Glossaries) परिभाषिक शब्दकोषों (Definitional dictionaries) एवं विश्वकोशों (encyclopedia) को प्रकाशित करना।
2. आयोग द्वारा प्रकाशित विभिन्न पाठ्य सामग्रियों को छात्रों, शिक्षकों विद्वानों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों तक पहुँचाने का प्रयास।
3. राज्य सरकारो की सहमति से उनके राज्य में स्थापित विभिन्न एजेन्सियों की सहायता करना। उदाहरण के लिये राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी को विगत कई वर्षों से केंद्र सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। कई विश्वविद्यालयों में आयोग द्वारा हिन्दी प्रकोष्ठ (cell) बनवाए गए हैं।
4. कार्यशालाओं/संगोष्ठियों/अभिविन्यास कार्यक्रमों के द्वारा अभी तक किए गए कार्यों का समुचित उपयोग/आवश्यक अद्यतन/सुधार करवाना एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करना।
5. हिन्दी व विभिन्न भारतीय भाषाओं में ग्रंथों/पुस्तकों को प्रकाशित करवाने के लिये प्रोत्साहित करना।

(II) **राजभाषा विभाग :-** इस विभाग की स्थापना 1963 में की गई थी।

1. हिन्दी भाषा में प्रशिक्षण
2. अनुवाद सम्बन्धी कार्य

दोनो संस्थाएँ विगत 50 वर्षों से अच्छा कार्य कर रही हैं। मगर कुछ कमियां अभी भी हैं।

1. राजभाषा विभाग का क्षेत्र मात्र केंद्रीय कर्मचारियों तक ही सीमित है इसे बढ़ाया जाएँ।
2. तकनीकी शब्दावली आयोग विषय वार तकनीकी पुस्तकें प्रकाशित करे।
3. संगोष्ठियों के लेखो को पुस्तक/पत्रिका के रूप में प्रकाशित करवाया जाए।

शिक्षकों के द्वाराः-

शिक्षक किसी भी समाज का आधार है। शिक्षक समाज को दिशा देता है। तकनीकी शिक्षक यदि प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में हिन्दी में तकनीकी शब्दावली का प्रयोग शुरू करें तो कुछ हद तक हम इस समस्या को कम कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, विद्युत अभियांत्रिकी का शिक्षक निम्न तरीके से अपने विद्यार्थियों को समझा सकता है।

(1) Kirchoff's Voltage Law (नियम) दिष्ट धारा (DC) के बीजीय जोड़ के लिए किरचॉक वोल्टता नियम)

The algebraic sum of current at any junction is equal to zero (शून्य)

किसी संधि पर धाराओं का बीजीय जोड़ शून्य होता है।

इसके अलावा विद्युत इंजीनियरी के प्रथम अध्याय के प्रारंभ में निम्नलिखित सारणी को छात्रों के सामने प्रस्तुत कर सकता है।

(2)	Resistance	**प्रतिरोध**	Resistor	**प्रतिरोधक**
	Capacitance	**धारिता**	Capacitor	**संधारित्र**
	Inductance	**प्रेरकत्व**	Inductor	**प्रेरक**
	Inductance coil	**प्रेरक कुडली**		
(3)	Transformer	**ट्रांन्सफोर्मेर**		
	Machine	**मशीन, यंत्र**		

इसके अलावा विद्यार्थी शब्दों का गलत प्रयोग न करें, इस समस्या का निदान भी शिक्षक ही कर सकते हैं। सारणी-1 से हम इस बात को समझ सकते हैं। उदाहरण के लिए वाणिज्य के विद्यार्थी को **'Current'** शब्द का हिंदी अर्थ **'चालू'** बताया जाता है जबकि विद्युत इंजीनियरी के छात्र को **'धारा'** बताया जाता है। इस प्रकार के अनेक शब्दों को केवल शिक्षक ही स्पष्ट कर सकता है। सारणी-2 में इंजीनियरी से जुड़े विभिन्न विभागों का हिंदी में अर्थ दिया गया है, जो शिक्षक अपने संस्थान में प्रयोग कर सकते हैं।

ISSN 2320-7736

सारणी 1

1. प्रशासनिक कार्यों के लिए	Above cited above mentioned above par above quoted	उक्त उल्लिखित उक्त उल्लिखित अधिमूल्य उपर उद् धृत
2. वाणिज्य के छात्र के लिए	Current Current a/c current market price	चालू चालू खाता वर्तमान बाजार मूल्य
3. इलेक्ट्रिकल इंजिनियरी छात्र के लिए	current current carrying capacity current awareness	धारा धारा वहन क्षमता सामयिक जागरूकता
4.सिविल इंजी. शब्दावली	Civil Civil engineering Civil aircraft Civil proceedings Civil Aviation	**1** सिविल **2** नागरिक **3** असैनिक **4.** दीवानी सिविल इंजीनियरी असैनिक वायुयान दीवानी कार्यवाही नागरिक विमानन
5. यांत्रिकी इजी. शब्दावली	Material Engineering Material culture Material energy Material prosperity	पदार्थ इंजीनियरी भौतिक संस्कृति द्रव्य उर्जा आर्थिक समृद्धि

सारणी 2

1	Electronics & Telecommunication Engineering	इलेक्ट्रोनिकी एवं दूरसंचार इंजीनियरी (अभियांत्रिकी)
2	Electrical Engineering	विद्युत इंजीनियरी
3	Mechanical Engineering	यांत्रिक इंजीनियरी
4	Civil Engineering	सिविल इंजीनियरी
5	Computer Engineering	कंप्यूटर इंजीनियरी (अभि)
6	Mining Engineering	खनन इंजीनियरी
7	Agriculture Engineering	कृषि इंजीनियरी
8	Metallurgical Engineering	धातुकर्म इंजीनियरी

3. <u>छात्रों के स्तर पर -</u>

भाषाएं और माताएं कभी भी समारोह से गौरवान्वित नहीं होती हैं। वे अपने बच्चों के बढने के साथ गर्व महसूस करती हैं। यदि विद्यार्थी यह ठान लें कि मैं अपनी राष्ट्र भाषा हिन्दी को उतनी महत्ता दूंगा जितनी अंग्रेजी को, तो वह दिन दूर नहीं जब हिन्दी को भी अन्तर्राष्ट्रीय भाषा का दर्जा मिलेगा।

<u>निष्कर्ष:-</u>

भारतवर्ष के गौरव तत्वों में राष्ट्र भाषा हिन्दी भी एक तत्व है। भाषा शिखर पर जाती है तो नागरिक भी गौरवान्वित महसूस करता है। तकनीकी विषय में उपर लिखित सुझाव अपना लेते है तो इस समस्या को जड़ से खत्म कर सकते हैं।

★ ★ ★

7

पीवीसी और पोलीएनीलीन सम्मिश्र के विद्युत चुम्बकीय गुणों का अध्ययन

सुश्री सलोनी शर्मा[1], डॉ.कंचन एल. सिंह[2], सुश्री संगीता पाराशर[3*], डॉ.मुकेश कुमार[4]

1. भौतिकी विभाग, हंसराज महिला महाविद्यालय, जालंधर
2. अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग, डी ए वी अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी टेक्नोलॉजी संस्थान, जालंधर
3. भौतिकी विभाग, कन्या महाविद्यालय, जालंधर
4. भौतिकी विभाग, लवली पेशेवर विश्वविद्यालय चहेरू, फागवारा

सार

पीवीसी और **पोलीएनीलीन सम्मिश्र** : फिल्मों को सम्मिश्रण प्रविधि के द्वारा संश्लेषित किया गया है और 1000Hz-5MHz की सीमा में विभिन्न आवृत्तियों पर चतुर्थ एषणी विधि का उपयोग करके विद्युत गुणों की विशेषता का अध्ययन किया गया है। आवृत्ति में वृद्धि के साथ संधारिता में चर घातांकीय न्यूनता प्रेक्षित हुई है। **सम्मिश्र** में **पोलीएनीलीन** घटक की वृद्धि के साथ संधारिता कम होतीं पाई गई। **पोलीएनीलीन** की कम सांद्रता के लिए **सम्मिश्र** फिल्मों के परावैद्युत हानि में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हैं, सिवाय **पोलीएनीलीन** की उच्चतम सांद्रता वाले **सम्मिश्र** को छोड़कर जो परावैद्युत हानि में परिवर्तन दिखाता है। 1:1 पीवीसी: **पोलीएनीलीन** अनुपात पर अपवाद के साथ अधिष्ठापन बढ़ता पाया गया है। निर्माण लगभग 270000 Hz पर एक छोटी सी वृद्धि के साथ स्थिर रहता है। यह क्रिया **पोलीएनीलीन** सांद्रता में वृद्धि के साथ कम आवृत्ति की तरफ परिवर्तित होतीं पाई गई। 2400000Hz तक आवृत्ति के साथ प्रतिरोध बढ़ता है और उसके बाद अचानक घट जाता है और फिर 4000000 हर्ट्ज़ तक स्थिर रहता है जिसके बाद फिर से बढ़ जाता है।

भूमिका

आंतरिक रूप से संचालित पॉलिमर और थर्माप्लास्टिक्स मिश्रण अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए बहुत ही आशाजनक पदार्थ हैं, जैसेकि विद्युत चुम्बकीय सुरक्षा, बैटरी, गति देनेवाला एक्चुएटर, रासायनिक सेंसर, दवा वितरण, उत्प्रेरण, स्थैतिक विरोधी कोटिंग, संक्षारण से सुरक्षा, सौर बैटरी, ईंधन सेल आदि[1-13]। आंतरिक रूप से संचालित पॉलिमर की प्रवाहशीलता रासायनिक प्रक्रियाओं के माध्यम से आसानी से कुचालक अवस्था से सुचालक अवस्था में परिवर्तित की जा सकती हैं। आंतरिक रूप से संचालित पॉलिमर के उपयोग उनकी प्रक्रियात्मकता में आसानी और कम विनिर्माण लागत के कारण और भी बढ़ गए हैं। औद्योगिक स्तर पर उनके उपयोग को सीमित करने वाले दोष उनकी खराब यांत्रिक शक्ति है। पोलीएनीलीन के प्रभावी उपयोग की पद्धति सम्मिश्र में है, जहां पोलीएनीलीन को उपयुक्त कुचालक पदार्थ में प्रवाहशील पूरक के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। ये सम्मिश्र आसानी से संसाधित किए जा सकते हैं और अच्छी यांत्रिक शक्ति दिखा सकते हैं। ये पदार्थ नैनो कणों और पॉलिमर की दुनिया की बीच एक पुल के रूप में कार्य करते हैं और इसके कई तकनीकी अनुप्रयोग हैं।[14-18]

प्रयोगात्मक विवरण

ऑक्सीकरण घटक के रूप में अमोनियम पार्क्सिक डाईसल्फेट का उपयोग करके एनिलीन हाइड्रोक्लोराइड के ऑक्सीडेटिव पॉलीमराईकरण द्वारा पोलीएनीलीन तैयार किया गया था। आसुत पानी में 0.2M एनिलीन हाइड्रोक्लोराइड तथा 0.25M अमोनियम पार्क्सिक डाईसल्फेट के घोल बनाए गए और एक साथ मिलाया गया था। 24 घंटों के बाद अवक्षेप छाने, धोये और सुखाये गए। पीवीसी और पोलीएनीलीन सम्मिश्र फिल्मों को ऑक्सीकरण एजेंट के रूप में डाइमिथाइल एसिटामाइड का उपयोग करके समाधान सम्मिश्रण विधि द्वारा बनाया गया था। सम्मिश्र फिल्मों को विभिन्न पोलीएनीलीन सांद्रता का उपयोग करके तैयार किया गया था और एलसीआर मीटर का उपयोग करके विद्युत और चुंबकीय गुणों के लिए अध्ययन किया गया।

परिणाम और चर्चा

चित्र-1 आवृत्ति के साथ विभिन्न पीवीसी और **पोलीएनीलीन सम्मिश्र** के संधारिता व्यवहार में विविधताओं को दर्शाता है। आवृत्ति में वृद्धि के साथ संधारिता में चर घातांकीय न्यूनता पाई गई है।



चित्र 1: आवृत्ति के साथ पीवीसी और **पोलीएनीलीन सम्मिश्र** के संधारिता में बदलाव

किसी भी आवृत्ति पर 1: 1 के अनुपात को छोड़कर **पोलीएनीलीन** सांद्रता में वृद्धि के साथ संधारिता में गिरावट पाई गई है। एक ही आवृत्ति पर पीवीसी और **पोलीएनीलीन सम्मिश्र** के लिए न्यूनतम संधारिता 3:1 की सांद्रता पर पाई गई है। जबकि इन संमिश्रणों के संधारिता व्यवहार में विसंगति **पोलीएनीलीन** के वितरण में भिन्नता के कारण हो सकती है। आंतरिक रूप से संचालित पॉलिमर के संचालन में आवेश भंडारण तंत्र विद्युत स्थैतिक बल और फैराडिक रेडॉक्स प्रतिक्रियाओं द्वारा नियंत्रित होता है और **सम्मिश्र** में फैराडिक आवेश हस्तांतरण प्रतिक्रियाओं के दौरान इलेक्ट्रॉन स्थानांतरण दर को बढ़ाने में मदद करता है।



चित्र 2: आवृत्ति के साथ पीवीसी और **पोलीएनीलीन सम्मिश्र** के निर्माण में बदलाव

चुंबकीय गुणों में भिन्नता का अध्ययन करने के लिए पीवीसी और **पोलीएनीलीन** के सभी सम्मिश्रों का निर्माण विभिन्न आवृत्तियों पर अध्ययन किया गया है तथा परिणाम चित्र 2 में दर्शाए गए हैं। निर्माण 1:1 पीवीसी और **पोलीएनीलीन सम्मिश्र** निर्माण अपवाद के साथ **पोलीएनीलीन** सांद्रता के साथ बढ़ता पाया गया है। लगभग 270000 हर्ट्ज में छोटी वृद्धि के साथ यह आवृत्ति के साथ लगभग स्थिर रहता है। यह क्रिया **पोलीएनीलीन** सांद्रता में वृद्धि के साथ कम आवृत्ति की तरफ परिवर्तित होतीं पाई गई।



चित्र- 3 में आवृत्ति के साथ पीवीसी और **पोलीएनीलीन सम्मिश्र** के परावैद्युत हानि में बदलाव

परावैद्युत हानि को संधारित्र के आवेशण और निर्वहन के दौरान ऊष्मा उत्पादन के कारण संधारिता में विद्युत चुंबकीय हानि के रूप में परिभाषित किया गया है। अधिकतम **पोलीएनीलीन** सांद्रता वाले सम्मिश्र के लिए परावैद्युत हानि को अधिकतम पाया गया है। हालांकि अन्य **पोलीएनीलीन** सांद्रता के लिए एक बहुत ही छोटी मात्रा में भिन्नता देखी गई है। बढ़ती हुई आवृत्ति के साथ परावैद्युत हानि में चार घातांकीय रूप से गिरावट देखी गई है (चित्र 3)। **पोलीएनीलीन** सांद्रता में वृद्धि के साथ प्रतिरोध में भी गिरावट पाई गई है। त्वक् प्रभाव के कारण स्वाभाविक रूप से प्रतिरोधी तत्वों में आवृत्ति निर्भरता होती है। त्वक् प्रभाव एक वैकल्पिक विद्युत प्रवाह की प्रवृत्ति है जिसे सुचालक में वितरित किया जाता है, इस प्रकार सुचालक की सतह के निकट विद्युत धारा घनत्व सबसे ज्यादा होता है, और सुचालक में अधिक गहराई में घट जाता है। प्रतिरोध 240000 Hz तक आवृत्ति के साथ बढ़ता है और अधिकतम पर पहुँचकर यह अचानक घट जाता है और फिर 4000000 हर्ट्ज़ तक स्थिर रहता है जिसके बाद यह फिर से बढ़ जाता है जैसाकि चित्र 4 में दर्शाया गया है। पीवीसी और **पोलीएनीलीन** सम्मिश्र का प्रतिरोध आवृत्ति परिवर्तन के साथ सार्वभौमिक शक्ति कानून का पालन करता है।



चित्र 4: आवृत्ति के साथ पीवीसी और **पोलीएनीलीन सम्मिश्र** के प्रतिरोध में बदलाव

निष्कर्ष :

संधारिता 1:1 अनुपात पर अपवाद के साथ **पोलीएनीलीन** सांद्रता में वृद्धि के साथ कम हो जाती है। अधिष्ठापन में 1:1 अनुपात को छोड़कर **पोलीएनीलीन** सांद्रता में वृद्धि के साथ वृद्धि हुई है। परावैद्युत हानि में **पोलीएनीलीन** सांद्रता में वृद्धि के साथ वृद्धि पाई जाती है और यह अधिकतम **पोलीएनीलीन** सांद्रता के लिए अधिकतम है। **पोलीएनीलीन** सांद्रता में वृद्धि के साथ प्रतिरोध को कम पाया गया है।

संदर्भ:

1. Y.Wang and X. Jing. Intrinsically conducting polymers for electromagnetic interference shie lding; Polym.Adv.Technol.2005, 16(4), 344-351
2. P.Jimnez, W.K.Maser; P.Castell, M.T.Martinez, A.M.Benito. Nanofibrilar Polyaniline : Direct route to carbon nanotube water dispersions of high conc. Macromol.Rapid Commun.2009,30(6),418-422.
3. T.Nakajima,T.Kawagoe. Polyaniline:Structural analysis and application for battery. Synth. Met. 1989, 28, 629.
4. M. Roemer, T.Kurzennabe, E.Oesterchulze, N.Nicoloso. Microactuators based on conduting polymers; Anal and Bional.Chem, 2002, 373(8), 754-757.
5. Y.Xia, A.G. Mac. Diarmid, A. J . Epstein. Camphorsulfonic acid fully doped polyaniline emeraldine salt:In situ observantion of electronic and conformational changes induced by organic vapors by UV/VIS/Near ir spectroscopic method; Macromolecules 1994,27(24),7212-7214.
6. T. Thanpitcha, A. Sirivat, A.M.Jamieson, R. Rujiravanit . Preparation and characterization of polyaniline /Chitosan blend films; Carbohydr. Polym.2006,64(4),560-568.
7. J. Huang, S. Virji, B.H. Weiller, R.B. Kaneer. Polyaniline Nanofibres: facile synthesis and chemical sensors; J.Am.Chem.Soc.2003,125(2),314-315.
8. M.A. Soto Oviedo, O.A. Araujo, R. Faez, M.C. Rezende, M.A. De Paoli. Antistatic coating and electromagnetic shielding properties of a hybrid material based on polyaniline/organoclay nanocomposite and EPDM rubber by; Synth, Met. 2006, 156, 1249-1255.
9. A. Olad, R. Nosrati. Preparation and corrosion resistance in nanostructured PVC/ZnO polyaniline hybrid coating: Progress in organic coatings (2013),76,113-116.
10. A. Agarwal , J.H. Rilum , J.P. Cronin, J.C.T. Lopez, P. Atkinson, R. Marquardt, S. Parsons Electro optic devices and process for optical media; US 2007/0140072 A1 united states Google patents :2006
11. A. Agarwal, J.P. Cronin, J.C.T. Lopez, L.L. Adams. Stable electrochromic devices ; US 2007/0139756 A1, United states Google patents: 2006.
12. S. Ameen , M.S. Akhtar, Y.S.Kim, O.B. Yang, H.S.Shin. Sulfamic Acid doped polyaniline nanofibres ,thin film based counter electrode application in dye synthesized solar cells;J.Phys.Chem. C 2010;114(10),4760-4764.
13. Y. Zoa, J.Pisciotta, R.B.Billmyre, I.V.Baskakov. Photosynthetic microbial fuel cells with positive light response: Biotechnol. andBioeng.2009, 104 (5), 939-946.
14. T ItO, H. Shirakawa, S. Ikeda. Simultaneous polymerization and formation of polyacetylene film on the surface of concentrated soluble Ziegler type catalyst solution; Journal of polymer science in 1974, 12(1), 11-20.
15. H.R.Kricheldorf , Handbook of Polymer Synthesis , Marcel Dekker, New York (1992)1390
16. A.G. Mac Diarmid, J.C.Chiang, M.Halpern, W.E.Huang, S.I.Mu, N.L.Somasiri, W.Wu and S.I.Yanger. “Polyaniline” Interconversion of metallic into insulator form. Mole. Cryst. Liqu.Cryst.1985, 121, 173-180.
17. G.E.Austria, A.G.Mac Diarmid and A.J. Epstein. The oxidation state of “emeraldine’ base; Synth.Met.1989, 29, 157-162.
18. N.Mott. Conduction in Non Crystalline Materials ,Oxford Clarendon Press (1987)

★ ★ ★

8

साइबर सिक्योरिटी में बिग डाटा का प्रभाव

श्री हरीश दाधीच, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
श्री विकास माथुर, सहायक प्रोफेसर (इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग)
व्यास इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी, जोधपुर

1. प्रस्तावना :

ऐसा डाटा जो ज्यादा मात्रा में सृजित (जनरेट) हुआ है, उसे बिग डाटा कहा जाता है। यह डाटा सरचंनात्मक अर्धसंरचनात्मक (स्ट्रक्चर, अन स्ट्रक्चर या सेमी स्ट्रक्चर) हो सकता है। बिग डाटा बिल्कुल 'स्मॉल डाटा' के समान होता है ,लेकिन आकार में बड़ा होता है। अलग-अलग संस्थाओं के लिए बिग डाटा की परिभाषा अलग-अलग होती है। किसी संस्था के लिए 20 TB बिग डाटा हो सकता है और किसी संस्था के लिए 50 ZB बिग डाटा हो सकता है। ऐसा डाटा जिसे एकल (सिंगल) मशीन के द्वारा प्रक्रमित खोजों पर प्रक्रमण (प्रोसेस) नहीं किया जा सकता उसे "बिग डाटा" कहते हैं । जैसे गूगल 1 महीने में 100 billion एकल करता है। जो की प्रति सेकंड 40,000 खोजों (सर्च) का औसत है|

डाटा माइनिंग एक लोकप्रिय तकनीकी नवाचार है जो डाटा-पुंज को उपयोगी ज्ञान में परिवर्तित करता है, डाटा मालिकों / उपयोगकर्ताओं को सूचित विकल्प बनाने में मदद कर सकता है और अपने लाभ के लिए स्मार्ट क्रियाएं कर सकता है। विशिष्ट शब्दों में, डाटा माइनिंग डाटा के विशाल सेटों के बीच छिपे पैटर्न की तलाश करता है जो भविष्य के व्यवहार को समझने, भविष्यवाणी करने और मार्गदर्शन करने में मदद कर सकता है।

डाटा माइनिंग बड़े डाटा सेट में नियमितताओं और अनियमितताओं को खोजने के लिए विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करने में विशेषज्ञ हैं। यहां कुछ विशिष्ट चीजें हैं जिनसे डाटा माइनिंग डाटा चोरी का पता लगाने हेतु परियोजना में योगदान दे सकता है:

- विश्लेषकों को वास्तविक हमलों पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देने के लिए अलार्म डाटा से सामान्य गतिविधि निकालें।
- झूठा अलार्म जेनरेटर और "खराब" सेंसर हस्ताक्षर की पहचान करें ।
- असंगत गतिविधि खोजें जो वास्तविक हमले को अवरोधित करती हो ।
- लंबे, चल रहे पैटर्न की पहचान करें (विभिन्न आईपी पता, एक ही गतिविधि) इन कार्यों को पूरा करने के लिए, डाटा माइनिंग निम्नलिखित तकनीकों में से एक या दोनों का उपयोग कर सकते हैं:
- विजुअलाइजेशन डाटा का आलेखीय सारांश प्रस्तुतिकरण।
- प्राकृतिक श्रेणियों में डाटा की क्लस्टरिंग

डाटा माइनिंग के बिग डाटा में राष्ट्रीय सुरक्षा (उदाहरण के लिए, निगरानी) के साथ-साथ साइबर सुरक्षा (उदाहरण के लिए, वायरस का पता लगाने) सहित सुरक्षा में कई अनुप्रयोग हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरों में इमारतों पर हमला करना और बिजली के ग्रिड और दूरसंचार प्रणालियों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नष्ट करना शामिल

है। संदिग्ध व्यक्तियों और समूहों की पहचान करने के लिए डाटा माइनिंग तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, और यह पता लगाने के लिए कि कौन से व्यक्ति और समूह आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त हो सकते हैं।

2. नेटवर्क सुरक्षा के लिए डाटा माइनिंग



2.1 अवलोकन

यह खंड नेटवर्क सूचना से संबंधित आतंकवाद पर चर्चा करता है। जानकारी से जुड़े आतंकवाद से हमारा अभिप्राय है साइबर आतंकवाद के माध्यम से सुरक्षा का उल्लंघन। ट्रोजन हॉर्स और वायरस जैसे दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर भी जानकारी से संबंधित सुरक्षा के उल्लंघनों में शामिल हैं, जिन्हें हम सूचना से संबंधित आतंकवाद गतिविधियों में समूहित करते हैं। अगले कुछ उपखंडो में हम विभिन्न सूचनाओं से संबंधित आतंकवादी हमलों से सुरक्षा प्रदान करने वाले उपायों से सुरक्षा प्रदान करने वाले उपायों पर चर्चा करते हैं जो बिग डाटा की माइनिंग के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

2.2 विसंगति का पता लगाना

अनौपचारिक पहचान दृष्टिकोण सामान्य डाटा के मॉडल का निर्माण करता है और सामान्य मॉडल से विचलन का पता लगाता है। साइबर सुरक्षा , नेटवर्क घुसपैठ का पता लगाने के लिए लागू विसंगति का पता लगाने और कंप्यूटर सुरक्षा अनुसंधान का एक सक्रिय क्षेत्र रहा है | इसके माध्यम से अनौपचारिक की पहचान माध्यम से की जाती है एवं एल्गोरिदम का लाभ यह है कि वे सामान्य उपयोग से विचलन के रूप में उभरते नेटवर्क खतरों और हमलों (जिनके पास हस्ताक्षर या लेबल किया गया डाटा नहीं हैं) का पता लगा सकते हैं।

2.3 क्लस्टरिंग का उपयोग कर नेटवर्क की रुपरेखा तैयार करना

क्लस्टरिंग एक व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली डाटा माइनिंग तकनीक है जो बिग डाटा सेट में डाटा के सार्थक समूह/क्लस्टर प्राप्त करने के लिए समान वस्तुओं को सम्मिलित करती है। ये क्लस्टर एक समान माप

का उपयोग करके निर्धारित डाटा ऑब्जेक्ट्स के व्यवहार के प्रमुख तरीकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। डाटा विश्लेषक के द्वारा क्लस्टर का विश्लेषण करके डाटा सेट की विशेषताओं की उच्च स्तर की तकनीक का उपयोग करता है | क्लस्टरिंग व्यवहार के अपेक्षित और अप्रत्याशित तरीके खोजने और नेटवर्क यातायात की उच्च स्तर की समझ प्राप्त करने के लिए एक प्रभावी समाधान प्रदान करता है।

2.4 स्कैन डिटेक्शन

किसी साइबर नेटवर्क पर बहुत अधिक हमले अक्सर एक नेटवर्क ऑपरेशन होता है, जिसे आमतौर पर स्कैन के रूप में जाना जाता है। यह हमलावर की स्कैनिंग करते हैं| स्कैन सिस्टम प्रशासक या सुरक्षा विश्लेषक को किस प्रकार कि सेवा या किस के कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग करना है उस पर निर्भर करता है। नेटवर्क हमले में स्कैन डिटेक्शन के द्वारा नेटवर्क हमले के निवारण के उपाय करने की अनुमति मिलती है।

2.5 कार्यपद्धति

वर्तमान में इसका समाधान एक बैच-मोड कार्यान्वयन तकनीक है जो 20 मिनट की विन्डोज़ में डाटा का विश्लेषण करती है। प्रत्येक 20-मिनट की अवलोकन अवधि के लिए यह नेट फ़्लो डाटा को सारांश डाटा सेट में बदल देते हैं। चित्र इस प्रक्रिया को दर्शाता है कि आने वाले स्कैन पर हमारे ध्यान देने के साथ, प्रत्येक नया सारांश रिकॉर्ड एक संभावित स्कैनर से स्कैन कर के बाहरी स्रोत आईपी और गंतव्य पोर्ट (एसआईडीपी) का एक रिकॉर्ड तैयार करता है।



2.6 क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी और पहचान (ID) की चोरी

हम इन दिनों क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी और पहचान की चोरी के बारे में बहुत कुछ सुन रहे हैं। क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी के मामले में, साइबर हमलावर किसी व्यक्ति का क्रेडिट कार्ड प्राप्त करता है और अनाधिकृत खरीदारी करने के लिए इसका उपयोग करता है। जब तक कार्ड के मालिक धोखाधड़ी से अवगत होते हैं और नुकसान को दूर करने के लिए तब तक अपराधी को पकड़ने में बहुत देर हो सकती है। इस तरह के अपराध के रोकथाम के लिए कार्ड सिक्यूरिटी सिस्टम या चिप सिक्यूरिटी सिस्टम के माध्यम का उपयोग किया जा सकता है |

2.7 संवेदनशील आधारभूत डाटा के साथ छेडछाड़ :

महत्वपूर्ण डाटा बुनियादी ढांचे पर साइबर अटैक एक राष्ट्र और इसकी अर्थव्यवस्था को अपंग कर सकता हैं। डाटा बुनियादी ढांचे के हमलों में दूरसंचार लाइनों, बिजली, गैस और जलप्रदाय विभाग, खाद्य आपूर्ति और अन्य

बुनियादी संस्थाओं पर डाटा हमला करना शामिल है जिसका बचाव एक राष्ट्र के संचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं। महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाओं पर साइबर हमले किसी भी प्रकार से हो सकते हैं चाहे वे गैर-सूचना संबंधित, सूचना से संबंधित या आईटी हमले हो। उदाहरण के लिए, अगर कोई ऐसे सॉफ्टवेयर पर हमला होता है जो दूरसंचार उद्योग चलाता है तो सभी दूरसंचार लाइनें बंद हो सकती है। इसी तरह, सॉफ्टवेयर जो बिजली और गैस की आपूर्ति चलाता है, पर हमला किया जा सकता है जिस से बिजली की आपूर्ति बाधित हो सकती है।

3. <u>नीचे सूचीबद्ध कुछ लोकप्रिय बहुउद्देश्यीय बिग डाटा विश्लेषण सॉफ्टवेर टूल्स है जो रुझानों का नेतृत्व कर रहे हैं:</u>

रैपिड माइनर (पयेल):

यह बहुत लोकप्रिय टूल है क्योंकि यह एक पूर्णरूप से तैयार , ओपन सोर्स, नो-कोडिंग आवश्यक सॉफ़्टवेयर है, जो उन्नत विश्लेषण करने में सक्षम है । जावा में लिखे गए कोड जिसमे डाटा प्रीप्रोसेसिंग, विज़ुअलाइजेशन, पूर्वानुमानित विश्लेषण जैसे बहुआयामी डाटा कार्यों को शामिल किया गया है ।

वेका (weka)

यह एक जावा आधारित अनुकूलन टूल है जो किसी भी कंप्यूटर पर उपयोग करने के लिए स्वतंत्र है। इसमें विज़ुअलाइज़ेशन और पूर्वानुमानित विश्लेषण और डाटा मॉडलिंग शामिल हैं।

आर-प्रोग्रामिंग टूल:

यह सी और फोरट्रान भाषा में लिखा गया है, और डाटा को प्रोग्रामिंग भाषा / मंच की तरह स्क्रिप्ट लिखने की अनुमति देता है। इसलिए, इसका उपयोग डाटा सुरक्षा के लिए सांख्यिकीय और विश्लेषणात्मक सॉफ्टवेयर बनाने के लिए किया जाता है।

पायथन भाषा आधारित टूल:

शक्तिशाली सुविधाओं एवं सरल उपयोग के कारण पाइथन बहुत लोकप्रिय है। यह एक ओपन सोर्स टूल है जो पाइथन में उपयोगी डाटा विश्लेषण एस, टेक्स्ट विश्लेषण, और एक प्रोग्रामिंग इंटरफेस में एम्बेडेड मशीन-लर्निंग फीचर्स के साथ लिखा गया है।

क्निमी (kmini):

मुख्य रूप से डाटा प्रीप्रोसेसिंग के लिए उपयोग किया जाता है - यानी डाटा निष्कर्षण, परिवर्तन और डाटा लोडिंग, जीयूआई (GUI) के साथ एक शक्तिशाली टूल है जो डाटा नोड्स का नेटवर्क दिखाता है। यह वित्तीय डाटा विश्लेषकों के बीच कार्य करता है जो मॉड्यूलर डाटा, मशीन लर्निंग और बिजनेस इंटेलिजेंस रिपोर्ट बनाने के लिए उपयोगी हैं।

4. निष्कर्ष :

वैज्ञानिकों , व्यापार , चिकित्सा , विज्ञापन और सरकारी विभाग , अस्पतालों , बैंक को समान रूप से इंटरनेट एवं कंप्यूटर के बडे स्तर के डाटा को सुरक्षित रखने कि एक बहुत बड़ी समस्या है। डेटा सेट हर दिन बहुत ही तीव्र-गति से बढ़ रहे हैं जिससे इस स्तर के डाटा को सुरक्षित सरंक्षण प्रदान करना सबसे बड़ी चुनौती है | इस आधुनिक डाटा कि समस्या का समाधान उपरोक्त लिखित टूल्स एवं बिग डाटा विश्लेषण के माध्यम से आतंरिक अटैक से भलीभांति सुरक्षित रखा जा सकता है| अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में बिग डाटा का प्रभाव एवं डाटा कि सिक्योरिटी अहम् भूमिका रखता है।

संदर्भ :

[1]. Rakesh Agrawal, Tomasz Imieliski, and Arun Swami. Mining association rules between sets of items in large databases. In Proceedings of the 2016 ACM SIGMOD international conference on Management of data.

[2]. Daniel Barbara and Sushil Jajodia, editors. Applications of Data Mining in Computer Security. Kluwer Academic Publishers.

[3]. Markus M. Breunig, Hans-Peter Kriegel, Raymond T. Ng, and J Sander. Lof: identifying density-based local outliers. In Proceedings of the 2000 ACM SIG-MOD international conference on Management of data pages.

[4]. Varun Chandola and Vipin Kumar. Summarization {compressing data into an informative representation. In Fifth IEEE International Conference on Data Mining, pages.

[5]. Thuraisingham, B., "Web Data Mining Technologies and Their Applications in Business Intelligence and Counter-terrorism", CRC Press, FL, 2013

[6]. Chan, P, et al, "Distributed Data Mining in Credit Card Fraud Detection", IEEE Intelligent Systems.

★ ★ ★

9

वैकल्पिक ऊर्जा का कृषि में प्रयोग: कुछ भारतीय उदाहरण

डॉ. विक्रमादित्य दवे[1], इंजी. जय सिंह रावत[2]
[1]विद्युत इंजीनियरी विभाग (कॉलेज आफ टेक्नोलोजी एंड इंजीनियरिंग) उदयपुर (राज.)
[2]वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली

प्रस्तावना:

बढ़ती जनसंख्या और बढ़ती जरूरतों के हिसाब से जिस चीज का संकट आज सबसे भारी है वह है ऊर्जा। आधुनिक जीवन में हम ऊर्जा पर इतने निर्भर हो गए हैंकी अपनी व्यक्तिगत ऊर्जा जरूरतों को कम करना हमें असहज बना देता है। भारत जैसे विकासशील देश में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों में आर्थिक विकास और संपन्नता, शहरीकरण की बढ़ती रफ्तार, प्रति व्यक्ति लगातार बढ़ता जा रहा ऊर्जा उपभोग और देश की विविध प्रक्रियाओं के संचालन में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों ने हमें इस स्थिति पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां उपलब्ध ऊर्जा का विस्तार वैकल्पिक तरीकों में ढूंढ़ना समय की आवश्यकता हो गई है। कुछ भारतीय किसान व ग्रामीण वर्ग के लोगों ने वैकल्पिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर उसका कृषि कार्यों में प्रयोग करके एक नायाब उदहारण प्रस्तुत किया है। नीचे ऐसे ही कुछ उदाहरण दिए जा रहे हैं।

(1) बायोमास गैसीफिकेशन से बिजली

यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें ईंधन के तौर पर बायोमास का इस्तेमाल किया जाता है और उससे पैदा हुई गैस को जलाकर बिजली बनाई जा सकती है। ईंधन के तौर पर धान की भूसी का किया जा सकता है। इस परियोजना को भूमि शक्ति तंत्र (हस्क पावर सिस्टम्स) का नाम दियागया। आमतौर पर गांव में हर घर दो से तीन घंटे लालटेन या ढिबरी जलाने के लिए कैरोसीन तेल पर 120 से 150 रुपए खर्च करता है। ऐसे में 'हस्क पावर सिस्टम' के जरिए गांववालों को 100 रुपए महीना पर छह घंटे रोज के लिए दोCFL जलाने की सुविधा दी गई। साल 2007 में 'हस्क पावर सिस्टम' की पहली कोशिश कामयाब हुई। बिहार के 'तमकुआ' गांव में धान की भूसी से बिजली पैदा करने का पहला प्लांट लगाया गया और गांव तक रोशनी पहुँचाई गई। संयोग से 'तमकुआ' का मतलब होता है 'अंधकार भरा कोहरा' और इस तरह 15 अगस्त, 2007 को भारत की आजादी की 60वीं वर्षगांठ पर 'तमकुआ' को उसके अंधेरे से, बिहार के कुछ युवाओं ने आजादी दिलाई। "तमसो मा ज्योतिर्गमय" के इस अभियान को साल 2011 में 'एशडेन पुरस्कार' से भी नवाजा गया।

(2) गोबर से बन रही बिजली

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से लगभग 14 किलोमीटर दूर बिजनौर गाँव के पशुपालक श्री अजय सिंह दो साल से बायोगैस प्लांट से बिजली बना रहे हैं।यह 140 घन मीटर का गैस प्लांट है, जिसे लगवाने में लगभग 22 लाख का खर्चा आया था। इस प्लांट की मदद से पूरी डेयरी में बिजली का काम असानी से हो जाता है। श्री अजय सिंह का बायो गैस प्लांट प्रदेश का सबसे बड़ा प्लांट है।

ISSN 2320-7736

श्री अजय सिंह के पास लगभग 150 पशु हैं। इन पशुओं से रोज लगभग 1,000 लीटर दूध का उत्पादन होता है तथा साथ ही रोज लगभग 1,500 किलो गोबर निकलता है। इस गोबर को बिजली बनाने में प्रयोग करते हैं। गोबर गैस प्लांट से प्राप्त गैस से 30 किलोवॉट का जेनरेटर चलाकर अजय सिंह 24 घंटे बिजली पैदा करते हैं। अपने प्लांट में बनाई गई बिजली से ही जय सिंह पशुओं का दूध दुहने वाली स्वचालित मिल्किंग मशीन, पशुओं के चारा काटने की मशीन और दूध की पैकिंग करने की मशीन को संचालित करते हैं। इतना ही नहीं गोबर से बनी इसी बिजली से उन्होंने गेहूं पीसने की बड़ी मशीन भी लगा रखी है, जिसमें पूरे गाँव का आटा पीसा जाता है।

(3) कुल्हड़ों में बन रही है गोबर से बिजली

गोबर गैस प्लांट से बिजली बनाना तो सबको मालूम है लेकिन कुल्हड़ में गोबर से बिजली पैदा करने का अनोखा प्रयोग हो रहा है। बाराबंकी ने यह प्रयोग शुरू किया है जिले के पूरेझाम तिवारी गाँव के युवा किसान ब्रजेश त्रिपाठी ने, जिनकी शैक्षिक योग्यता 'इंटर पास' हैं। ग्राम पूरेझाम के खेतों से बिजली की बड़ी लाइन गुजरती है। गाँव में बिजली देने के लिए कुछ साल पहले खंभे भी गड़ गए थे, लेकिन न तार खिंचे, न बिजली आई। राशन की दुकान से मिट्टी का तेल महीने में प्रति परिवार केवल दो लीटर मिलता है, इसीलिए रोशनी का इंतजाम एक मुश्किल काम है।

इस तरह बिजली बनाने के लिए वह झालर वाले सस्ते चीनी बल्व और बेकार हुए तीन बैट्री सेल लेते हैं। बैट्री सेल का कवर उतार कर उसमें पाजिटिव निगेटिव तार जोड़ देते हैं और फिर इन्हें अलग-अलग तीन कुल्हडों में भरे गोबर के घोल में डाल देते हैं। इस घोल में थोड़ा सा नमक, कपड़ा धोने का साबुन या पाउडर मिला देते हैं। इस तरह घर बैठे रोशनी पैदा करने का प्रयोग सफल देख पूरेझाम में घर-घर लोग बिजली बनाने लगे। आसपास के सैकड़ों गाँवों में भी लोग इस तरह लाइट जला रहे हैं। दरसल यह विद्युत सैल के रूप में विद्युत उत्पादन का छोटा सा नमूना है।

(4) चरखा बना बिजली उत्पादन का जरिया

राजस्थान में जयपुर के पास कुछ गांवों में चरखा ही बिजली उत्पादन का जरिया बन गया है।इस चरखे को ई-चरखा का नाम दिया गया है. इसे एक गांधीवादी कार्यकर्ता एकंबर नाथ ने बनाया है। जब इस चरखे को दो घंटे चलाया जाता है तो इससे एक विशेष प्रकार के बल्ब को आठ घंटे तक जलाने के लिए पर्याप्त बिजली का उत्पादन हो जाता है। यहां यह बताते चलें कि बिजली बनाने के लिए अलग से चरखा नहीं चलाना पड़ता बल्कि सूत कातने के साथ-साथ ही यह काम होता रहता है। इस तरह से कहा जाए तो ई-चरखा यहां के लोगों के लिए दोहरे फायदे का औजार बन गया है।

इस खास चरखे को राजस्थान में एक सरकारी योजना के तहत लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है. इसकी कीमत साढ़े आठ हजार रुपए है। बिजली बनाने के लिए इसके साथ अलग से एक यंत्र जोड़ना पड़ता है, जिसकी कीमत पंद्रह सौ रुपए है। सरकारी योजना के तहत इसे खरीदने के लिए पचहत्तर प्रतिशत आर्थिक सहायता दी जा रही है। बाकी पच्चीस प्रतिशत पैसा खरीदार को लगाना पड़ता है जिसे किस्तों में अदा करने की व्यवस्था है।



(5) मंगलटर्बाइन पम्प

उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के भैलोनी लोध गांव के रहने वाले मंगल सिंह ने 'मंगल टर्बाइन' बना डाला है। यह सिंचाई में डीजल और बिजली की कम खपत का बड़ा व देशी उपाय है। मंगल सिंह ने अपने इस अनूठे उपकरण का पेटेंट भी करा लिया है। यह चक्र उपकरण जल-धारा के प्रवाह से गतिशील होता है और फिर इससे आटा चक्की, गन्ना पिराई और चारा-कटाई मशीन आसानी से चल सकती है। इस चक्र की धुरी को जेनरेटर से जोड़ने पर बिजली का उत्पादन भी शुरू हो जाता है। अब इस तकनीक का विस्तार बुंदेलखण्ड क्षेत्र में तो हो ही रहा है, उत्तराखंड में भी इसका इस्तेमाल शुरू हो गया है। पहाड़ पर पेयजल भरने की समस्या से निपटने के लिए नलजल योजना के रूप में इस तकनीक का प्रयोग सुदूर गांव में भी शुरू हो गया है।

(6) कोल्हू के बैल से बिजली:

गुजरात के वड़ोदरा जिले के छोटा उदयपुर क्षेत्र के 24 जनजातीय गांवों में एक अनोखा प्रयोग चल रहा है, जिसके अंतर्गत बैलों की शक्ति से बिजली बन रही है। बिजली निर्माण की यह नई तकनीक श्री कांतिभाई श्रॉफ के दिमाग की उपज है। इस खोज से एक नया नवीकरणीय उर्जा स्रोत प्रकट हुआ है। इस विधि में बैल एक अक्ष के चारों ओर एक दंड को घुमाते हैं। यह दंड एक गियर-बक्स के जरिए जनित्र के साथ जुड़ा होता है। इस विधि से बनी बिजली की प्रति इकाई लागत लगभग चार रुपया है जबकि सौर-पैनलों से बनी बिजली की प्रति इकाई लागत हजार रुपया होता है और पवन चक्कियों से बनी बिजली का चालीस रुपया होता है। बैलों से बिजली निर्माण की पहली परियोजना गुजरात के कलाली गांव में चल रही है।

बैलों से निर्मित बिजली से यहां चारा काटने की एक मशीन, धान कूटने की एक मशीन और भूजल को ऊपर खींचने का एक पंप चल रहा है। कृषि में साधारणतः बैलों की जरूरत साल भर में केवल 90 दिनों के लिए ही होती है। बाकी दिनों उन्हें यों ही खिलाना पड़ता है। यदि इन दिनों उन्हें बिजली उत्पादन में लगाया जाए तो उनकी खाली शक्ति से बिजली बनाकर अतिरिक्त मुनाफा कमाया जा सकता है।

निष्कर्ष :

उपरलिखित उदाहरणों से यह स्पष्ट हो गया कि गाँव का व्यक्ति वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों का इस्तेमाल कर अपने कार्य क्षेत्र जैसे कृषि आदि को आगे बढ़ा सकता है। इसके अलावा वैकल्पिक ऊर्जा का प्रयोग कर अपने कार्यक्षेत्र में लगने वाले लागत मूल्य को कम कर सकता है।

★★★

10

चतुर्गुणी गौसियन लेजर बीम की मेग्नेटोप्लाजमा में स्व-प्रक्रिया

डॉ.शिवानी विज[1], श्री कमल किशोर[2]
अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग, डी.ए.वी. अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान,
जालंधर (पंजाब)

सार:

इस पत्र में चतुर्गुणी गौसियन लेजर बीम की संघट्टरहित मैग्नेटोप्लाज्मा में स्व-केंद्रित प्रक्रिया का अध्ययन किया गया है। चतुर्गुणी सगौसियन लेजर बीम चार समान गौसियन लेजर बीमों को मिला कर बनती है जिनका अक्ष z अक्ष के समानांतर होता है और z अक्ष से xo की दूरी से स्थानांतरित किया जाता है। लेजर बीम की गैर-यूनिफॉर्म तीव्रता के कारण चालात्मक बल उत्पन होता है जो लेजर बीम की स्व-केंद्रित प्रक्रिया में सहायक होता है। बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में उपक्षीय किरण सन्निकटन (paraxial ray approximation) को उपयोग करते हुए परावैद्युतांक (dielectric permittivity) का उचित व्यंजक विकसित किया गया है। इस विश्लेषण में चुंबकीय क्षेत्र के बीम की स्व-केंद्रित प्रक्रिया की तीव्रता पर क्या प्रभाव पड़ता है उसका अध्ययन किया गया है।

विशेष संकेत : स्व-केंद्रित प्रक्रिया, चतुर्गुणी गौसियन लेजर बीम, मग्नेटोप्लाजमा, पोंडेरोमोटीव चालात्मक बल

परिचय:

प्लाज्मा के साथ तीव्र विद्युत चुम्बकीय तरंगों की अन्योन्यक्रिया महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके कई अनुप्रयोग हैं, जैसे, प्लाज्मा आधारित बीट तरंग त्वरक (beat-wave accelerators) [1], जड़त्वीय संसीमन संलयन (inertial confinement fusion) [2], आयनमंडली आशोधन (ionospheric modification),लेजर आवेशी कण त्वरक(laser charge particle accelerator) [3] औरएक्स-रे लेजर। उपरोक्त अन्योन्यक्रिया के कारण कई अरैखिक (non-linear) क्रियाऐं उत्पन्न होती हैं जैसे कि फिलामेंटेशन, स्व फेज माडुलन(self phase modulation), समूह वेग परिक्षेपण (group velocity dispersion)और चालात्मक स्व केंद्रित प्रक्रिया। स्व केंद्रित प्रक्रिया एक गैर-रैखिक ऑप्टिकल घटना हैजो की विद्युत चुम्बकीय किरण के किसी माध्यम से पारस्परिक मेल से उस माध्यम के अपवर्तक सूचकांक (refrective index) में बदलाव के कारण उत्पन होती है। स्व फोकसित प्रक्रिया के लेजर प्रेरित फ्यूजन काफ़ी महत्वपूर्ण होने के कारण पिछले कुछ दशकों से शोधकर्ताओं ने दुनिया भर में इस प्रक्रिया पर अपना ध्यान केंद्रितकिया है। चालात्मक बल और सापेक्षतावादी (relativistic) प्रभाव से होने वाली स्व-केंद्रित प्रक्रिया को मग्नेटोप्लाजमा में कई शोधकर्ताओं द्वारा सैद्धांतिक रूप से और प्रयोगात्मक रूप से लंबे समय से व्यापक रूप से अध्ययन किया गया है और शोध पत्र में सूचित किया गया है [4-7]।

स्व केंद्रित प्रक्रिया में ज्यादा शोध सिलिंडरिक गौसियन लेज़र बीम को लेकर किए गए है। कुछ अध्ययनों में अण्डाकार गौसियन बीम [8], खोखले अण्डाकार गौसियन बीम [9], हर्मिट गौसियन बीम [10], हर्मिट-काश-गौसियन बीम [11] और सुपर गौसियन बीम [12] में स्व-केंद्रित प्रक्रिया को सूचित किया गया है। गिल एट अल द्वारा हाल ही में अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र में सुपर गाऊसी लेजर बीम के ध्यान केंद्रित सापेक्षतावादी अध्ययन का सैद्धांतिक अध्ययन किया गया है [13]। हमारे अध्ययनों से हमने देखा है कि, इन दिनों लक्ष्य पर उच्च शक्ति घनत्व को प्राप्त करने के लिए कई बीम संयोजन की एक नई तकनीक का अध्ययन करने में रुचि बढ़ रही है। इसके संदर्भ में, सोधा और पालमबो [14] ने एक गैर-रेखीय प्लाज्मा में फैली कई समतल तरंगों के

परस्पर संपर्क का अध्ययन किया है।सोधा और उनके सहकर्मियों [15, 16] ने दो समाक्षीय लेज़र बीमों की क्रोसफोकसिंग पर ध्यान केंद्रित किया है।इस शोध पत्र में हमने चतुर्गुणी गौसियन लेजर बीमपर शोध किया है जो की चार बीमों के संयोजन के साथ लक्ष्य पर उच्च शक्ति घनत्व प्राप्त करने केलिए बनाई है।



चित्र- 1: चतुर्गुणीगौसियन लेजर बीम का क्रॉस रुख

उदाहरण:

मान लीजिए एक चतुर्गुणी गौसियन लेजर बीम है जो की संघट्टरहित मग्नेटोप्लाजमा में ωo कोणीय आवृत्ति (angular frequency) के साथ संचार कर रही है। बीम के ऊपर Bo चुमकीय क्षेत्र लगाया है ,

जिसकी दिशा z अक्ष के साथ मेल खा रही है। ऐसी विद्युत चुम्बकीय तरंगों का विद्युत्-क्षेत्र नीचे लिखे व्यंजक दवारा दर्शाया जाता है,

$$\vec{E}_{\pm} = \hat{x}A_{\pm}(x, y, z)\exp[\, i(\omega_o t - k_{\pm} z)], \qquad (1)$$

जहाँ

$$k_{\pm} = (\omega_o \sqrt{\varepsilon_{o\pm}})/c$$

संचरणांक (प्रोपेगेष्ण कांस्टेंट) है,और

$$\varepsilon_{0\pm} = \left(1 - \frac{\omega_p^2/\omega_o^2}{1 \mp \omega_c/\omega_o}\right)$$

चुना गया है ।

तरंग के अक्ष के नजदीक चौगुनी गौसियन लेजर बीम की तीव्रताको सती एट अल [17] द्वारा नीचे लिखे व्यंजक अनुसार व्यक्त किया जा सकता है,

$$AA^*\Big|_{r=0} = 256A_{oo}^2 e^{\frac{-x_o^2}{r_o^2}} e^{\frac{r^2}{r_o^2}} \left(1 + \frac{r^2 x_o^2}{4r_o^4} + \frac{(x^4 + y^4)x_o^2}{48r_o^8}\right)^2 \qquad (2)$$

यहाँ r_o प्रत्येक बीम सेगमेंट की आधी चौड़ाई है।

z>0 के लिये उपक्षीय किरण सन्निकटन में, बीम की तीव्रता की शख्सियत को निम्नलिखित अनुसार व्यक्त किया जा सकता है,

$$(3)\ AA^*|_{r=0} = \left|\frac{256}{f_\pm^2} A_{oo}^2 e^{\frac{-x_o^2}{r_o^2}} e^{\frac{r^2}{f_\pm^2 r_o^2}} \left(1 + \frac{r^2 x_o^2}{4 r_o^4 f_\pm^2} + \frac{(x^4 + y^4) x_o^2}{48 r_o^8 f_\pm^4}\right)\right|^2 \quad (3)$$

यहाँ $f_\pm$ बीम चौड़ाई पैरामीटर है।

चतुर्गुणी गौसियन लेजर बीम का संघट्टरहित चुंबकत्वी प्लाज्मा में संचरण निचे लिखे परावैद्युतांक (dielectric permittivity) के द्वारा अभिलक्षित किया जाता है,

$$\varepsilon_\pm = \varepsilon_{xx\pm} \mp i\varepsilon_{xy\pm} = \varepsilon_{0\pm} + \phi_\pm \left(E_\pm E_\pm^*\right)_{(4)}$$

जहाँ

$\varepsilon_{0\pm}$ अथवा $\phi_\pm \left(E_\pm E_\pm^*\right)$ क्रमश: परावैद्युतांक के रैखिक (linear) अथ्वा अरैखिक (Nonlinear) अंश है।

इसके साथ ही

$$\varepsilon_{zz} = \varepsilon_{ozz} + \phi_{z\pm}, \varepsilon_{xz} = \varepsilon_{zx} = \varepsilon_{yz} = \varepsilon_{zy} = 0$$

$$\varepsilon_{ozz} = 1 - \omega_p^2 / \omega_o^2 \quad ,$$

$$\phi_{z\pm} = \omega_p^2 / \omega_o^2 (1 + \alpha E_\pm E_\pm^*)^{-1/2}$$

यहाँ

$\omega_p = \sqrt{(4\pi n_o e^2)/m}$ प्लाज्मा आवृत्ति है।

सामान्य रूप से परावैद्युतांक के रेखिक अंश को नीचे लिखे व्यंजक द्वारा व्यक्त किया जा सकता है,

$$\varepsilon_{0\pm} = 1 - \omega_P^2 / \omega^2 \ (5)$$

इसी प्रकार,

$$\Phi\pm = \frac{\omega_p^2}{\omega_o^2\left(1 \mp \frac{\omega_c}{\omega_o}\right)}\left[1 - \exp\left(-\alpha E_\pm E_\pm^*\right)\right] \quad (6)$$

जहाँ

$$\alpha = \frac{e^2(1 \mp \omega_c / 2\omega_o)}{8m\omega_o^2 k_B T (1 \mp \omega_c / \omega_o)^2}, \qquad \omega_c = eB_O / mc$$

समदैशिक (isotropic) माध्यम में एवम् गोजियन मात्रक प्रणाली (Gaussian system of units) में मैक्सवेल (Maxwell) की समीकरणे नीचे लिखे अनुसार है,

$$\vec{\nabla} \cdot \vec{E} = 0$$

$$\vec{\nabla} \cdot \vec{B} = 0$$

$$\vec{\nabla} \times \vec{E} = -\frac{1}{c}\frac{\partial \vec{B}}{\partial t}$$

$$\nabla \times \vec{B} = \frac{4\pi}{c}\vec{J} + \frac{1}{c}\frac{\partial \vec{D}}{\partial t}$$

इन मैक्सवेल समीकरणों का प्रयोग करके विद्युत चुम्बकीय तरंगो कि नॉन लीनियर समीकरण निम्नलिखित अनुसार व्यक्त की जा सकती है,

$$\frac{\partial^2 \vec{E}_{\pm}}{\partial z^2} + \frac{1}{2}\left(1 + \frac{\varepsilon_{0\pm}}{\varepsilon_{0zz}}\right)\left(\frac{\partial^2}{\partial x^2} + \frac{\partial^2}{\partial y^2}\right)\vec{E}_{\pm} + \frac{\omega^2 \varepsilon_{\pm}\vec{E}_{\pm}}{c^2} = 0 \quad (7)$$

समीकरण से(1) $\vec{E}_{\pm}$ लेकर समीकरण (7)में डालने से हमें निम्नलिखित समीकरण मिलती है,

$$-2ik_{\pm}\frac{\partial A_{\pm}}{\partial z} + \frac{\partial^2 A_{\pm}}{\partial z^2} + \left(1 + \frac{\varepsilon_{0\pm}}{\varepsilon_{0zz}}\right)\left(\frac{\partial^2}{\partial x^2} + \frac{\partial^2}{\partial y^2}\right)A_{\pm} + \frac{\omega_o^2 \phi_{\pm}}{c^2}A_{\pm} = 0 \quad (8)$$

यहाँ

$$A_{\pm} = A_{o\pm}(x, y, z)\exp[-ik_{\pm}S_{\pm}(x, y, z)] \quad (9)$$

प्रयोग गया है।

$S_{\pm}(x, y, z)$ आईकोनल (eikonal) है जिस कोपैरेक्सियल रे सन्निकटन

में $S_{\pm}(x, y, z) = S_{o\pm}(z) + \left(\frac{x^2}{2} + \frac{y^2}{2}\right)S_{2\pm}(z)$ (10)

लिखा जा सकता है।

जहाँ

$$S_{2\pm}(z) = \frac{1}{f_{\pm}(z)}\frac{df_{\pm}}{dz}\frac{2}{\left(1 + \frac{\varepsilon_{0\pm}}{\varepsilon_{0zz}}\right)}$$

है।

व्यंजक (9) समीकरण (8) में डालने पर और Wentzel–Kramers–Brillouin सन्निकटन का प्रयोग करते हुए हमें एक और समीकरण मिलेगी जिस के वास्तविक और अधिकल्पित भाग क्रमांक इस तरह होंगे,

$$2\left(\frac{\partial S_{\pm}}{\partial z}\right) + \frac{1}{2}\left(1 + \frac{\varepsilon_{0\pm}}{\varepsilon_{0zz}}\right)\left[\left(\frac{\partial S_{\pm}}{\partial x}\right)^2 + \left(\frac{\partial S_{\pm}}{\partial y}\right)^2\right] = \frac{1}{k_{\pm}^2\ (z)A_{0\pm}}\frac{1}{2}\left(1 + \frac{\varepsilon_{0\pm}}{\varepsilon_{0zz}}\right)\cdot\left(\frac{\partial^2 A_{0\pm}}{\partial x^2} + \frac{\partial^2 A_{0\pm}}{\partial y^2}\right)$$

$$+ \frac{\phi_{\pm}(z)}{\varepsilon_{o\pm}(z)} \quad (11)$$

और

$$\frac{\partial A_{o\pm}^2}{\partial z} + \frac{1}{2}\left(1 + \frac{\varepsilon_{0\pm}}{\varepsilon_{0zz}}\right)A_{0\pm}{}^2\left(\frac{\partial^2 S_{\pm}}{\partial x^2} + \frac{\partial^2 S_{\pm}}{\partial x^2}\right) + \left(\frac{\partial A_{o\pm}^2}{\partial x}\frac{\partial S_{\pm}}{\partial x} + \frac{\partial A_{o\pm}^2}{\partial y}\frac{\partial S_{\pm}}{\partial y}\right) = 0$$

(12)

समीकरण (10) से $S_{\pm}(x,y,z)$ लेकर समीकरण (11) में डालने से आने वाली समीकरण के r^2के गुणांक (coefficients) को सामान बनाने (equate) पर टकरावहीन मैग्नेटोप्लाज्मा में चौगुनी गौसियन बीम की स्व-केंद्रित प्रक्रिया की समीकरण मिलती है,जो की निम्नलिखित है,

$$\frac{d^2 f_{\pm}}{d\xi^2} = \frac{(1+\varepsilon_{0\pm}/\varepsilon_{0zz})^2}{4f_{\pm}^3}\left(1-\frac{x_o^2}{r_o^2}\right) - \frac{64(1+\varepsilon_{0\pm}/\varepsilon_{0zz})}{c^2 f_{\pm}^3(1\mp\omega_c/\omega_o)}\omega_p^2 \alpha A_{oo\pm}^2 e^{-x_o^2/r_o^2} r_o^2\left(2-\frac{x_o^2}{r_o^2}\right)$$

$$\exp\left[\frac{-256\alpha A_{oo\pm}^2 e^{-x_o^2/r_o^2}}{f_{\pm}^2}\right] \qquad (13)$$

जहाँ

$\xi = z/(k_{\pm}r^2)$ है।

संख्यात्मक परिणाम और चर्चा:

समीकरण (13) एक अरैखिक साधारण अवकल समीकरण है जो कि विमाहीन बीम चौड़ाई वाले पैरामीटर $f_{\pm}$ के परिवर्तन को बीम की प्लाज्मा में संचरण की दूरी ξ के साथ दर्शाता है। इस समीकरण के दाई और का पहला पद बीम के विवर्तन विचलन के लिये जिमेदार है और दूसरा पद बीम को केंद्रित करने के लिए जिम्मेदार होता है। बीम की केंद्रित होने की क्षमता इस परनिर्भर करेगी की समीकरण (13) के दाई और का कौन सा पद किस पर हावी होता है। चूंकि इस समीकरण के विश्लेषणात्मक समाधान संभव नहीं हैं, इसलिए हमने इसका संख्यात्मक हल निकाला है। इसके लिये निम्नलिखित लेजर और प्लाज्मा मापदंडो का चयन किया है; इंटेंसिटी पैरामीटर $\alpha A_{oo\pm}^2$ 0.002=, प्लाज्मा आवृत्ति $\omega_p = 7.112X10^{14}$ rad/sec, लेज़र आवृत्ति $\omega_o = 1.778X10^{15}$, $r_o = 3\mu m$।

चित्र (2) में $f_{\pm}$ को ξ के साथ चुंबकीय क्षेत्र के विभिन्न मान पर प्लाट (plot) किया है। यहाँ यह स्पष्ट रुप में देखा जा सकता है की चुंबकीय क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने से विद्युत चुम्बकीय तरंग की स्व केंद्रित होने की क्षमता बढ़ रही है। इसका कारण यह है की चुंबकीय क्षेत्र बढ़ाने से माध्यम की अरैखिकता (nonlinearity) बढ़ती है और लेज़र अरैखिकता बीम अधिक से अधिक केंद्रित होती है। इसका निष्कर्ष यह हुआ की चुंबकीय क्षेत्र चतुर्गुणी गौसियन लेजर बीम की आत्म-केंद्रित प्रक्रिया को बढ़ावा देने में सहायक है।

वर्तमान विश्लेषण के परिणाम उन अनुप्रयोगों के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं जहाँ हमे मेगाजूल लेजर की आवश्यकता होती है जैसे की लेजर प्रेरित संलयन (laser induced fusion) । यह आगे अंतरिक्ष के विभिन्न अनुप्रयोगों में लाभदायक है जैसे अंतरिक्ष में लेजर ऊर्जा नेटवर्क में, जमीन की ऊर्जा व्यवस्था आदि की आपूर्ति में ।



चित्र : 2 $f_{\pm}$ का ξ के साथ चुंबकीय क्षेत्र के विभिन्न मान पर प्लाट

संदर्भ:

[1]Tajima T, Dawson J M. 1979, Phys. Rev. Lett., 43: 267.

[2]Regan S P, Bradley D K, Chirokikh A V, et al. 1999, Phys. Plasmas, 6, 2072.

[3]Umstadter D. 2001, Phys. Plasmas, 8: 1774.

[4]Chessa P, Mora P, Antonsen T M. 1998, Phys. Plasmas, 5: 3451.

[5] Konar S, Mishra M. 2005, J. Opt. A: Pure and Applied Optics, 7: 576.

[6] Singh A, Aggarwal M, Gill T S. 2009, Phys. Scr., 80: 015502.

[7]M. Aggarwal, S. Vij, and N. Kant, Optik 125 (2014) 5081.

[8] Saini N S, Gill T S. 2006, Laser Part. Beams, 24: 447.

[9] Cai Y, Lin Q. 2004, J. Opt. Soc. Am. A, 21: 1058.

[10] Takale M V, Navare S T, Patil S D, et al. 2009, Opt. Commun., 282: 3157.

[11] Patil S D, Takale M V, Navare S T, et al. 2010, Laser Part. Beams, 28: 343.

[12] Fibich G. 2007, Some Modern Aspects of Self-Focusing Theory, in Self-Focusing: Past andPresent, edited by Boyd R W, Lukishova S G, Shen Y R,. Eds. Springer, New York: 413.

[13] Gill T S, Mahajan R, Kaur R, et al. 2012, Laser and Particle Beams, 30: 509.

[14] Sodha M S, Palumbo C J. 1963, Can. J. Phys., 41: 2155.

[15] Sodha M S, Tripathi V K, Nayyar V P. 1973, Opt. Commun., 9: 381.

[16] Sodha M S, Govind, Sharma R P. 1979, Plasma Phys., 21: 13.

[17] Sati P, Sharma A, Tripathi V K. 2012, Phys. Plasmas, 19: 092117.

★★★

11

मानव शरीर के बेलनाकार क्षेत्र में तापमान के वितरण में आयु के प्रभाव

डॉ योगेश शुक्ला , सोनिया शिवहरे
गणित विभाग
एमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर, मध्य प्रदेश

सार :

वर्तमान अध्ययन का उद्देश्य मानव शरीर के बेलनाकार क्षेत्रों में तापमान वितरण पर उम्र के प्रभाव के बारे में गणितीय मॉडल पेश करना है। मॉडल एक आयामी स्थिर समय के लिए विकसित किया गया है। मॉडल में अन्य प्रक्रियाएं शामिल हैं जो ताप नियमन के लिए महत्वपूर्ण योगदान देती हैं और शरीर में रक्त संचालन द्वारा परिधीय ऊतकों और ऊतक चयापचय ताप पैदा करने **(metabolic heat generation)** का कार्य करती हैं। शरीर की ऊपरी सतह का पर्यावरण के प्रभाव की गर्मी से चालन, संवहन **(convection)**, विकिरण **(radiation)** द्वारा वाष्पीकरण **(evaporation)** होती है। उपयुक्त सीमा शर्तों को रेखांकित किया गया है। परिणाम और निष्कर्ष खोजने के लिए परिमित तत्व विधि **(finite element method)** का उपयोग किया जाता है।

कुंजी शब्द: बायो-हीट ट्रांसफर; गणितीय मॉडल, तापीय चालकता, गर्मी उत्पादन, परिमित तत्व विधि

प्रस्तावना:

पर्यावरण में विभिन्न थर्मल परिवर्तनों के बावजूद मानव शरीर का मुख्य तापमान मुख्य रूप से गर्मी उत्पादन और गर्मी हस्तांतरण की जुड़वां घटनाओं के साथ होता है। पर्यावरण और शरीर के बीच बातचीत की सतह, होने वाली त्वचा थर्मावो-नियमन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। थर्मावो-विनियमन की दिशा में योगदान देने वाली अन्य प्रक्रियाओं में शरीर की कोर से परिधीय ऊतकों और ऊतक चयापचय गर्मी से रक्त का छिड़काव शामिल होता है। त्वचा और चमड़े के नीचे के ऊतकों में तापमान वितरण पर इन प्रक्रियाओं के प्रभाव की जांच के लिए कई अध्ययन किए गए हैं। कूपर और ट्रेज़ेज़ ने सभी मापदंडों को लगातार [1,2] के रूप में लेकर एसएसटी क्षेत्र में समीकरण का समाधान प्राप्त किया। पैटरसन ने त्वचा और चमड़े के नीचे के क्षेत्र में तापमान प्रोफाइल निर्धारित करने के लिए प्रयोगत्मक प्रयास किए। सक्सेना ने एसएसटी क्षेत्र में समानता परिवर्तन से समीकरण हल किया [6] सक्सेना और आर्य ने तीन स्तरित त्वचा और उपचुंबक क्षेत्र में स्थिर अवस्था के तापमान वितरण की समस्या को हल करने के लिए वैरिएशनल परिमित तत्व विधि का इस्तेमाल किया [7]। सक्सेना, आर्य और बिंद्रा ने वैरिएशनल परिमित तत्व विधि और लैपलेस ट्रांसफोर्म विधि [9] का उपयोग करके मानव त्वचा और चमड़े के नीचे के ऊतक क्षेत्र में अस्थिर तापमान वितरण प्राप्त किया।

II गणितीय रूपरेखा

जैव गर्मी हस्तांतरण समीकरण (***The bio heat transfer equation***) निम्न रूप को स्थिर अवस्था में ले जाता है इस समीकरण को बेलनाकार निर्देशांक में निम्न प्रकार से व्यक्त किया जाता है जिसमें समरूपता को कोणीय दिशा और अक्षीय दिशा z पर होता है।

$$\frac{1}{r}\frac{d}{dr}K\left(r\frac{dT}{dr}\right)+M(T_b - T)+S=0$$

.....(1)

Where,

T = tissue temperature

T_b = temperature of blood assume to be same as body core temperature

M = $m_b\, c_b$

m_b = blood mass perfusion rate

C_b = specific heat of blood

S = metabolic heat generation

K = Thermal conductivity of tissue

किसी उम्र में किसी रक्त प्रवाह दर (***blood mass flow rate***) की निर्भरता इस समीकरण के अनुसार होती है तो एक कारक (***1-A***) रक्त प्रवाह दर के अनुरूप शब्द में पेश किया जाना है। ***A*** को संतुलित संतुलन के रूप में जाना जाता है इसका मूल्य उम्र के आधार पर शून्य और एक के बीच होता है।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि रक्त वाहिकाओं के सिकुड़ने के कारण उम्र के साथ रक्त प्रवाह दर घट जाती है इसलिए समीकरण (1) इस तरह लिखा जाता है :-

$$\frac{1}{r}\frac{d}{dr}(Kr\frac{dT}{dr})+(1-A)M(T_b - T)+S=0 \qquad \ldots (2)$$

शरीर की बाहरी सतह पर्यावरण के अनुसार ढल जाती है और इस सतह पर गर्मी का नुकसान चालन, संवहन, विकिरण और वाष्पीकरण के कारण होता है। इस प्रकार बाहरी सतह के लिए समीकरण इस प्रकार लिखा जाता है

$$-K\frac{dT}{dr}=h(T - T_a)+LE \qquad \ldots. (3)$$

Where T_a = atmospheric temperature.

at the skin surface.

and $T_3 = T_b$ ..... (4)

ISSN 2320-7736

एपिडर्मिस, डर्मिस और उप त्वचीय भाग की मोटाई को इंगित करते हुए निम्न प्रकार से व्यक्त किया जाता है **(a4-a3), (a3-a2) and (a2-a1)**

(i) **Epidermis :**($a3 \leq r \leq a_4$)

$K^{(1)} = k_1$, $M^{(1)} = O$, $S^{(1)} = 0$

(ii) **Dermis :**($a_2 \leq r \leq a_3$)

$K^{(2)} = k_2$ $M^{(2)} = m$,

$S^{(2)} = s\ (T_b - T_2)$

(iii)**Sub dermal part :**($a_1 \leq r \leq a_2$)

$K^{(3)} = k_3$, $M^{(3)} = m$, $S^{(3)} = s\ (T_b - T_3)$

यहां k1, k2, k3, m और s को स्थिर माना जाता है और **ai** (i = 1, 2, 3,4) केंद्र से दूरी को दर्शाता है। अंतरफलक और सीमा शर्तों द्वारा दिए गए हैं

$$-K_1 \frac{dT_1}{dr} = h\,(T_1 - T_a) + LE \qquad \text{at } r = a \ \ldots (5)$$

$$K^{(1)} \frac{dT_1}{dr} = K^{(2)} \frac{dT_2}{dr} \qquad \text{at } r = a \ \ldots (6)$$

$T_1 = T_2$ at $r = a_3$ ... (7)

$$K^{(2)} \frac{dT_2}{dr} = K^{(3)} \frac{dT_3}{dr} \qquad \text{at } r = a_2 \ \ldots (8)$$

$T_2 = T_3$ at $r = a_2$ ... (9)

$T_3 = T_b$ at $r = a_1$ ... (10)

समीकरण (2) से समीकरण (10) से **Ti = Tb (1-Vi) , i =1,2,3** का उपयोग करके एक-आयामी समीकरणों पर, ये निम्न रूप को कम करते हैं:

Outer skin: ($r = a_4$)

$$\frac{dV_1}{dr} = -n_1 V_1 + n_2 \ldots (11)$$

(i) Epidermis : ($a_3 \leq r \leq a_4$)

$$\frac{d}{dr}\left(r \frac{dV_1}{dr}\right) = 0 \qquad \ldots (12)$$

Interface I: ($r=a_3$)

$$K_1 \frac{dV_1}{dr} = K_2 \frac{dV_2}{dr} \qquad \ldots (13)$$

$V_1 = V_2$ .... (14)

(ii) Dermis : $(a_2 \leq r \leq a_3)$

$$r\frac{d^2V_2}{dr^2} + \frac{dV_2}{dr} - b_2 V_2 r = 0 \text{ .... (15)}$$

Interface II: $(r=a_2)$

$$K_2 \frac{dV_2}{dr} = K_3 \frac{dV_3}{dr} \quad \text{.... (16)}$$

$V_2 = V_3$ .... (17)

(iii) Sub dermal part: $(a_1 \leq r \leq a_2)$

$$r\frac{d^2V_3}{dr^2} + \frac{dV_3}{dr} - b_3 V_3 r = 0 \text{ .... (18)}$$

and at inner body core

$V_3 = 0$ at $r = a_1$ .... (19)

where,

$T_i = T_b (1-V_i)$; i = 1,2,3

$$b_3 = \frac{(m+s)}{k_3}, \qquad b_2 = \frac{m(1-A)+s}{k_2}$$

$$T_a = T_b(1-V_a), \qquad n_1 = \frac{h}{k_1}$$

$$n_2 = \frac{h}{k_1} V_a + \frac{LE}{k_1 T_b}$$

III Solutions

विभेदीक समीकरण (12) को सीधे हल किया जा सकता है। परिवर्तनों का उपयोग करके समीकरण (15) और (18) को बैसेल के अंतर समीकरण में रूपांतरित किया जा सकता है

Where i=2,3

इसलिए त्वचा में ऊष्मा प्रवाह के लिए समाधान और ऊपरी हिस्से के ऊतक परतों को निम्न रूप में प्राप्त किया जाता है:

$V_1 = C_1 \log r + C_2$

$$V_2 = C_3 I_0 (\sqrt{b_2}\, r) + C_4 K_0 (\sqrt{b_2}\, r)$$

$$V_3 = C_5 I_0 (\sqrt{b_1}\, r) + C_6 K_0 (\sqrt{b_1}\, r)$$

जहां **I0 and ₹0** क्रमशः पहले और दूसरे प्रकार के बेसेल के कार्यों को संशोधित कर रहे हैं।

स्थिरांक के मूल्य **Ci (i=1 to 6)** इंटरफ़ेस और सीमा शर्तों का उपयोग करके निर्धारित किये गए हैं और नीचे दिए गए हैं:

$$C_1 = \frac{a_4 n_2}{1 + n_1 a_4 l_{21}}, \quad C_2 = \left(\frac{a_4 n_2}{1 + n_1 a_4 l_{21}} \right) l_{20}$$

$$C_3 = \frac{C_1}{a_3 l_{19}},$$

$$C_4 = C_3 \frac{l_{11}}{l_{12}}$$

$$C_5 = \frac{C_3 l_9 + C_4 l_{10}}{l_8}, \quad C_6 = -C_5 \frac{l_1}{l_2}$$

where

$$l_1 = I_0 (\sqrt{b_1}\, a_1), \qquad l_2 = K_0 (\sqrt{b_1}\, a_1)$$

$$l_3 = I_0 (\sqrt{b_1}\, a_2) - \frac{l_1}{l_2} K_0 (\sqrt{b_1}\, a_2)$$

$$l_4 = I_0 (\sqrt{b_2}\, a_2), \qquad l_5 = K_0 (\sqrt{b_2}\, a_2)$$

$$l_6 = \frac{d}{dr} I_0 (\sqrt{b_1}\, a_2), \qquad l_7 = \frac{d}{dr} K_0 (\sqrt{b_1}\, a_2)$$

$$l_8 = l_6 - \frac{l_1}{l_2} l_7, \qquad l_9 = \frac{d}{dr} I_0 (\sqrt{b_2}\, a_2)$$

$$l_{10} = \frac{d}{dr} K_0 (\sqrt{b_2}\, a_2), \quad l_{11} = l_3 l_9 - l_4 l_8$$

$$l_{12} = l_5 l_8 - l_3 l_{10},$$

$$l_{13} = I_0 (\sqrt{b_2}\, a_3)$$

$$l_{14} = K_0 (\sqrt{b_2}\, a_3),$$

ISSN 2320-7736

$l_{15} = \log a_3$

$$l_{16} = \frac{l_{12}\, l_{13} + l_{11}\, l_{14}}{l_{12}}, l_{17} = \frac{d}{dr} I_0 (\sqrt{b_2}\, a_3)$$

$$l_{18} = \frac{d}{dr} K_0 (\sqrt{b_2}\, a_3), l_{19} = \frac{l_{17}\, l_{12} + l_{11}\, l_{18}}{l_{12}}$$

$$l_{20} = \frac{l_{16} - l_{15}\, a_3\, l_{19}}{a_3\, l_{19}},$$

$l_{21} = \log a_4 + l_{20}$

IV Numerical Results

गणना तीन अलग-अलग आयु वर्गों और त्वचा के मोटाई के दो सेटों के लिए की गई है। **A** (संतुलन स्थिर) और **S** (मेटाबोलिक गर्मी पीढ़ी दर) के मूल्यों को तालिका -1 के अनुसार लिया गया है **[3,7]**

TABLE -1:
Metabolic Heat Generation and Equilibration Constant

AGE (years) →	20	40	60
S=Metabolic heat generation rate(cal/cm^3-min)	0.02173	0.020925	0.020205
A=Equilibration constant	0.1	0.2	0.3

इसके अतिरिक्त भौतिक और शारीरिक स्थिरता के निम्नलिखित मूल्यों पर विचार किया गया है **[8,9]**

h = 0.009 cal/cm^2-min
E=0
L=579 cal/gm.
T_a=15^{o}c
m = 0.003 cal/cm^3-mindegC,
T_b=37^{o}c

त्वचा और अंतर्निहित ऊतकों की संरचना के आधार पर हमने निम्न प्रकार के अलग-अलग मोटाई के दो सेटों को माना है। थर्मल चालकता के गुणांक K, मोटाई के अनुसार विभिन्न मूल्यों को भी मानते हैं.**[7,8]**

ISSN 2320-7736

For Set I

K_1=0.030 K_2=0.045 K_3=0.045

a_1=1cm a_2=2cm a_3=3cm a_4=3.5cm

For Set II

K_1=0.030 K_2=0.060 K_3=0.060

a_1=5.5cm a_2=7.0cm a_3=8.5cm a_4=9.5cm

V Conclusion

त्वचा की मोटाई और आयु वर्ग के अनुसार विभिन्न सेटों के लिए तापमान भिन्नता बहुत ही रोचक है। सामान्य तौर पर यह देखा गया है कि बाहरी सतह के पास तापमान भिन्नता तेज और गैररेखीय है और उप त्वचीय क्षेत्रों में लगभग रैखिक बन जाती है। यह **(linearity)** अभी भी त्वचा और उप त्वचीय भागों की बड़ी मोटाई के लिए है। यह भिन्नता चयापचय ताप जनन **(metabolic heat generation)** के विभिन्न दरों और विभिन्न आयु समूहों के लिए **A** के मूल्य के कारण हो सकती है। चयापचय ताप जनन **(metabolic heat generation)** और रक्त प्रवाह की दर **(blood mass flow)** एपिडर्मिस में शून्य हैं। हम देखते हैं कि बीस से कम उम्र में रक्त द्रव्य प्रवाह **(blood mass flow)** की दक्षता, परिवेश के तापमान का प्रभाव चालीस के दशक की तुलना में बेहतर है। चालीस साल की उम्र में सतह का तापमान बीस वर्ष की आयु में 28.5°C की तुलना में 27 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है।

परिणाम की एक और दिलचस्प विशेषता एपिडर्मिस और त्वचा के बीच अंतरफलक **(Interface)** तापमान है।

इसके अलावा तापमान**,** एपिडर्मिस की मोटाई के आधार पर और त्वचा के आकार पर निर्भर करता है। क्षेत्रों की समान मोटाई के लिए, उच्च उम्र **(higher ages)** के लिए इस तापमान का महत्व थोड़ा कम है। उप त्वचीय भाग और ऊपरी उप त्वचीय भाग के बीच अंतरफलक**(interface)** का तापमान मुख्य रूप से शरीर के मुख्य तापमान के द्वारा होता है। परतों की अधिक मोटाई के बावजूद, एपिडर्मिस और डेर्मिस के बीच इंटरफ़ेस का तापमान थोड़ा अधिक होता है क्योंकि परतों की कम मोटाई में तापमान की तुलना में यह इस तथ्य को इंगित करता है कि यदि मोटाई **(larger thickness)** उपलब्ध है तो रक्त छिड़काव **(blood perfusion)** वायुमंडलीय स्थितियों के प्रभाव का अधिक प्रभावी ढंग से विरोध कर सकता है।

Reference:

[1] Cooper T.E. and Trezek, G.J. (1972, a): "A Probe technique for determining the thermal conductivity of tissues" J. Heat transfer, ASME 94, 133-140.

[2] Cooper J.E. and Trezek, G.T. (1972, b): "on the freezing of tissues" J. Heat transfer, ASME, 94,251-253.

[3] Guyton, A.C.(1976): "Text book of Medical physiology" W.B.Saunders company.

[4]PattersonA.M. (1976): "Measurement of temperature profiles in human Skin "S.Afr J. Sci., 72, 78-79.

[5] Patterson A.M. (1978):"Transient response of intradermal temperature" S.Afr.J.Sci 74,136-137.

[6] Saxena V.P. (1978): "Application of similarity transformation to unsteady state heat migration problem in human skin and subcutaneous tissues" Proc. 6th Int. Heat Transfer Conf. 3, 65-68.

[7] SAXENA, V. P. and ARYA, D., 1981, Exact Solution of the Temperature Distribution Problem in Epidermis and Dermis Regions of Human Body, Proc. VNM, Medical and Biological Engineering,Sweden,pp 364-366.

[8] SAXENA, V. P., 1983, Temperature Distribution in Human Skin and Sub dermal Tissues,1, Theo. Biol,102,pp 277-286.

[9] SAXENA, V. P. and BINDRA. J. S., 1984, Steady State Temperature Distribution in Dermal Regions of Human Body with Variable Blood Flow, Perspiration and Self-Controlled Metabolic Heat Generation, J. Pure Appl. Math. 15(1), pp31-42.

[10] Trezek G.J. and Cooper T.E. (1968): "Analytical determination of cylindrical source temperature field and their relation to thermal diffusivity of brain tissue" Thermal prov. in Bio-tech: ASME, NY, 1-15.

[11] W.Perl, 1962, Heat and matter distribution in body tissue and determination of tissue blood flow by local clearance methods, journal of theoretical biology 2(3), pp201-235

★ ★ ★

12

हरित रसायन विज्ञान और उसके अनुप्रयोग

सुश्री कोमल

अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग, डी.ए.वी. अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान,
जालंधर (पंजाब)

प्रस्तावना :

विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति के साथ-साथ मनुष्य ने प्रकृति का इतना शोषण किया है जिसके परिणामस्वरूपअब वह उसकेपतन का कारण बन गया है| मनुष्य ने पर्यावरण के साथ ऐसा खिलवाड़ किया है जिसकापरिणामहै भूमण्डलीय गर्मी, जलवायु परिवर्तन और सुनामी आदि|इसलिए अब ये हम सबके लिए अनिवार्य हो गया है कि संधारणीय विकास के लिए कड़े से कड़े कदम उठाए जाए|

संधारणीय विकास (sustainable growth) की आवश्यकता है की कम संसाधनों का प्रयोग और कम से कम कचरा पैदा करते हुए अधिकसे अधिक उत्पादन किया जाए| इसलिए ग्रीन केमिस्ट्री आज के युग के अवशेष कार्यक्रम का व्यापक अनिवार्य हिस्सा बन गया है ताकि मनुष्य की स्वास्थ्य और वातावरण को बचाया जा सके।

हरित रसायन (ग्रीन केमिस्ट्री) शाखा है जिसे संधार्निया रसायन भी कहा जाता है। यह रसायन इंजीनियरी का वह क्षेत्र है जो उत्पादों के निर्माण और प्रक्रमो के अभिकल्पो में कम से कम संकटकारी सामग्री का प्रयोग और जनन करता है।

परिभाषा : ग्रीन केमिस्ट्री जिसे संधारणीय केमिस्ट्री भी कहा जाता है रसायन शास्त्र और इंजीनियरिंग का एक ऐसा क्षेत्र है जिसका केंद्र ऐसे उत्पादों को बनाना और ऐसी क्रिया खोजना है जिससे कम से कम हानिकारक पदार्थो का इस्तेमाल और पैदावार हो।



ISSN 2320-7736

ग्रीन केमिस्ट्री के 12 सिद्धांत :

1. अपशिष्ट (वेस्ट) की सफाई अथवा उपचार करने से बेहतर है कि इसे पैदा होने से रोका जाए।
2. **एट्म सदुपयोग** किसी भी प्रक्रम में अंतिम उत्पाद के निर्माण के लिये प्रयोग की जाने वाली सामग्री के पूरी तरह से उपभोग को सुनिश्चित करने के लिए संश्लेषक विधियों का विकास अथवा अभिकल्पन किया जाना चाहिए।
3. **खतरनाक रसायनों का कम उत्पादन** : जहाँ तक सम्भव हो कृत्रिम साधनों से ऐसी सामग्री का निर्माण किया जाना चाहिए जिसमें मानवता और प्रकृति को कोई हानि न पहुँये।
4. **सुरक्षित रसायनों का अभिकल्प** : रासायनिक उत्पादनों कानिर्माण इस प्रकार से किया जाना चाहिए जिससे विषाक्त पदार्थ कम से कम उत्पन्न हों|
5. सहायक सामग्री जैसे विलायक, पृथ्थकारी एजेन्ट इत्यादि का प्रयोग जहाँ तक संभव हो अनावश्यक किया जाना चाहिए।
6. रासायनिक प्रक्रमो के लिए ऊर्जा माँग का पर्यावरण तथा आर्थिक पहलुओं के मद्देनज़र न्यूनतम की जानी चाहिए।
7. **अक्षय कच्चा माल**: पर्यावरण के हित्त में नवीकरणीय कच्चे माल के प्रयोग पर अधिक ध्यान देना चाहिए।
8. अनावश्यक व्युत्पनो को (रोधन समूहो, रक्षण/ विरक्षण, भौतिक और रासायनिक प्रक्रमो का आशोधन) न्यूनतम किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसी प्रक्रिया से अतिरिक्त अभिकर्मकों को प्रयोग करना पड़ता है जो अवशिष्ट पैदा करते हैं।
9. **उत्प्रेरक** : उत्प्रेरक अभिकर्मक रससमीकर अभिकर्मको से श्रेष्ठ हैं।
10. **निम्नीकरण का अभिकल्प** : रासायनिक उत्पादनों का निर्माण इस प्रकार से किया जाना चाहिए की वह पर्यावरण में प्रयोग के बाद स्थाई न रहेंजिससे वे पर्यावरण को हानि न पहुँचाए।
11. **प्रदूषण की रोकथाम के लिए वास्तविक काल विश्लेषण** : विश्लेषणात्मक प्रक्रिया को विकसित और उन्नत किया जाना चाहिए जिससे किसी प्रकार की हानिकारक वस्तु को बनने से पहले ही रोका जा सके।
12. **दुर्घटना से बचाव के लिए सुरक्षित रसायन** : रासायनिक वस्तु या रसायनों को इस तरह से चुनना चाहिए जिससे किसी भी तरह की रासायनिक दुर्घटना की संभावना न रहे और विस्फोटों और आग लगने की घटनाओं से बचा जाए।

ग्रीन प्रौद्योगिकी के चार स्तंभ

1 **ऊर्जा :** उत्पाद्न के निर्माण और इसके प्रयोग पर न्यूनतम ऊर्जा की खपत

2 **पर्यावरण :** पर्यावरण का सरंक्षण और पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले कम प्रभाव।ऐसे रासायनिक प्रक्रमो का विकास जिससे सामग्री व्यर्थ न हो और अंतिम उत्पाद उतना हो जितनी सामग्री प्रयुक्त की गई हैं।

3 **अर्थव्यवस्था :** आर्थिक विकास को बढ़ावा

4 **सामाजिक :** सबके लिए जीवन की गुणवताउत्पाद और उत्पाद प्रक्रम ऐसा बनाया जाए जिससे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर कोई बुरा प्रभाव न पड़े।

हरित रसायन क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां :

1. **जैव संहति का इस्तेमाल कच्चा माल**

जैव संहति वो कच्चा माल है जो की प्रकाश संश्लेषण द्वारा बनाया जाता है। जैसे की वनस्पति तेल, कार्बोहाइड्रेट्स, लिग्निन, हाइड्रोकार्बन टेर्पेने।

इसी तरह एडिपिक एसिड ग्लूकोस से इ.काली बैक्टीरिया की मदद से बनाया जाता है।

साधारण तरीके से एडिपिक एसिड का संश्लेषण:



ग्रीन विधि से एडिपिक एसिड संश्लेषण -



ISSN 2320-7736

2.बायोडीजल तेल:-

बायोडीजलतेल वनस्पति तेल जैसे की सोयाबीन, सरसों, पाम और तोरिया के तेल से बनाया जाता है |



3. वैकल्पिक विलायक:-

रासायनिक क्रियाएँ कच्चे माल को उपयुक्त विलायक में घोलने से की जाती हैं |मुख्य वैकल्पिक विलायक हैं जैसे की अतिक्रांतिक द्रव, आयोनी द्रव, जलीय विलायक, विलायक रहित पनतियां।

अल्केनेस की कर्बोन्य्लतिओन आयनिक द्रव में -

$$R\text{-}CH{=}CH_2 + CO + H_2 \xrightarrow[\text{Ionic liquid}]{Rh} R\text{–}CH_2\text{–}CH_2\text{–}CHO$$

ISSN 2320-7736

4. **उर्जा कीखपत कम करने के लिए सूक्ष्मतरंग और पराश्रव्य किरणों का प्रयोग**: सूक्षम तरंगो के प्रयोगके बहुत लाभ हैं जैसे रासायनिक क्रिया की गति बढ़ना, दक्षता से ऊष्मा का संचार, अंतिम उत्पाद की शुद्धता, पर्यावरण में ऊष्मा का कम क्षय, ऊष्मा की कम बर्बादी, कम प्रचालन लागत।

Knoevenagel reaction



इसी तरह अति ध्वनि किरण वे होती हैं जिनकी आवृति मनुष्य की सुनने की क्षमता से अधिक उच्च होती है (>18 kHz)

सूक्ष्म तरंगो की सहायता से होने वाली कुछ क्रियाएं :

$$C_6H_5Br + Li \xrightarrow{)))} C_6H_5Li + LiBr$$

$$RBr + Li + R'_2NCHO \xrightarrow[2.\ H_2O]{1.\ )))} RCHO + R'_2NH$$

$$2\ o\text{-}C_6H_4(NO_2)I + Cu \xrightarrow{)))} o\text{-}(O_2N)H_4C_6\text{–}C_6H_4(NO_2) + 2\ CuI$$

$$RR'HC\text{–}OH + KMnO_{4\,(s)} \xrightarrow{)))} RR'C{=}O$$

$$C_6H_5CH_2Br + KCN \xrightarrow[Al_2O_3]{)))} C_6H_5CH_2CN$$

$$MCl_5 + Na + CO \xrightarrow{)))} M(CO)_6^- \quad (M = V, Nb, Ta)$$

<u>हरित रसायन (ग्रीन केमिस्ट्री) के अच्छे परिणाम</u>

1. साफ़ हवा
2. साफ़ पानी
3. फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा
4. सुरक्षित उत्पाद जैसे की दवाइयां, कीटनाशक, संक्रमण को कम करने वाले पदार्थ
5. सुरक्षित खाद्य पदार्थ
6. सुरक्षित वातावरण
7. कम विश्व्यापी गर्मी,ओजोन परत का कम क्षय (अवक्षय)
8. रासायनिक क्रियाओं की अधिक उपज
9. कम चरणों में रासायनिक क्रियाएं ताकि फालतू पदार्थ न बनें
10. पैट्रोलियम पदार्थों का कम उपयोग

ISSN 2320-7736

<u>हरित रसायन ग्रीन केमिस्ट्री के कुछ अवगुण</u>

1. हरित रसायन के क्रियान्वयन की लागत अधिक होना
2. ज्ञान और सूचना की कमी
3. कच्चे माल के विकल्पों की कमी
4. निपादन में अनिश्चता
5. मानव संसाधन और कुशलता की कमी

संदर्भ (Reference):

S. K. Bhasin, VirenderKaur, JyotsnaKaushal& Harish Kumar, *Applied Chemistry*, Ajay Publications, Karnal, 12th Edition
R.P. Singh Grewal, *Interactive Engineering Chemistry*, Kalyani Publishers, New Delhi, 5th Edition
https://en.m.wikipedia.org/wiki/Green_chemistry
https://www.acs.org/content/acs/en/greenchemistry
https;//www.epa.gov/greenchemistry/benefits
http;//www.2.epa.gov/green-chemistry/basic-green-chemistry

★★★

13

"इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (IOT)" एवं इसके स्मार्ट अनुप्रयोगों पर एक समीक्षा पत्र

प्रो. मनोज कुमार, सुश्री पूजा अरोड़ा
डी.ए.वी. अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर

सार - **'इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (IOT)':** आई ओ टी क्लाउड में एक प्रकार का नेटवर्क है जो विभिन्न भौतिक नेटवर्क को जोड़ता है। IOT बुद्धिमानी से जुड़े उपकरण एवं सिस्टम है जिसमें स्मार्ट मशीनें शामिल होती हैं जो अन्य मशीनों, वातावरण, वस्तुओं, आधारभूत संरचनाओं, रेडियो फ़्रीक्वेंसी पहचान (RFID) और सेंसर नेटवर्क प्रौद्योगिकियों के समन्वय से काफी कार्य किये जा सकते हैं। हमारे जीवन को बहुत आसान और सुरक्षित बनाने के लिए यह "नियंत्रित एवं नियंत्रण" कर सकता है और पर्यावरण पर हमारा प्रभाव कम करता है। प्रत्येक संगठनों जैसे कि कंपनियों और नागरिक संस्थानों को लोगों के बारे में अत्यधिक जानकारी की आवश्यकता होती है। अधिकांश कंपनियां वेबसाइट, ईमेल या नोटिस बोर्ड का उपयोग करते हैं। हालांकि, अधिकांश देशों में इंटरनेट की पहुंच लोगों के लिए उनके सिस्टम और मोबाइल उपकरणों पर उपलब्ध है, ताकि सूचना का आदान-प्रदान इंटरनेट के माध्यम से बहुत आसान और किफायती हो सके।

I. प्रस्तावना

इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (IOT) शब्द नेटवर्क उपकरणों की क्षमता के लिए एक सामान्य अवधारणा को दुनिया भर के डाटा को समझने और इकट्ठा करने का प्रतिनिधित्व करता है, और फिर उस डाटा को इंटरनेट पर सांझा करता है जहां इसे संसाधित किया जा सकता है और विभिन्न दिलचस्प उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है। IOT में स्मार्ट मशीनें शामिल हैं जो अन्य मशीनों, वस्तुओं, वातावरण और आधारभूत संरचनाओं के साथ बातचीत और संचार कर रही हैं। आज के युग में हर व्यक्ति एक-दूसरे के साथ संचार के बहुत से माध्यमों के प्रयोग द्वारा जुड़ा हुआ है। जहां सबसे लोकप्रिय संचार का तरीका इंटरनेट है, इसलिए दूसरे शब्दो में हम कह सकते हैं कि इंटरनेट लोगों को कनेक्ट करता है।

इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (IOT) की आवश्यकता लगभग दो दशकों के आसपास से है और इसने हमारे दैनिक जीवन और समाज में सुधार लाने के लिए कई शोधकर्ताओं को आकर्षित किया है।

यह वास्तविक दुनिया के कई अनुप्रयोगों और सेवाओं के लिए उपयोगी है, उदाहरण के लिए इसे एक स्मार्ट निवास बनाने के लिए लागू कर सकते हैं। जैसे; एयर कंडीशनर चालू होने पर खिड़कियों को स्वचालित रूप से बंद किया जा सकता है या गैस ओवन चालू होने पर ऑक्सीजन के लिए खोला जा सकता है। IOT का विचार विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए मूल्यवान है, क्योंकि IOT प्रौद्योगिकियां निर्माण या समाज जैसी मानव गतिविधियों को बड़े पैमाने पर सहयोग कर सकती हैं।

'इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स' शब्द पहली बार केविन एश्टन द्वारा आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के संदर्भ में विकसित गया था। हालांकि, पिछले एक दशक में स्वास्थ्य देखभाल, उपयोगिताओं, परिवहन आदि जैसे व्यापक अनुप्रयोगों को शामिल किया गया है।

वर्तमान में हर जगह जैसे रेलवे स्टेशन, शॉपिंग मॉल, कॉलेजों इत्यादि में एक सूचना डेस्क के लिए अनिवार्य है, जो ट्रेन अनुसूची, प्रचारक प्रस्तावों और महत्वपूर्ण सूचना के बारे में तुरंत जानकारी प्रदान करने में सक्षम है। शैक्षिक संगठन के नजरिए से, समस्या यह है कि इसके लिए कुछ कर्मचारियों की आवश्यकता होती है जोकि उद्देश्य के लिए समर्पित हों और उन्हें संस्थान में हाल ही की घटनाओं और संस्थान के बारे में नवीनतम जानकारी होना आवश्यक है। दूसरी समस्या यह है कि व्यक्ति को उनसे जानकारी लेने

ISSN 2320-7736

के लिए संस्थान में सूचना डेस्क पर जाना पड़ता है। इसका समाधान एक तकनीक के द्वारा उपयोग करना और तकनीक को लोगों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों के जवाब देने के लिए जिम्मेदार बनाना है। सबसे अच्छा उपकरण सेल फोन है, जो लगभग सभी के लिए उपलब्ध हैं और जो नवीनतम जानकारी डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट से कनेक्ट है। अगर सूचना इंटरनेट पर अपडेट नहीं की जाती है, उन मामलों में जहां इंटरनेट पर जानकारी अपडेट नहीं की जा रही है, हमें सहयोग के लिए ग्राहक सेवा केंद्र को कॉल करने की आवश्यकता होती है। कुछ ऐसे उपकरण डिज़ाइन किए हैं जिसमें सारी जानकारी को उसके डाटाबेस में संग्रहीत किया जाता है, जब भी किसी को जानकारी की आवश्यकता होती है, उन्हें संबंधित जानकारी के लिए उस उपकरण का उपयोग करना होता है।

यहाँ तीन प्रकार की तकनीकें हैं जो इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स को सक्षम करती हैं:

i. निकट-क्षेत्रीय संचार और रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान (RFID) - 2000 के दशक में, RFID एक प्रमुख तकनीक थी । कुछ वर्षों के बाद, NFC तकनीक प्रमुख बन गया। 2010 के शुरुआती दिनों में NFC स्मार्ट फोन में आम हो गए थे, जैसे कि NFC टैग्स पढ़ने या सार्वजनिक परिवहन के उपयोग में।

ii. त्वरित प्रतिक्रिया कोड और ऑप्टिकल टैग - इसका उपयोग कम लागत वाले टैगिंग के लिए किया जाता है। छवि-प्रसंस्करण तकनीकों का उपयोग करते हुए फोन कैमरे QR कोड को डिकोड करते हैं।

iii. ब्लूटुथ और कम ऊर्जा - यह नवीनतम तकनीकों में से एक है । सभी नए रिलीज होने वाले स्मार्टफोन में BLE हार्डवेयर उपलब्ध होती है। BLE के आधार पर टैग एक बिजली के बजट पर उनकी उपस्थिति को संकेत देता है।

II. साहित्य की समीक्षा

हर संगठन में हमेशा एक सूचना डेस्क होता है जो जानकारी, विज्ञापन संदेश और अपने ग्राहकों और कर्मचारियों को कई सूचनाएं प्रदान करता है। समस्या यह है कि इसके लिए कुछ कर्मचारियों की आवश्यकता होती है जो उस प्रयोजन के लिए समर्पित हों और उन्हें प्रस्तावों और संगठन के बारे में नवीनतम जानकारी हो। IOT के कारण हम कई स्मार्ट उपकरण अपने आस-पास देख सकते हैं।

साहित्य [10] में IOT अंतर्निहित सेंसर और एक्चयूएटर और अन्य भौतिक वस्तुओं से डाटा इकट्ठा करने के लिए बौद्धिक रूप से जुड़े उपकरण और तंत्र के रूप में संदर्भित है। IOT की आने वाले वर्षों में तेजी से फैलने की उम्मीद है जो सेवाओं का एक नया आयाम है और उपभोक्ताओं के जीवन स्तर की गुणवत्ता में सुधार और उद्यमों की उत्पादकता, अवसरों को प्रदान कर रहा है। आज के युग की मोबाइल सेवा के अनुप्रयोग की यह नई लहर टैबलेट और लैपटॉप से परे जा रही है; जुड़ी कारों और इमारतों के लिए; स्मार्ट मीटर और यातायात नियंत्रण; बुद्धिमानी से लगभग प्रत्येक वस्तु और प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ने की तकनीक प्रमुख है।

[11] में लेखक सेंसर नेटवर्क की अवधारणा का वर्णन कर रहे हैं जिसमें माइक्रोइलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम टेक्नोलॉजी, संचार के अभिसरण की मुख्य तकनीक है। इसमें सबसे पहले सेंसर नेटवर्क अनुप्रयोगों और संवेदन कार्य का पता लगाया जाता है, और इसके अनुसार सेंसर नेटवर्क के डिजाइन को प्रभावित करने वाले समीक्षा कारकों को प्रदान किया जाता है। फिर प्रत्येक परत के लिए विकसित एल्गोरिदम और प्रोटोकॉल तथा सेंसर नेटवर्क के लिए संचार वास्तुकला को रेखांकित किया जाता है।

[1] में लेखकों ने इलेक्ट्रॉनिक सूचना डेस्क सिस्टम विकसित किया है। यहां वे SMS पर आधारित दृष्टिकोण का उपयोग कर रहे हैं लेकिन अलग तरह से। सिस्टम को किसी भी मानव ऑपरेटर की आवश्यकता के बिना स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जब किसी को कोई भी जानकारी की आवश्यकता होती है, तो उन्हें इस सिस्टम पर एक SMS भेजने की आवश्यकता होगी जो उपयोगकर्ता द्वारा आवश्यक जानकारी का जवाब देगा।

[12] में शोध का उद्देश्य सिंगापुर में बस परिवहन व्यवस्था में IOT की व्यवहार्यता को समझना है। सिंगापुर, जो तकनीकी रूप से बहुत उन्नत है लेकिन फिर भी उनके परिवहन प्रणाली में प्रगति का दौर रहा है। उसने उपभोक्ता को कुशल तरीके से विभिन्न बस विकल्पों को समझने और उनका मूल्यांकन करने के लिए IOT का उपयोग करके एक प्रणाली बनाई। माध्यमिक अनुसंधान का उपयोग बसों के आने के समय के साथ-साथ प्रत्येक बस के अंदर भीड़ का अनुमान लगाने के लिए किया गया था। साहित्य [13] उच्च-वोल्टेज

ट्रांसमिशन लाइन के लिए 'इन्टरनेट ऑफ थिंग्स (IOT)' संचार विधि के तीन स्तरित नेटवर्क निर्माण को प्रस्तुत करता है जिसमें वायरलेस स्व-संगठित संवेदक नेटवर्क (WSN), ऑप्टिकल फाइबर कम्पोजिट ओवरहेड ग्राउंड वायर (OPGW), जनरल पैकेट रेडियो सर्विस (GPRS) और बेइडौ (कॉम्पास) नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (CNSS) शामिल हैं। नेटवर्क के प्रत्येक स्तर, अनुप्रयोग परिनियोजन और ऊर्जा खपत के प्रबंधन के कार्य को अध्ययन किया जाता है। यह प्रणाली निगरानी केंद्र और टर्मिनलों के बीच एक दूसरे से जुड़ने की जरूरतों को पूरा करती है।

लेखक [6] एक माइक्रोकंट्रोलर आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग संदेश डिस्प्ले बोर्ड की डिज़ाइन को विकसित किया है। जिसका प्रयोग SMS के माध्यम से वास्तविक समय में संदेशों और सूचनाओं को प्रदर्शित करने के लिए किया जाएगा। यह माइक्रोकंट्रोलर आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग संदेश डिसप्ले बोर्ड उपयोगकर्ता को भौगोलिक स्थान का सहारा लिए बिना प्रदर्शित संदेश या जानकारी को नियंत्रित करने के लिए काम में लिया जाता है।

[7] में लेखकों ने 'वायरलेस इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड' का उपयोग करने वाले लोगों को संदेश एक दिलचस्प तरीके से देने की बजाय अभिनव रूप से दिया है जिसमें GSM तकनीक का उपयोग किया गया है। इससे हमे किसी भी संदेश को एक SMS द्वारा लगभग बिना किसी देरी के तुरंत पास करने में सहायता मिलेगी जो नोटिस बोर्ड पर संदेश चिपकाए जाने के पुराने पारंपरिक तरीके से बेहतर और अधिक विश्वसनीय है। यह प्रस्तावित तकनीकी कई सार्वजनिक स्थानों, मॉल या बड़ी इमारतों में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने और आपातकालीन स्थितियों के प्रति जागरूकता पैदा करने और कई खतरों से बचने के लिए उपयोग की जा सकती है।

लाभ:

- छात्र या कर्मचारी आसानी से किसी भी समय 24x7 संदेश द्वारा महत्वपूर्ण नोटिस या जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- एक सेकंड के भीतर संगठन केवल SMS भेजकर नोटिस या सूचना बदल सकता है।
- व्यवस्थापक किसी भी जगह या कहीं से भी प्रदर्शन संदेश या सूचना को बदल सकता है।

हानि :

- सुरक्षा और नेटवर्क समस्याएँ कभी-कभी हो सकती हैं।
- अगर कोई जानकारी जानना चाहता है तो उन्हें संदेश करना होगा और हर नई जानकारी के लिए उन्हें सिस्टम को बार-बार संदेश भेजना होगा।

III. अनुप्रयोग

- शहर में उपलब्ध पार्किंग क्षेत्र की निगरानी के लिए ।
- भवनों, पुलों और ऐतिहासिक स्मारकों में कंपन और भौतिक स्थितियों की निगरानी के लिए ।
